CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-06-2026 22:36 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 07 जनवरी 2026 > पौष 18, शक संवत 1947, माघ कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 06 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



सिद्धा ने बतौर CM देवराज का रेकॉर्ड किया बराबर ▸p10



किसके साथ काम करना चाहती है दीपिका ▸p8

खबरों के अंदर की बात


NBT Lens

देखें पेज 3

## अंतर्ज्ञान

हर रिश्ते, हर अवस्था, हर पहचान के पीछे एक समय आता है, जब सब छोड़ना पड़ता है। हम खोने से डरते हैं, क्योंकि हमने 'स्व' को चीजों में बांध लिया है। लेकिन खोना भी जीवन का हिस्सा है। जो खोने का साहस रखता है, वही पाने के योग्य बनता है। हर बिछड़न के बाद कोई नई पहचान जन्म लेती है। जब कुछ टूटता है, तो खाली जगह बनती है - वहीं से नया प्रकाश उतरता है। जीवन का सबसे बड़ा साहस यही है - मिलना, टूटना, और फिर से खिलना। खोना अंत नहीं, परिवर्तन की घोषणा है। जो व्यक्ति खोने से डरता नहीं, वह अनंत से जुड़ जाता है। कुछ खोने के बाद जो शांति आती है, वही आत्मा की परिपक्वता है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन



भाषा, पुणे : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के पुणे में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। कलमाड़ी रेल मंत्रालय में राज्यमंत्री रहे थे। उन्होंने भारतीय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दी थीं। ▸▸पेज 5, 9

## मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 31.4 | 21.3 |
| सांताक्रूज | 32.3 | 20.0 |
| सूर्यास्त बुधवार | 6:06 बजे | |
| सूर्योदय गुरुवार | 7:14 बजे | |

NBT नवभारत ... सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू कारोबारी की गला रेतकर हत्या

## 18 दिन में 6 हिंदुओं का हो चुका मर्डर

- दुकान बंद कर घर लौटते समय हुआ हमला
- सोमवार को एक और व्यापारी के सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी
- वहीं, हादी की हत्या में पुलिस चार्जशीट पेश की



मणि चक्रवर्ती | राणा प्रताप बैरागी

पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने सोमवार रात एक हिंदू किराना दुकानदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इससे कुछ ही घंटे पहले बांग्लादेश के जेसोर जिले में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू व्यापारी राणा प्रताप बैरागी को सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। वह एक न्यूजपेपर के कार्यवाहक संपादक भी थे। पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में दुकानदार मणि चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 11 बजे हमला हुआ। इस सप्ताह मारे गए वह तीसरे हिंदू कारोबारी हैं। 18 दिनों में बांग्लादेश में 6 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है।

पुलिस ने बताया कि मणि चक्रवर्ती दुकान बंद कर अपने घर लौट रहे थे, तो हमलावरों ने उन पर हमला किया, जिसमें मौके पर ही उनकी मौत हो गई। 19 दिसंबर को मणि ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा था, "हर जगह इतनी आग, इतनी हिंसा। मेरा जन्मस्थान मौत की घाटी बन गया है।" मणि के पड़ोसी ने उन्हें शांत, मानवीय और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बताया, और कहा कि उनका कोई दुश्मन नहीं था। पड़ोसी के अनुसार, उनकी हत्या का एकमात्र संभावित कारण यह था कि वह हिंदू थे। इधर, बांग्लादेशी व्यापारियों ने हिंदू व्यापारी की हत्या के मामले में न्याय की मांग करते हुए मानव श्रृंखला बनाई। चारसिंदूर बाजार के सौ से अधिक व्यापारियों ने इस जघन्य हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल पहचान कर गिरफ्तार करने की मांग की। ▸▸पेज 10

## राजनीतिक प्रतिशोध में हुई शरीफ उस्मान हादी की हत्या

बांग्लादेश पुलिस ने मंगलवार को कहा कि छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के कारण अवामी लीग के इशारे पर की गई थी। पुलिस ने हादी की हत्या में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया। ढाका पुलिस की खुफिया शाखा के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया कि हादी ने रैलियों और सोशल मीडिया पर अवामी लीग और छात्र लीग की कड़ी आलोचना की थी। उनके कमेंट से छात्र लीग और उससे जुड़े समूहों के नेता और कार्यकर्ता नाराज थे। छात्र लीग अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग का छात्र संगठन है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग और उससे जुड़े संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## बांग्लादेश, अमेरिका के मुद्दे पर ढुलमुल विदेश नीति से RSS नाखुश

NBT न्यूज, मथुरा: संघ परिवार बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार और अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर लगातार की जा रही बयानबाजी पर केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैये से नाखुश है। संघ प्रमुख मोहन भागवत की अध्यक्षता में वृंदावन में चल रही आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की त्रिदिवसीय बैठक में विचारकों ने बीजेपी नेतृत्व द्वारा संघ को लेकर दिखाई जा रही बेरुखी पर राय रखी है। सूत्रों की मानें, तो कोर ग्रुप द्वारा संघ प्रमुख के समक्ष बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व और केंद्र सरकार द्वारा कई बिंदुओं पर संघ की नीतियों की अनदेखी किए जाने पर चिंता और नाराजगी जताई गई है।

# वेनेजुएला में 30 दिन तक चुनाव नहीं होंगे, पहले देश को ठीक करेंगे: ट्रंप

आईएएनएस, वॉशिंगटन : अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका वेनेजुएला के साथ किसी युद्ध में नहीं है और वहां जल्द चुनाव कराने का कोई दबाव भी नहीं डालेगा। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अगले 30 दिनों में वेनेजुएला में चुनाव नहीं होंगे। वहां की जमीनी स्थिति ऐसी नहीं है कि चुनाव कराए जा सकें। हमें पहले देश को ठीक करना होगा। अगर लोग वोट ही नहीं दे सकते, तो आप चुनाव नहीं करा सकते। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद डेल्सी रोड्रिग्ज ने अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। ट्रंप ने कहा कि जल्द ही यह तय किया जाएगा कि रोड्रिग्ज पर लगे प्रतिबंध जारी रहेंगे या नहीं। जब उनसे पूछा गया कि आखिर वेनेजुएला का संचालन कौन कर रहा है, तो ट्रंप ने कहा- 'मैं।'





**विरोध में प्रदर्शन** न्यू यॉर्क के मैनहैटन फेडरल कोर्ट के बाहर लोगों ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति के खिलाफ प्रदर्शन किया।

**वेनेजुएला कार्रवाई पर अमेरिकी जनमत बंटा :** हालिया जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिकी जनता की राय साफ तौर पर बंटी हुई है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप के कई समर्थक इस सैन्य कदम का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन व्यापक स्तर पर अमेरिकी नागरिक सैन्य दखलअंदाजी के पक्ष में नहीं दिखते। AP-NORC सर्वे के अनुसार, अधिकांश अमेरिकी चाहते हैं कि सरकार का फोकस स्वास्थ्य सेवाओं, महंगाई और आर्थिक चुनौतियों जैसे घरेलू मुद्दों पर रहे।

## अंकिता को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## धोखाधड़ी के मामले में तेजवानी अरेस्ट

भाषा, पुणे: सीआईडी ने पुणे के मुंढवा भूमि सौदा मामले की आरोपी शीतल तेजवानी को पिंपरी-चिंचवड सिटिजन सेवा विकास सहकारी बैंक से लिए ऋण को न चुकाने और धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया है। उन पर सरकारी जमीन को 'अमाडिया एंटरप्राइजेस एलएलपी' को बेचने का आरोप है। इस कंपनी में पार्थ पवार सह-भागीदार हैं।

## 'दबाव में नामांकन वापसी साबित हुई, तो दोबारा चुनाव'

Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

मुंबई : मुंबई सहित 29 महानगरपालिकाओं का चुनाव हो रहा है, इस चुनाव को मिनी विधानसभा चुनाव भी कहा जाता है। इसे संपन्न कराने की चुनौती राज्य चुनाव आयोग के सामने है। मनपा के लिए नामांकन भरते समय उम्मीदवारों को धमकाने और अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से नामांकन रद्द करने और 69 निर्विरोध उम्मीदवारों के चुने जाने पर विवाद बढ़ गया है। इस पर राज्य चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा है कि यदि यह साबित हुआ कि दबाव में नामांकन वापसी हुई है या फॉर्म स्वीकार करने में कोई लापरवाही बरती गई है, तो उस प्रभाग में नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। चुनाव आयोग विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर मामले की भी जांच कर रहा है। बीएमसी कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है। दोषी साबित होने पर आदर्श आचार संहिता के तहत नार्वेकर के खिलाफ कार्रवाई होगी। हमारा मकसद निष्पक्ष चुनाव कराना है। ▸▸पेज 2



दिनेश वाघमारे, राज्य चुनाव आयुक्त

### नामांकन खारिज, 8 प्रत्याशी पहुंचे HC

NBT रिपोर्ट, मुंबई: नामांकन अस्वीकार किए जाने के खिलाफ 8 प्रत्याशियों ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के इशारे पर रिटर्निंग अधिकारी ने उनके नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किए हैं। वहीं, नार्वेकर ने आरोपों का खंडन किया है।


## यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे

पीटीआई, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में वोटर समीक्षा (SIR) के बाद मंगलवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें 2.89 करोड़ नाम कट गए हैं। इनमें 46.23 लाख मृत पाए गए, 2.17 करोड़ लोग SIR प्रक्रिया के दौरान नहीं मिले और 25.47 लाख डुप्लिकेट वोटर शामिल हैं।

## इंदौर की घटना ने भरोसा तोड़ा: HC



पीटीआई, इंदौर : इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी की सप्लाई से हुई मौतों से जुड़ी याचिकाओं पर मंगलवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार के जवाब को संवेदनहीन बताते हुए कहा कि इस घटना ने न सिर्फ जनता का भरोसा तोड़ा, बल्कि इंदौर की छवि को भी खराब किया है।







We are deeply humbled by the overwhelming response to the Abakkus Flexi Cap Fund NFO. Thank you for choosing us as your partner in your investment journey. In 2026, invest in your future: regular and SIP investments are now open.

Abakkus Flexi Cap Fund is an open ended equity scheme investing across large cap, mid cap & small cap stocks.

Visit www.abakkusmf.com or scan the QR code to learn more.

1800 267 1849


| Product Label | Scheme Risk-o-meter: | Benchmark Risk-o-meter: |
|---|---|---|
| This product is suitable for investors who are seeking* • Capital appreciation over the long term. • To generate capital appreciation by investing in equity and equity related instruments across large, mid & small cap stocks. |  Risk of the Scheme is at Very High Risk |  Benchmark Risk-o-meter is at Very High Risk |

*Investors should consult their financial advisers if in doubt about whether the product is suitable for them.

As per AMFI Tier I Benchmark- BSE 500 Index (TRI)

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-06-2026 22:34 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## जब मिला मॉडर्न फाउंटेन Pen का पेटेंट

आज ही के दिन 1890 में विलियम बी. पुरविस (William B. Purvis) ने US में आधुनिक फाउंटेन Pen के डिजाइन में क्रांतिकारी सुधार का पेटेंट हासिल किया था। इससे पहले कलम को बार-बार स्याही में डुबोना पड़ता था, लेकिन पुरविस के 'सेल्फ-फिलिंग' और किफायती मॉडल ने लेखन को सरल बना दिया। सदियों पुराने पंख और नरकट (एक तरह का पेड़) की कलमों के बाद, यह एक बड़ी उपलब्धि थी।

NBT


Front Page-2

नवभारत टाइम्स। मुंबई

बुधवार, 7 जनवरी 2026, पेज 10

## भविष्य में Pen खुद सुधारेंगे गलतियां

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में Pen बहुत ही स्मार्ट हो जाएंगे। ये सिर्फ लिखने के नहीं, सोच को रेकॉर्ड करने वाले टूल होंगे। Pen में AI होगा, जो गलतियां खुद ठीक करेगा। दूसरी भाषा में ट्रांसलेट भी कर सकेगा। स्याही की जगह नैनो-इंक या लेजर होगी, जो कभी खत्म नहीं होगी। हवा में लिखने पर भी शब्द स्क्रीन पर दिखेंगे। पढ़ाई, काम और साइन सब आसान होंगे। Pen काफी अडवांस होंगे, लेकिन डेटा चोरी और प्राइवेसी की चिंता भी रहेगी।



AI Images

SPEED News

### इंडोनेशिया के नॉर्थ सुलावेसी प्रांत में भारी



AFP

बारिश के कारण आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज बारिश से नदियों के तटबंध टूट गए।



File

### चीन ने जापान को ऐसे सामानों के एक्सपोर्ट


पर बैन लगा दिया जो सैन्य उद्देश्यों के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। दोनों देशों के बीच ताइवान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है।

### ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता



File

ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। बताया गया है कि 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थी।



File

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मुस्लिम पुरुषों

के एक ग्रुप ने एक चर्च पर हमला किया, उसे तहस-नहस कर दिया और बाइबल का अपमान किया।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप की धमकी के खिलाफ 7 यूरोपीय देश

## डेनमार्क ने चेताया, अमेरिकी कब्जा नाटो के अंत जैसा होगा

■ एपी, बर्लिन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे के प्रस्ताव पर यूरोपीय नेताओं ने मंगलवार को विरोध जताया। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम के नेताओं ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन (Mette Frederiksen) के साथ मिलकर कहा कि ग्रीनलैंड अपने लोगों का है और वहां के मामलों पर केवल डेनमार्क और ग्रीनलैंड का अधिकार है।

ग्रीनलैंड डेनमार्क का स्व-शासित क्षेत्र है और नाटो के सदस्य राष्ट्रों में शामिल है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को ग्रीनलैंड पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि चीन और रूस की बढ़ती गतिविधियों के बीच नाटो क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। व्हाइट हाउस के उप प्रमुख स्टीफन मिलर ने कहा कि राष्ट्रपति कई महीनों से स्पष्ट कर चुके हैं कि ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा ढांचे का हिस्सा होना चाहिए।

> मिलकर कहा, ग्रीनलैंड सिर्फ अपने लोगों का है

हालांकि, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन ने चेताया कि अमेरिकी कब्जा नाटो का अंत हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका किसी अन्य नाटो देश पर सैन्य हमला करता है, तो सब रुक जाता है, यानी हमारी सुरक्षा व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी है।

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस फ्रेडरिक नीलसन (Jens-Frederik Nielsen) और अन्य यूरोपीय नेताओं ने भी ट्रंप के प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कब्जा ग्रीनलैंड के लिए विनाशकारी परिणाम ला सकता है। ट्रंप ने यह भी सवाल उठाया कि डेनमार्क वास्तव में ग्रीनलैंड पर नियंत्रण कायम कर सकता है या नहीं।





AFP

वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता का मत बंटा। AP-NORC सर्वे के अनुसार, अधिकांश नागरिक चाहते हैं कि सरकार 2026 में घरेलू मुद्दों-स्वास्थ्य, महंगाई और अर्थव्यवस्था पर ध्यान दे।

ट्रंप को नोबेल देने की बात कही

## विपक्षी नेता मचाडो ने जल्द देश लौटने का किया वादा



File

■ एएफपी, वॉशिंगटन: वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो (Mara Corina Machado) ने सोमवार को कहा कि वह जितनी जल्दी संभव हो सके अपने देश लौटेंगी और उन्होंने निकोलस मादुरो के बाद बनी अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी डेल्सी रोड्रिगेज (Delcy Rodrguez) की वैधता को खारिज किया। मचाडो ने एक इंटरव्यू में कहा कि मैं वेनेजुएला जल्द लौटने की योजना बना रही हूं। वेनेजुएला के लोग रोड्रिगेज को स्वीकार नहीं करते और जनता विपक्ष के साथ है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में हम 90% से अधिक वोटों से जीतेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं। मचाडो ने यह भी वादा किया कि वह वेनेजुएला को अमेरिका का ऊर्जा हब बनाएंगी और देश में मौजूद सभी आपराधिक संरचनाओं को समाप्त करेंगी। इंटरव्यू में मचाडो ने अपने नोबेल पुरस्कार को ट्रंप को देने की पेशकश भी की।

## 'US को रोकने के लिए वैश्विक एकता जरूरी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सान एगुइलेरा (Juan Carlos Marsan Aguilera) ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की कड़ी निंदा की। इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि किसी संप्रभु देश के खिलाफ इस तरह की एकतरफा सैन्य कार्रवाई पूरी दुनिया के लिए खतरनाक संदेश है। कोई भी देश अकेले अमेरिका को ऐसे कदम उठाने से नहीं रोक सकता। भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होकर अमेरिका का सामना करने की अपील की।

> क्यूबा ने कहा, कोई देश अकेला US को नहीं रोक सकता

17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट में दावा

# सोशल मीडिया आलोचना बनी जानलेवा, हादी मर्डर में खुलासा

■ पीटीआई, ढाका/नई दिल्ली

**बांग्लादेश पुलिस** ने मंगलवार को पुष्टि की कि छात्र नेता शरिफ उस्मान हादी की हत्या 'राजनीतिक प्रतिशोध' में की गई थी। इस मामले में 17 लोगों के खिलाफ औपचारिक चार्जशीट दाखिल की गई है। पुलिस के अनुसार, हादी ने सार्वजनिक रैलियों और सोशल मीडिया पर अब बैन हो चुकी अवामी लीग और इसके छात्र संगठन की पिछली गतिविधियों की तीव्र आलोचना की थी।

ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (DMP) की डिटेक्टिव ब्रांच के एडिशनल कमिश्नर मोहम्मद शफीकुल इस्लाम ने कहा कि हादी के बेबाक बयानों ने छात्र लीग और उसके जुड़े समूहों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नाराज कर दिया। जांच में यह पाया गया कि हादी की हत्या राजनीतिक प्रतिशोध के चलते की गई।

> पुलिस का दावा- अवामी लीग, छात्र संगठन से जुड़े थे आरोपी

इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी जुलाई-अगस्त 2024 में हुए बड़े पैमाने के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान राष्ट्रीय पहचान बना चुके थे। ये प्रदर्शन हसीना नेतृत्व वाली सरकार के पतन का कारण बने थे। हादी को 12 दिसंबर को ढाका में चुनावी अभियान के दौरान सिर में गोली लगी। उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम मसूद का सीधा संबंध छात्र लीग से था। दूसरा आरोपी तैजुल इस्लाम चौधरी बप्पी, जिसने मसूद और अन्य मुख्य आरोपी आलमगीर शेख को हत्या के बाद फरार कराने में मदद की, वह पल्लबी थाना छात्र लीग का अध्यक्ष और अवामी लीग द्वारा नामांकित वार्ड पार्षद था। मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



File

सुरक्षा और हिंदुत्व पर उठाए सवाल

## हिंदुओं पर हिंसा के मुद्दे पर टीएमसी ने बीजेपी को घेरा

HemwatiRajaura1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और दीपू चंद्र दास और खोकोन दास की मौत के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस मुद्दे पर आक्रामक राजनीतिक रुख अपना लिया है। पार्टी इसे सिर्फ सीमावर्ती हिंसा का मामला मानने के बजाय केंद्र सरकार की विदेश नीति, बीजेपी के हिंदुत्व दावों और उसके नेताओं के बयानों से जोड़कर एक व्यापक राजनीतिक नैरेटिव गढ़ने में जुटी है।

> कहा, केंद्र की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आई

पार्टी का आरोप है कि बांग्लादेश में हिंसा के बावजूद केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस डिप्लोमैटिक पहल या सार्वजनिक दबाव नजर नहीं आया। टीएमसी सवाल उठा रही है कि सुवेंदु अधिकारी जैसे वरिष्ठ नेता बांग्लादेश की यूनुस सरकार की प्रशंसा कैसे कर सकते हैं और पार्टी नेतृत्व इस पर खामोश क्यों है। बीजेपी के अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के बयान को टीएमसी बंगाली पहचान और मतुआ समुदाय के मताधिकार पर संभावित खतरे के रूप में प्रचारित कर रही है।

## वर्क परमिट रद्द करने की मांग

■ पीटीआई, ढाका/नई दिल्ली: छात्र नेता हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर ढाका में उनकी पार्टी 'इंकलाब मंच' ने रैली की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में रह रहे भारतीयों के वर्क परमिट रद्द करने सहित कई मांगें उठाईं, जिससे भारत-बांग्लादेश संबंधों को लेकर भी तनाव की स्थिति बनी। मांगों में उन कथित हत्यारों की वापसी की मांग भी की है, जिनके बारे में पार्टी का दावा है कि उन्होंने भारत में शरण ली है।

## 'SC कैटिगरी का लाभ लेने के बाद जनरल में दावा मान्य नहीं'

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय वन सेवा (IFS) के अनारक्षित (जनरल) कैडर में अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के एक अभ्यर्थी की नियुक्ति पर विचार करने से इनकार कर दिया। क्योंकि, अभ्यर्थी ने प्रारंभिक परीक्षा के स्तर पर छूट का लाभ लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, एक बार जब किसी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी ने छूट ले ली, तो वह अनारक्षित रिक्तियों के लिए योग्य नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने केंद्र सरकार की उस अपील को स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी, जिसमें कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने केवल इस आधार पर प्रतिवादी (SC वर्ग) अभ्यर्थी को अनारक्षित श्रेणी में नियुक्ति की अनुमति दे दी थी कि उसने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी से अधिक अंतिम रैंक प्राप्त की थी।

**2013 की IFS परीक्षा का है मामला:** यह मामला 2013 की IFS परीक्षा के बाद आया था। प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए कट-ऑफ 267 अंक थी, जबकि SC अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ 233 अंक थी। SC वर्ग के प्रतिवादी ने 247.18 अंक प्राप्त कर रियायती कट-ऑफ के आधार पर पात्रता प्राप्त की। जनरल कैटिगरी के कैंडिडेट ने 270.68 अंक के साथ सामान्य कट-ऑफ पर परीक्षा पास की।

## तेजस्वी की अर्जी पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने IRCTC घोटाला मामले में आरोप तय किए जाने के आदेश के खिलाफ दायर RJD नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर मंगलवार को CBI से जवाब मांगा। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने तेजस्वी की याचिका और मुकदमे पर रोक के आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए CBI को नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई 14 जनवरी को तय की।



तेजस्वी यादव

# PM-गृहमंत्री के खिलाफ विवादित नारों पर JNU प्रशासन ने शुरू की जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: JNU में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित नारेबाजी मामले में प्रॉक्टोरियल जांच शुरू हो गई है। सिक्योरिटी ब्रांच से नारेबाजी से संबंधित विडियो मांगे गए हैं।

> पुलिस को पत्र, JNUSU प्रेजिडेंट, कुछ पदाधिकारियों समेत 9 स्टूडेंट के नाम

जेएनयू के रजिस्ट्रार प्रो. रविकेश का कहना है कि कुछ स्टूडेंट्स के आपत्तिजनक, उकसाने वाले और भड़काऊ नारे लगाने के मामले में सिक्योरिटी ब्रांच को पुलिस जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से पुलिस को लिखे पत्र और आधिकारिक बयान में कहीं यह नहीं कहा गया है कि नारे पीएम, गृहमंत्री या केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए गए। जेएनयू के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की ओर से वसंत कुंज नॉर्थ थाने के एसएचओ को पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि 5 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे साबरमती हॉस्टल के बाहर जेएनयूएसयू से जुड़े कुछ स्टूडेंट्स की ओर से 'ए नाइट ऑफ रेजिस्टेंस विद गुरिल्ला ढाबा' कार्यक्रम रखा गया था। पत्र में जेएनयूएसयू प्रेजिडेंट, कुछ पदाधिकारियों समेत 9 स्टूडेंट के नाम भी दिए गए हैं। बाद में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर आए न्यायिक फैसले के साथ कार्यक्रम का स्वर बदल गया और कुछ स्टूडेंट्स ने बहुत आपत्तिजनक, उकसाने वाले और भड़काऊ नारे लगाए। सुरक्षा ब्रांच ने इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना बताया।

### ABVP ने उठाए सवाल

ABVP ने कहा है कि JNU में वामपंथी गुटों के प्रदर्शन के दौरान फिर देशविरोधी मानसिकता सामने आई। सुप्रीम कोर्ट से उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज होने के बाद खुलेआम उग्र नारेबाजी की गई। प्रेजिडेंट अदिति बोलीं- व्यक्तिगत नहीं, वैचारिक थे नारे : जेएनयूएसयू यूनियन की प्रेजिडेंट अदिति मिश्रा ने कहा कि हर साल स्टूडेंट्स 5 जनवरी 2020 को कैंपस में हुई हिंसा की निंदा के लिए प्रदर्शन करते हैं।

# ईरान: भारतीय छात्रों की सुरक्षा पर पैरंट्स चिंतित

## विरोध प्रदर्शनों के कारण भारतीय छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित, एंबेसी अलर्ट

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। सर्वोच्च नेता खामेनेई की अगुआई वाली सरकार के खिलाफ कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। भारत सरकार ने इसके मद्देनजर ईरान के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और भारतीय नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी है। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीयों को भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखने को कहा गया है। देश में करीब 3,000 भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं, जिनमें से लगभग 2,000 जम्मू-कश्मीर से हैं। छात्रों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है। ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स असोसिएशन ने विदेश मंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा सुनिश्चित करने और आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने सक्रिय हेल्पलाइन और 24 घंटे खुले कम्युनिकेशन चैनल्स की भी मांग की है, ताकि छात्रों को हालात में किसी तरह की परेशानी न हो।

> ईरान के विदेश मंत्री इसी महीने भारत आएंगे



File

ईरान में खराब आर्थिक स्थिति के खिलाफ प्रदर्शन जारी है।

मदद मांगी

### पीएम को लिखा लेटर

**छात्रों के** मुद्दे को उठाते हुए जम्मू एंड कश्मीर स्टूडेंट्स असोसिएशन (JAKSA) ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि ईरान में रह रहे भारतीय छात्र स्थानीय होटलों, यूनिवर्सिटी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और अन्य जरूरी सेवाओं पर निर्भर हैं, जो मौजूदा प्रदर्शनों के चलते प्रभावित हो सकती हैं। संगठन ने अपील की है कि हालात बिगड़ने की स्थिति में छात्रों के लिए एक स्पष्ट निकासी प्लान तैयार रखा जाए।

### कई जगह ऑनलाइन

**ईरान** में कई जगह पढ़ाई फिलहाल ऑनलाइन चल रही है। फैजान बताते हैं कि प्रदर्शनों के चलते अस्थिरता जरूर है और बाजार अक्सर बंद रहते हैं, लेकिन हालात नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। भारतीय दूतावास विश्वविद्यालयों के साथ लगातार संपर्क में है और फिलहाल छात्र सुरक्षित हैं। फैजान का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं है और उम्मीद है कि प्रदर्शन थमने के बाद कक्षाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू हो जाएंगी।

1200 हिरासत में

### विरोध प्रदर्शन हिंसक, अब तक 35 मौतें

■ एपी, दुबई: ईरान में खराब आर्थिक स्थिति और राजनीतिक दमन के खिलाफ एक हफ्ते से अधिक समय से जारी विरोध-प्रदर्शनों में अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1,200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। यह जानकारी एक मानवाधिकार संगठन ने मंगलवार को दी। अमेरिका की 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, ईरान के 31 में से 27 प्रांतों में 250 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान सरकार ने भी प्रांत ईलम में हिंसा की घटनाओं को स्वीकार किया है।

## गैर-हिंदुओं के लिए हरिद्वार के घाटों पर बैन की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, हरिद्वार: उत्तराखंड सरकार हरिद्वार और ऋषिकेश को पवित्र नगरी का दर्जा दिए जाने की कवायद में लगी हुई है। सरकार 2027 के अर्धकुंभ को देखते हुए हरिद्वार में हर की पैड़ी सहित 105 घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। अगर ऐसा हो गया तो देश में पहली बार होगा जब किसी गंगा तीर्थ नगरी में घाट स्तर पर एकसमान धार्मिक बायलॉज (Bylaws) लागू होंगे।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है। कुंभ मेला प्राधिकरण की ओर से हाल ही में किए गए सर्वे में सामने आया कि हरिद्वार में कुल 105 गंगा घाट हैं। इसके बाद से लगातार यह मांग उठ रही है कि सभी घाटों पर एक समान धार्मिक नियम लागू हों। हरिद्वार-ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र में यह पाबंदी लागू हुई तो हरिद्वार से ऋषिकेश तक लगभग 45-50 किलोमीटर गंगा नदी के किनारे यह पाबंदी रहेगी। वहीं गंगा नदी किनारे नगर निगम क्षेत्र और प्रमुख तीर्थ स्थलों, मठ, आश्रम, धर्मशाला और अखाड़े भी इस प्रतिबंध के दायरे में आएंगे। लगभग 120-150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और मेला आयोजन स्थल पर यह प्रतिबंध लागू होगा।

काशी रोप-वे के वायरल विडियो पर कंपनी ने साफ की स्थिति

# 'झूलती कार ट्रायल का हिस्सा'

■ NBT न्यूज, वाराणसी

**सोशल मीडिया** पर काशी की महत्वाकांक्षी रोप-वे परियोजना से संबंधित वायरल विडियो ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। विडियो में एक गंडोला (केबल कार) हवा में तेजी से झूलता दिख रहा है। सुरक्षा को लेकर सवाल उठे तो रोप-वे का निर्माण कराने वाली कंपनी नैशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लि. (NHLML) ने मंगलवार को बयान जारी स्थिति साफ की।

कंपनी के पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि विडियो को लेकर जो बातें कहीं जा रही हैं, वे पूरी तरह से निराधार हैं। विडियो के दृश्य को गलत संदर्भ में प्रस्तुत कर भ्रम फैलाया जा रहा है।

पीआरओ के मुताबिक, वाराणसी रोप-वे प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों, विशेष रूप से यूरोपीय सुरक्षा कोड के अनुसार डिजाइन किया गया है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत ट्रायल जारी है। इन दिनों तेज हवा के दबाव की स्थिति, आपातकालीन ब्रेकिंग, सेंसर की सक्रियता और अन्य संभावित परिस्थितियों में सुरक्षित संचालन की जांच की जा रही है।



हवा में गंडोला को तेजी से झूलता देख सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल।

विडियो में दिखने वाली गतिविधि किसी भी संरचनात्मक, यांत्रिक या संचालन संबंधी कमी नहीं, बल्कि सेफ्टी, सिक्योरिटी और टेस्टिंग का हिस्सा है। 30 से 40 किमी प्रति घंटे हवा की रफ्तार पर भी रोप-वे का संचालन सुरक्षित रहेगा। सभी खंभों पर सेंसर अलार्मिंग सिस्टम लगे हैं, जो तूफान जैसी स्थिति से पहले ही कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे।

### पांच स्टेशनों में से तीन हो चुके हैं तैयार

800 करोड़ के इस प्रॉजेक्ट 5 में से 3 स्टेशन तैयार हो चुके हैं। पहले चरण में कैंट रेलवे स्टेशन से रथयात्रा स्टेशन के बीच सेफ्टी और लोड टेस्ट ट्रायल चल रहा है। रोप-वे का दूसरा चरण मई 2026 तक पूरा होने पर कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक का 7 किलोमीटर से ज्यादा का सफर केबल कार से महज 17 मिनट में पूरा होगा।

## सिद्धा ने CM पद पर रहने के उर्स के रेकॉर्ड की बराबरी की





■ भाषा, बेंगलुरु: कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सबसे लंबे समय तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर रहने के देवराज उर्स के रेकॉर्ड की मंगलवार को बराबरी की। सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के जरिये 6 जनवरी को इस पद पर 2,792 दिन पूरे किए, जो उर्स के रेकॉर्ड के बराबर है। वे 7 जनवरी को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर सबसे लंबे समय तक सेवाएं देने वाले व्यक्ति बन जाएंगे। वहीं, सिद्धा ने 5 साल का कार्यकाल पूरा करने का भरोसा जताया है। साथ ही कहा कि इस संबंध में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान पर निर्भर करेगा। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस उपलब्धि के लिए सिद्धारमैया को बधाई दी।

# अमेरिकी लॉबी फर्म ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर और ट्रेड पर की भारत की मदद

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : अमेरिका की लॉबिंग फर्म SHW Partners LLC ने FARA के तहत रिकॉर्ड में बताया कि उसने भारतीय एंबेसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच कूटनीतिक संपर्क की सुविधा प्रदान की। अप्रैल से दिसंबर 2025 तक फर्म ने कई ईमेल, फोनकॉल और मुलाकातें आयोजित कीं। बीते साल 24 अप्रैल को भारत सरकार ने इस फर्म के साथ करार किया था। रिकॉर्ड के मुताबिक, 10 मई को भारत-पाक संघर्षविराम के दिन एंबेसी ने व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ, नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल और व्यापार प्रतिनिधि से संपर्क किया। फर्म ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए भी मीटिंग्स आयोजित करने की कोशिश की। विषयों में ऑपरेशन सिंदूर और मीडिया कवरेज पर चर्चा शामिल थी।



File

### EU ट्रेड डील के लिए ब्रसेल्स जाएंगे गोयल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से जुड़ी बातचीत के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल गुरुवार से दो दिनों की यात्रा पर ब्रसेल्स जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। FTA पर दोनों पक्षों में पिछले साल दिसंबर में हुई बातचीत को मिलाकर वार्ता के 14 दौर हो चुके हैं। हालांकि EU के कार्बन टैक्स सहित कुछ नियमों को लेकर पेच फंसा हुआ है। मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा में गोयल व्यापार और आर्थिक सुरक्षा पर EU के ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविच से बातचीत करेंगे।



**125** नंबर प्रभाग में (घाटकोपर पूर्व) 21 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।

## जनता की मांग

### बिल्डर की गलती का खामियाजा हम भुगत रहे

मैं प्रभाग 175 का निवासी हूं। यहां पानी-लाइट की समस्या आम बात हो गई है। SRA परियोजना में घर होना अभिशाप है। बिल्डर की गलती का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है। पानी तो आज भी किराये पर ले रहे हैं। जितने भी लोग अब तक यहां से जीतकर आए, वह बेसिक जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा पूरा प्रभाग मानो कचरे का डंपिंग ग्राउंड बन चुका है। इसके साथ ही एक भी सड़क जिससे प्रभाग में आया-जाया जा सके, सही नहीं है। कोई भी चुनाव जीतकर आए सबका हाल वही होता है, काम होने के बाद सब भूल जाते हैं।

- राजेश चौधरी

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर **9967397376** पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

# चाहे कोई हो, दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई: वाघमारे

## चुनाव आयोग ने कहा, हम शिकायतों की जांच कर रहे



Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ **मुंबई: राज्य की 29 मनपाओं के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। ऐसे में लगातार आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। इसे रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राज्य चुनाव आयोग लगातार संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा कर रहा है। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। मतदान बढ़ाने और प्रचार सुचारू रूप से हो, इसको लेकर चुनाव आयोग काम कर रहा है। हमारी प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने की है। वाघमारे ने NBT से बातचीत में कुछ चीजें स्पष्ट कीं:**

**Q निर्विरोध चुने उम्मीदवारों के मामले में आयोग क्या कदम उठा रहा है?**
राज्य में लगभग 69 नगरसेवक निर्विरोध हैं, इनके चुनाव परिणाम की घोषणा पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में हमने चुनाव अधिकारियों को रिपोर्ट देने को कहा है। हमें जो शिकायत मिली है, उसमें हम जांच कर रहे हैं कि कहीं दूसरे कैंडिडेट को धमकाया तो नहीं गया, पैसे देकर बैठाया गया या मसल पावर का इस्तेमाल किया गया। यदि जांच में यह साबित हुआ कि गलत तरीके से कैंडिडेट निर्विरोध चुना गया है, तो वहां दोबारा चुनाव कराए जाएंगे।

**Q कोलाबा में उम्मीदवार को धमकाने का आरोप विधानसभा अध्यक्ष पर लगा है, आयोग क्या कदम उठा रहा है?**
चुनाव आयोग को इस मामले में शिकायत मिली है। बीएमसी कमिश्नर ने जांच रिपोर्ट भी सौंप दी है। हमारी टीम विडियो की जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई की जाएगी।

**Q क्या चुनाव आयोग राहुल नार्वेकर के खिलाफ कार्रवाई करेगा?**
हम कैंडिडेट को धमकी देने और चुनाव अधिकारी के व्यवहार की जांच कर रहे हैं। राहुल नार्वेकर के विडियो की जांच जा रही है। बीएमसी कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है। दोष साबित हुआ, तो मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनके खिलाफ चुनाव आयोग कार्रवाई करेगा।

**Q यदि उम्मीदवार से ज्यादा नोटा में वोट पड़ा, तो आयोग क्या करेगा?**
अभी तक ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है। ऐसा होने की आशंका कम है।

**Q निर्विरोध जीते उम्मीदवारों का रिजल्ट कब घोषित होगा?**
फिलहाल निर्विरोध उम्मीदवारों का रिजल्ट रोक दिया गया है। इस पर संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। यदि जांच रिपोर्ट में कुछ नहीं पाया गया, तो 16 जनवरी को सभी का रिजल्ट घोषित करेंगे।

**Q आचार संहिता का उल्लंघन रोकने के लिए चुनाव आयोग क्या कदम उठा रहा है?**
चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। हर मनपा में इसके लिए टीम गठित की गई है। अब तक करीब 40 करोड़ रुपये पकड़े गए हैं, अवैध शराब और हथियार भी जब्त किए हैं।

**Q निर्दलीय उम्मीदवारों को प्रचार करने में दिक्कत आती है, उन्हें चुनाव आयोग कैसे संरक्षण देगा?**
इस संबंध में मनपा आयुक्त, पुलिस कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। हमें स्पष्ट निर्देश दिया है कि निर्दलीय उम्मीदवारों को पूरा संरक्षण दिया जाए। जिससे वह बिना भय के चुनाव प्रचार कर सकें। हम लगातार रिव्यू कर रहे हैं।

**Q जिला परिषद के चुनाव कब होने की संभावना है?**
अभी हमारा ध्यान पूरा मनपा चुनाव पर है, क्योंकि पूरी मशीनरी इस चुनाव में लगी है। इसके बाद हम जल्द ही जिला परिषद चुनाव की घोषणा करेंगे। यदि 31 जनवरी तक चुनाव नहीं हो पाया, तो थोड़ा आगे बढ़ाने के लिए हम सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करेंगे।

# 2017 में संपत्ति थी 1 करोड़, 2025 में हो गई ₹59 करोड़

## ठाणे: करोड़पति उम्मीदवारों में BJP-शिंदे सेना के अधिक

■ **NBT न्यूज, ठाणे:** ठाणे मनपा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे उम्मीदवारों में करोड़पतियों की संख्या अधिक है। इनमें सबसे अधिक संख्या शिंदे सेना और BJP के उम्मीदवार हैं। पिछले 8-9 सालों में उनकी संपत्ति में 5 से 10 गुना या उससे भी अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इन उम्मीदवारों की चल-अचल संपत्ति के आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

एकनाथ शिंदे के विधानसभा क्षेत्र में किसननगर इलाके के उम्मीदवार योगेश जानकर ने 2017 के चुनावी हलफनामे में अपनी कुल संपत्ति करीब 1 करोड़ 8 लाख रुपये बताई थी। इस बार यह बढ़कर करीब 59 करोड़ 71 लाख रुपये हो गई है। पूर्व मेयर और शिंदे सेना की उम्मीदवार मीनाक्षी शिंदे की चल-अचल कुल संपत्ति पिछली बार करीब 43 लाख रुपये थी और अब बढ़कर 5 करोड़ 15 लाख रुपये हो गई है। शिंदे के भाई और पूर्व नगरसेवक प्रकाश शिंदे की संपत्ति करीब 20 गुना बढ़ गई है। उनकी कुल संपत्ति पिछली बार 2 करोड़ 16 लाख रुपये थी, जो कि अब 21 करोड़ 53 लाख हो गई है।

### नंदिनी विचारे की संपत्ति 5 करोड़ से 41 करोड़ रुपये हुई



NCP (SP) से शिंदे सेना में आए हणमंत जगदाले की संपत्ति 46 करोड़ 39 लाख से बढ़कर 63 करोड़ 44 लाख हो गई है। राजेंद्र फाटक पहली बार चुनाव मैदान में हैं और उनकी संपत्ति 5 करोड़ 38 लाख है। पूर्व नगरसेविका उषा भोईर की संपत्ति 12 करोड़ 19 लाख से बढ़कर 29 करोड़ 53 लाख तथा संजय भोईर की 12 करोड़ 19 लाख से बढ़कर 29 करोड़ 53 लाख हुई है। सपना भोईर पहली बार मैदान में है। उनकी संपत्ति 14 करोड़ 68 लाख है। पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवलेकर की संपत्ति 1 लाख 25,700 से बढ़कर 1 करोड़ 73 लाख हो गई है। अन्य उम्मीदवारों में NCP (AP) के राबोडी से उम्मीदवार पूर्व नगरसेवक नजीब मुल्ला की संपत्ति 85 करोड़ 79 लाख रुपये है। विगत विधानसभा चुनाव में यह 78 करोड़ 88 लाख रुपये थी। उद्धव सेना के नेता और पूर्व सांसद राजन विचारे की पत्नी नंदिनी विचारे की 2017 में कुल संपत्ति 5 करोड़ 87 लाख रुपये थी, जो कि अब 41 करोड़ 87 लाख रुपये हो गई है।

### परिषा की संपत्ति 38 करोड़ से हो गई 381 करोड़

**एकनाथ शिंदे के** करीबी और पूर्व नगरसेवक राम रेपाले की कुल संपत्ति 1 करोड़ 84 लाख से बढ़कर 7 करोड़ 97 लाख, विकास रेपाले की 1 करोड़ 20 लाख से बढ़कर 5 करोड़ 63 लाख, NCP (SP) से शिंदे सेना में आए पूर्व नगरसेवक अमित सरैया की संपत्ति 4 करोड़ 7 लाख से बढ़कर 26 करोड़ 22 लाख, पूर्व नगरसेविका कांचन चिंदारकर की संपत्ति 3 करोड़ 53 लाख से बढ़कर 7 करोड़ 16 लाख हुई है। पूर्व नगरसेवक संजय पांडेय का बेटा सिद्धार्थ पांडेय शिंदे सेना का उम्मीदवार है। उनकी संपत्ति 9 करोड़ 49 लाख 50,322 है। ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाईक की पत्नी परिषा सरनाईक फिर से चुनावी मैदान में हैं। परिषा की कुल संपत्ति पहले 38 करोड़ 73 लाख थी, जो कि बढ़कर 381 करोड़ 88 लाख हो गई है।

## सुना है कि...

### कहीं पर नजर, कहीं पर निशाना

**मीरा-भाईंदर** मनपा में एक नेताजी चुनावी जीत का नजारा देख रहे हैं। गठबंधन न होने के बाद नेताजी कार्यकर्ताओं की फौज के साथ प्रचार कर रहे हैं। लेकिन खास लोग इस सक्रियता के पीछे सत्ता नहीं, सत्ता की चाबी पाने का लक्ष्य बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेताजी चाहते हैं कि उनकी पार्टी के बिना मेयर न बन सके, जिससे सत्ता की हिस्सेदारी में पूरा वजन बना रहे। अन्यथा विपक्ष में बैठने पर कार्यकर्ताओं को टिकाए रखने की चुनौती भी होगी।

- धूमकेतु

## आया राम, गया राम

### मनसे नेता संतोष धुरी BJP में हुए शामिल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संतोष धुरी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने धुरी का स्वागत किया। इस मौके पर धुरी ने कहा कि मनसे अपने ही वफादारों की अनदेखी कर रही है और मुंबई मनपा चुनाव के लिए सीट बंटवारे में उद्धव सेना को अपने वॉर्ड सौंप दिए गए हैं।



बता दें कि धुरी माहिम में प्रभाग 194 से मनसे के टिकट के मजबूत दावेदार थे, लेकिन यह सीट उद्धव सेना को दे दी गई। धुरी ने कहा कि मनसे को सिर्फ वे सीट दी गई हैं, जहां उद्धव सेना के लिए जीत पाना मुश्किल होता।

### भिवंडी में आंतरिक कलह से जूझ रही है समाजवादी पार्टी



■ **विजय कुमार सिंह, भिवंडी:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी और भिवंडी पूर्व के सपा विधायक रईस शेख के बीच विवाद मनपा चुनाव से पहले एक बार फिर गहरा गया है। टिकट वितरण को लेकर उपजे मतभेद के कारण शहर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में दो गुट हो गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए शेख राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिख चुके हैं। वहीं, भिवंडी सपा के पदाधिकारियों ने शेख के ऊपर पार्टी तोड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी और रईस शेख के बीच विवाद चरम पर
यादव ने कहा है कि 9 जनवरी को अखिलेश यादव मुंबई और भिवंडी आने वाले हैं। उसी दिन वह कोई निर्णय ले सकते हैं।

शेख के भाई सलीम शेख को मुंबई मनपा चुनाव में पार्टी ने टिकट देने से मना कर दिया। यहीं से दोनों नेताओं के बीच विवाद शुरू हुआ। शेख ने पत्र में लिखा है कि सलीम शेख के चुनाव से पीछे हटने के बावजूद आजमी समर्थकों द्वारा उनका व्यक्तिगत चरित्र हनन किया जा रहा है। शेख ने पत्र में कहा है कि उम्मीदवारों का चयन लोकतांत्रिक तरीके से करने के बजाय ऐसे किया गया जैसे पार्टी कोई निजी संपत्ति हो।

# 'BMC अस्पतालों का निजीकरण रोकेंगे'

## कांग्रेस का संयुक्त घोषणा पत्र 'मिशन मुंबई' जारी, 6000 नई बसें चलाएंगे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव में मुंबई के विकास के लिए कांग्रेस, वंचित बहुजन आघाडी, राष्ट्रीय समाज पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) ने मंगलवार को संयुक्त घोषणा पत्र 'मिशन मुंबई' जारी किया। इस घोषणा पत्र में मुंबई के बड़े पैमाने पर विकास, पारदर्शिता, जिम्मेदारी का मुंबईकरों से वादा किया गया है। कांग्रेस ने मुंबईकरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई ऐलान किए हैं। इसमें फ्री हेल्थ कार्ड और बीएमसी अस्पतालों के निजीकरण पर रोक सहित पर्यावरण पूरक मुंबई की संकल्पना की गई है।



चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि बीएमसी में 3 साल 9 महीने से प्रशासक का राज है, जिसके जरिए बीजेपी नीत महायुति सरकार ने मुंबईकरों का पैसा लूटा है। सत्ताधारी दल ने इन चुनावों को होने से रोकने की कोशिश की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर पर चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस और सहयोगी पार्टियों ने इस चुनावी घोषणा पत्र में मुंबई के बंद स्कूल खोलने, स्कूलों में सुविधाएं देने, बेस्ट में 6,000 नई बसें लाने, फ्री हेल्थ कार्ड, साफ पानी की सप्लाई, पर्यावरण को लेकर अपना रुख साफ किया। मुंबई कांग्रेस इससे पहले भी मुंबई के लिए बेस्ट मैनिफेस्टो और पर्यावरण मैनिफेस्टो जारी कर चुकी है। गायकवाड़ ने दावा किया कि उन्होंने इस घोषणा पत्र के जरिए उन्होंने मुंबईकरों की आवाज उठाने की कोशिश की है।

### नायगांव की इस सीट पर BJP-BVA के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई



■ **NBT न्यूज, वसई:** बहुजन विकास आघाडी व महायुति के बीच इस बार वसई-विरार में कड़ी टक्कर मानी जा रही है। नायगांव वॉर्ड क्रमांक 27 से दो बार नगरसेवक व सभापति रहे कन्हैया भोईर व सुनील आचोलकर को हराने के लिए बीजेपी ने बविआ पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां लगभग 38 हजार मतदाता हैं, जिसमें लगभग 14 हजार मतदाता उत्तरभारतीय हैं। हालांकि, दोनों पार्टियों ने यहां से उत्तरभारतीय उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। हालांकि, दोनों पूर्व नगरसेवक कन्हैया भोईर व सुनील आचोलकर की उत्तरभारतीय मतदाताओं में अच्छी पकड़ है। इस सीट से बविआ ने सुनील आचोलकर, कन्हैया भोईर के साथ ज्योत्सना भगली व दीपा पाटील को उतारा है, तो वहीं बीजेपी ने धर्मेंद्र कुलकर्णी, हर्षदा प्रवीण गावडे, राजू म्हात्रे व दमयंती भोईर को उतारा है।

### ट्रिपल इंजन की सरकार से होगा फायदा: लोढ़ा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव में महायुति के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार करते हुए मालाबार हिल के विधायक व कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि हम आम आदमी के विकास, उसके रहन सहन में सकारात्मक बदलाव को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। जो विकास कार्य उद्धव ठाकरे 25 साल तक बीएमसी में राज करते हुए नहीं कर पाए, वह काम प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में हम लोग करेंगे। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए दावा लोढ़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार और मनपा में भी बीजेपी की सत्ता आने से विकास के काम को ट्रिपल इंजन की गति मिलेगी।



## इलेक्शन ब्रीफ

### ठाणे में शिवसेना और BJP ने जारी किया घोषणा पत्र



■ **NBT न्यूज, ठाणे:** राज्यसभा सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे ने विश्वास जताया है कि ठाणे मनपा चुनाव में शिंदे सेना-BJP गठबंधन 100 सीटों पर विजयी होगा। गठबंधन ने मंगलवार को अपना 54 सूत्री वाला 'ठाणे चुनावी नामा' जारी किया है। इसमें शहर में मिनी क्लस्टर स्कीम लागू करने के साथ-साथ ठाणेकरों के लिए 24 घंटे पानी की सप्लाई, नए हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के लिए पानी की रीसाइक्लिंग कर उसके दोबारा उपयोग की पॉलिसी का ऐलान किया है। ठाणे को में CSR के जरिए झीलों की सुंदरता और टूरिज्म सुविधाओं को डेवलप करने का वादा किया गया है।

### CM बोले, उनको मिर्ची लगी, तो मैं क्या करूं?

**NBT रिपोर्ट, मुंबई:** चुनाव में 69 नगरसेवकों के निर्विरोध चुने जाने की विपक्ष ने आलोचना की है। चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है, वहीं कोर्ट से भी गुहार लगाई है। इसका मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि पहली बार उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। हमारे लोग निर्विरोध चुने गए हैं, तो उनको मिर्ची लग रही है, इसमें मैं क्या करूं?

### उल्हासनगर में आज CM फडणवीस की सभा

■ **NBT न्यूज, उल्हासनगर:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बुधवार को उल्हासनगर के डॉल्फिन ग्राउंड पर एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



उल्हासनगर में शिंदे सेना और बीजेपी की युति नहीं हुई है। बीजेपी सभी 78 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिंदे सेना और बीजेपी उल्हासनगर में आमने-सामने है। उल्हासनगर बीजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया का कहना है कि करीब 10 हजार लोग मुख्यमंत्री की सभा में आएंगे। मुख्यमंत्री का उल्हासनगर पर विशेष स्नेह है। उल्हासनगर की सभा के बाद मुख्यमंत्री कल्याण पूर्व में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।

### चुनाव में भ्रष्टाचार का पैसा बांटा जा रहा है: गणेश नाईक


■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** नवी मुंबई मनपा चुनाव प्रचार के बीच राजनीतिक माहौल गरमा गया है। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक ने आरोप लगाया है कि चुनाव प्रभावित करने के लिए भ्रष्टाचार का पैसा बांटा जा रहा है, लेकिन जागरूक जनता ऐसे हथकंडों में आने वाली नहीं है। जो लोग गलत तरीके से पैसा बांटते हैं, वे कभी सामने आकर राजनीति नहीं कर सकते, क्योंकि चोरी और भ्रष्टाचार करने वालों की नजर हमेशा झुकी रहती है। नाईक ने कहा कि कुछ लोग जनता का विश्वास खरीदने की कोशिश में हैं।

### कामोठे चेक नाका: 17 लाख रुपये की नकदी बरामद


■ **NBT रिपोर्ट, पनवेल:** पनवेल मनपा चुनाव के बीच कामोठे चेकनाका पर बड़ी मात्रा में नकदी पकड़े जाने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान नियमित वाहन जांच में एक कार से 17 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इतनी बड़ी राशि का चुनावी समय में मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। सायन-पनवेल हाईवे से गुजर रही एक सफेद रंग की ग्रैंड विटारा कार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान कार में रखे कपड़े के बैग से 17 लाख रुपये नकद मिले। मौके पर मौजूद अधिकारियों को यह राशि संदिग्ध लगी, जिसके बाद पूरी रकम जब्त कर ली गई।

## हॉट सीट | किसमें कितना है दम | इन सीटों पर मुश्किल है किसी एक उम्मीदवार की जीत का दावा

### कालबादेवी में दो राजस्थानियों के बीच चुनावी मुकाबला



आकाश पुरोहित



पृथ्वी जैन

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ **मुंबई:** मुंबादेवी विधानसभा क्षेत्र के बीएमसी प्रभाग 221 में इस बार बेहद दिलचस्प और सियासी मुकाबला देखने को मिलेगा। यहां दो राजस्थान मूल के नेताओं के बीच सीधी भिड़ंत है, जिसमें एक बीजेपी के टिकट पर तो दूसरा कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर मैदान में है। दोनों ही उम्मीदवारों का दावा है कि समाज के सभी वर्गों का समर्थन उन्हें मिल रहा है।

**प्रभाग 221** के मुकाबले में बड़ा चुनावी रोमांच, सपा और आप भी आजमा रहे हाथ

बीजेपी ने इस सीट से अपने पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पृथ्वी जैन को मैदान में उतारकर कड़ी टक्कर दी है। मुकाबले को और रोचक बनाने के लिए उद्धव गुट, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और एक निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनावी रण में हैं। उद्धव सेना से अभिजीत गुरव, आप से जुनैद खान, सपा से गुलाब नबी मंसूरी और निर्दलीय विजय पंड्या अपनी-अपनी ताकत झोंक रहे हैं।

**उम्मीदवारों के अपने-अपने दावे**

**आकाश पुरोहित** का दावा है कि उनके पिछले कार्यकाल में सभी समाजों के हितों का ध्यान रखा गया। व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उन्होंने विशेष प्रयास किए। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार पृथ्वी जैन का कहना है कि उन्हें व्यापारियों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। उनका फोकस स्थानीय समस्याओं और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर है।

### NCP(SP) के खिलाफ MNS ने उतार दिया अपना उम्मीदवार



आरती राजेश



अर्चना कासले

Neeraj.Tiwari@Timesofindia.Com

■ **मुंबई:** कोलीवाड़ा के प्रभाग 175 पर BMC का चुनाव कड़े रोमांच में बदल गया है। यहां अलायंस पार्टियां आपस में ही लड़ने को तैयार हैं। MNS ने शरद पवार की NCP के खिलाफ और अजित पवार की NCP ने शिंदे सेना के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारा है। यह सभी पार्टियां कहीं न कहीं एक-दूसरे के साथ अलायंस में हैं। उद्धव सेना, MNS और NCP (SP) BMC चुनाव युति में लड़ रही हैं।

**प्रभाग 175** अलायंस कैंडिडेट के बीच ही होगा मुकाबला, 7 पार्टियों में मुकाबला

प्रभाग 175 में कुल 12 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से 7 बड़ी पार्टियों से हैं। इनमें अर्चना कासले (MNS), आरती राजेश (NCP-SP), वासंती देवेंद्र (NCP-AP), ललिता यादव (कांग्रेस), मानसी सातमकर (शिंदे सेना), राजलक्ष्मी पनिरसेलवम (AAP) और रेणुका साठे (RPI) शामिल हैं। इसके अलावा 5 कैंडिडेट निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। यहां 39957 रजिस्टर्ड वोटर हैं।

**उम्मीदवारों का कहना है...**

**कांग्रेस उम्मीदवार** ललिता यादव का कहना है कि यहां गंदगी की समस्या मैं दूर करूंगी। NCP (SP) की आरती राजेश ने कहा कि मेरा पहला काम यहां के लोगों की सेहत पर होगा। SRA परियोजना में भ्रष्टाचार खत्म करेंगे। शिंदे सेना की मानसी सातमकर का कहना है कि मेरा काम सिर्फ सेवा करना है। महिलाओं के लिए खास प्लानिंग की जाएगी।

### उत्तर भारतीयों के गढ़ में बविआ-समाजवादी पार्टी में कांटे की टक्कर



गोपाल कोल्हे



सचिन देसाई

■ **सुरेंद्र नेगी, नालासोपारा:** उत्तरभारतीयों का गढ़ माने जाने वाला नालासोपारा के संतोष भुवन स्थित प्रभाग 8 में बहुजन विकास आघाडी व समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार में कांटे की टक्कर मानी जा रही है। इस सीट से शिंदे सेना के नेता गोपाल कोल्हे उम्मीदवार के लिए प्रमुख दावेदार थे। लेकिन सीट बंटवारे के बाद टिकट नहीं मिला तो उन्होंने बगावत कर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने का फैसला लिया। वह अब सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने बविआ से एक बार नगरसेवक रह चुके सचिन देसाई हैं।

**नालासोपारा** के प्रभाग 8 में 49 हजार में से 40 हजार वोटर उत्तरभारतीय

इस वॉर्ड में कुल 49 हजार मतदाता हैं, जिसमें 40 हजार उत्तरभारतीय हैं। वसई-विरार का यह सबसे बड़ा स्लम इलाका है। 2009 से इस पूरे वॉर्ड वलई पाड़ा, बिलाल पाड़ा, पांडे नगर, गरेल पाड़ा, श्रीराम नगर, धानिवबाग, जाधव पाड़ा, गांवदेवी, आकनवाड़ा आदि क्षेत्र में बविआ की सत्ता रही है, लेकिन इन 15 सालों में यहां कोई विकास नहीं हुआ है।

**उत्तर भारतीय मतदाता निर्णायक**

**यहां रह रहे** लाखों लोगों का कहना है कि चुनाव में हर बार हमें बड़े बड़े सपने दिखाए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद कोई हमारी सुध लेने नहीं आता है। प्रभाग में गटर नहीं होने से ड्रेनेज का पानी घरों के आगे बहता है। साफ-सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। उधर, बविआ व सपा के उम्मीदवार उत्तरभारतीयों को रिझाने में लगे हुए हैं।

### एक बार फिर रोमांचक होगा कालानी बनाम आयलानी का मुकाबला



मीना आयलानी



सीमा कालानी

■ **अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर:** उल्हासनगर मनपा चुनाव में प्रभाग क्रमांक 5 में लड़ाई सबसे मजबूत हो गई है। यहां बीजेपी विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी दो बार नगरसेवक रह चुकी हैं और इस बार फिर चुनाव लड़ रही हैं। इस बार उनका मुकाबला है उल्हासनगर के पप्पू कालानी की बेटी सीमा कालानी से। वे पहली बार इस पैनल से उम्मीदवार बनी हैं। अब तक कुमार आयलानी उनके घोर विरोधी पप्पू कालानी के परिवार के सामने पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें वह पप्पू कालानी और उनकी पत्नी से एक-एक बार हार चुके हैं। साथ ही दो बार जीत चुके हैं। कुमार ने पप्पू और उनकी पत्नी के अलावा पिछले साल हुए चुनाव में उनके बेटे ओमी कालानी को भी एक बार हराया है। ऐसे में यह पहली बार है कि नगरसेवक के चुनाव में यह दोनों परिवार का कोई और सदस्य आमने-सामने है, जिससे यह मुकाबला रोचक हो चुका है।

**उल्हासनगर** के प्रभाग 5 पर सबकी नजर, सबके अपने-अपने दावे

**उम्मीदवारों का कहना है...**

विक्की भुल्लर ने कहा कि इस पैनल से चुनकर आने पर यहां भोपाल की तर्ज पर वॉटर टैंक बनाएंगे, जबकि मीना आयलानी ने बताया कि हमने यहां पानी की समस्या खत्म कर दी है और पैनल को पहले ही टैंकर मुक्त कर दिया है। इसके अलावा मेरे पैनल के सभी रोड सीमेंट के बन गए हैं। बता दें कि पैनल क्रमांक 5 में लगभग 20हजार मतदाता हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-06-2026 22:31 Color:



## फटाफट खबरें

### स्कॉलरशिप परीक्षा की तारीख हुई घोषित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने चौथी और सातवीं कक्षा की स्कॉलरशिप परीक्षा 2026 की तारीख घोषित कर दी है। यह परीक्षा 26 अप्रैल को राज्यभर में आयोजित की जाएगी। परिषद ने विद्यार्थियों और स्कूलों से समय पर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। आवेदन पत्र और परीक्षा शुल्क 2 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के भरे जा सकते हैं। वहीं, विलंब, अतिविलंब और विशेष विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है।

### महिला ने 14वीं मंजिल से कूदकर दी जान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मालाड (ईस्ट) में 52 साल की महिला ने कथित तौर पर रेजिडेंशल बिल्डिंग की 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। दिंडोशी पुलिस ने बताया कि महिला मकरानी पाड़ा में दो बेटों और एक बेटी के साथ रहती थी। पति की कुछ साल पहले मौत हो गई थी। सोमवार सुबह करीब 7 बजे उसने कथित तौर पर अपने अपार्टमेंट की बालकनी से छलांग लगा दी। उसे जोगेश्वरी ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लोकल में लूटपाट करते 4 किशोर हिरासत में

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: डॉकयार्ड रोड स्टेशन पर हार्बर लाइन ट्रेन के लगेज कोच में पैसेंजर को लूटने के आरोप में चार नाबालिगों सहित छह लोगों को पकड़ा गया है। नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। छह में से पांच आरोपी मस्जिद बंदर में रहते हैं। शिकायतकर्ता मजदूर है। वह डॉकयार्ड रोड स्टेशन से सीएसएमटी जाने वाली ट्रेन में चढ़ा था। सभी आरोपी पहले से ही कोच में मौजूद थे। अकेला पाकर उससे 11,000 रुपये कैश लूटकर सैंडहर्स्ट रोड पर उतर गए।

### चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट, 10 पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: MHB कॉलोनी पुलिस ने एक राजनीतिक दल के 10 कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है। इन्होंने बोरीवली निवासी दो भाइयों पर जानलेवा हमला किया था। बोरीवली के काजुपाड़ा में चुनाव प्रचार के दौरान आरोपी पीड़ित की प्रॉपर्टी में घुसे थे। आपत्ति जताने पर आरोपियों ने डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को सूचना दी।

# 'क्लब और मोबाइल टॉवर से सोसायटी 'इंडस्ट्री' नहीं बनती'

## ग्रेच्यूटी विवाद पर सोसायटी को कोर्ट ने दी राहत

Krishna.Shukla@timesofindia.com



■ मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में क्लब हाउस या टेलीकम्युनिकेशन (मोबाइल) टॉवर होने मात्र से वह न तो 'इंडस्ट्री' बनती है और न ही 'एस्टेब्लिशमेंट'। कोर्ट ने यह फैसला अप्सरा को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया है। मामला सोसायटी के पूर्व बिल्डिंग मैनेजर की ग्रेच्यूटी से जुड़ा था। पूर्व मैनेजर ने ग्रेच्यूटी के भुगतान के लिए लेबर कोर्ट का रुख किया था। लेबर कोर्ट ने सोसायटी का पक्ष नहीं सुना, जिसके बाद सोसायटी ने लेबर कोर्ट के जनवरी, 2024 के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

**9 साल काम किया था सोसायटी में**

सोसायटी ने अगस्त 2013 में विजय सिंह को बिल्डिंग मैनेजर के तौर पर नियुक्त किया था और अक्टूबर 2022 में उसकी सेवा को समाप्त कर दिया था। सिंह ने 4,67,308 रुपये की ग्रेच्यूटी का दावा किया था। जस्टिस संदीप मारने के सामने सिंह के वकील ने कहा कि सोसायटी 'इंडस्ट्री' के दायरे में आती है, क्योंकि वहां क्लब हाउस है और टेलीकम्युनिकेशन टॉवर के लिए जगह किराए पर दी गई है, जो सोसायटी के व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े होने को दर्शाता है।

**व्यावसायिक गतिविधियों को किया परिभाषित**

कोर्ट ने कहा कि यदि सोसायटी रेस्टोरेंट या स्टोर चलाती है, क्लब में बाहरियों को सदस्यता देती है। बैंक्वेट हॉल में कर्मचारी रखती है, तो सिस्टेमेटिक व्यावसायिक गतिविधि कहा जा सकता है। इस स्थिति में सोसायटी 'इंडस्ट्री' के दायरे में आएगी। महाराष्ट्र शॉप ऐक्ट के तहत 10 से अधिक कर्मचारी होने पर ग्रेच्यूटी देनी होगी।

**'सोसायटी के आय के साधन होते हैं सीमित'**

इन दलीलों पर जस्टिस मारने ने कहा कि आज के आधुनिक समय में बड़े हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में लिफ्ट ऑपरेशन, पार्किंग प्रबंधन, बिजली, क्लब हाउस, खेल गतिविधियों से जुड़े साधनों के रखरखाव के लिए कुशल प्रबंधक की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सोसायटी के पास आय के साधन सीमित होते हैं, इसलिए वह कई बार होर्डिंग और मोबाइल टॉवर के लिए जगह किराए पर देती है। इसका मतलब यह नहीं है कि सोसायटी व्यावसायिक गतिविधियों में लिप्त है। सोसायटी का गठन व्यापार और कारोबार के लिए नहीं होता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**कोर्ट ने क्यों राहत दी सोसायटी को:** सदस्यों को सेवा देने के लिए कर्मचारी की नियुक्ति करने से सोसायटी की गतिविधियां इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट ऐक्ट के तहत 'इंडस्ट्री' की परिभाषा के दायरे में नहीं आतीं। मेंटेनेंस खर्च घटाने के लिए टॉवर लगाने से सोसायटी इंडस्ट्री नहीं मानी जा सकती है। क्लब हाउस के रखरखाव पर बड़ी रकम का खर्च होना भी सोसायटी को इंडस्ट्री के दायरे में नहीं ला सकता। ठेकेदार के माध्यम से सोसायटी में कार्यरत वॉचमैन और हाउस कीपिंग स्टाफ सेवा से जुड़े लाभ के लिए पात्र हैं, क्योंकि ठेकेदार पूरी तरह से व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़ा होता है।

## दफ्तर में चर्चा

### शिंदे गुट के महासचिव राहुल शेवाले ने बताई भविष्य की योजनाएं

# 'धारावी के रीडिवेलपमेंट से जनता खुश, BMC भी कमाएगी 10,000 करोड़'



■ मुंबई: उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने बेहद करीबी और पार्टी के महासचिव राहुल शेवाले को बीएमसी चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, ताकि वह राज्य की अन्य महानगरपालिका के चुनाव प्रचार प्रसार में लग सकें। बीजेपी के साथ गठबंधन करने, सीट बंटवारे और पार्टी उम्मीदवार को टिकट बांटने में शेवाले की अहम भूमिका रही। मंगलवार को उन्होंने एमबीटी कार्यालय में वर्तमान और भविष्य की योजनाओं का खाका रखा। NBT रिपोर्टर राजकुमार सिंह के साथ उनकी बातचीत के प्रमुख अंश:

**Q सीट बंटवारे में बीजेपी बार-बार बोल रही थी कि शिंदे सेना को 50 सीटों से ज्यादा नहीं देगी, फिर ऐसा क्या जादू किया कि 90 सीटें मिल गईं?**

दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र तक हम लोग गठबंधन की सरकार में हैं। बीजेपी के साथ हम लोगों की ट्यूनिंग बहुत अच्छी है। हम लोगों ने शुरू में 125 सीटें मांगी थीं। इनमें 84 वे सीटें थीं, जो हमने 2017 के चुनाव में जीती थीं। दूसरे दलों से 21 पूर्व नगरसेवक हमारी शिवसेना में आए और 20 सीटें ऐसी थीं, जिन पर 2017 के चुनाव में हम दूसरे नंबर पर थे। अंत में 100 सीटों पर बात बनी, लेकिन 10 सीटें ऐसी थीं, जहां पर हम लोग मजबूत स्थिति में नहीं थे।

**Q आपके चुनाव क्षेत्र धारावी के डिवेलपमेंट को लेकर भारी विरोध है, मतदाताओं को कैसे समझाएंगे?**

धारावी रीडिवेलपमेंट का राजनीतिक विरोध है। यहां की आम जनता बहुत खुश है, इसलिए मतदाताओं को समझाने की जरूरत ही नहीं है। नेताओं को समझाने की जरूरत है। धारावी रीडिवेलपमेंट के नाम पर नेतागिरी चमकाने वाले को इस बार मतदाता अच्छे से निपटा देंगे। इस परियोजना के माध्यम से कम से 10,000 करोड़ रुपये की कमाई सिर्फ बीएमसी को होने वाली है।

**Q उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के गठबंधन से आप की पार्टी को कितना नुकसान होगा?**

बताई नहीं, हम लोगों या फिर हमारी महायुति को कोई नुकसान नहीं होगा। उल्टे फायदा ही होगा। कुछ लोग यह प्रचारित कर रहे हैं कि मराठी वोट ठाकरे के साथ है। ऐसा कदापि नहीं है, क्योंकि मराठी माणूस अच्छी तरह से जान गया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में ही मुंबई और मराठी माणूस का विकास होगा। ठाकरे परिवार तो अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। यह बात सभी अच्छी तरह से जान गए हैं।

**Q बीएमसी की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई हैं, कैसे सुधार करेंगे, क्या योजना है?**

हिंदुहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की याद में मुंबई में मेडिकल यूनिवर्सिटी बनाएंगे। केईएम अस्पताल को दिल्ली के एम्स का दर्जा दिलाएंगे। ऐसी कई सारी योजनाएं हैं। इस बारे में हम अपने चुनावी घोषणा पत्र में खुलासा करेंगे। दूसरी एक बात की ओर आपका ध्यान खींचना चाहूंगा कि मुंबई की सड़कों की बदहाली का एक बहुत बड़ा कारण बार-बार सड़कों की खुदाई है। हम लोगों ने प्लान किया है कि ये सभी यूटिलिटी (जैसे गैस पाइप लाइन, बिजली के तार, टेलिफोन लाइन आदि) को अंडरग्राउंड टनल बनाकर शिफ्ट कर देंगे।

**Q ऐसी क्या योजना है, जिससे मराठी माणूस आपके उम्मीदवार को वोट दें?**

हिंदुहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनकी याद में कई सारी योजनाएं शुरू करेंगे। हम तीन सदस्यीय एक अथॉरिटी बनाएंगे। इसके तहत, मराठी भाषा को प्रोत्साहन देंगे। अलग-अलग गृहनिर्माण पॉलिसी के तहत मुंबई से बाहर चले गए मराठी माणूस की घर वापसी करेंगे। मुंबई में रहने वाले लोगों को मुंबई में रहने के लिए पक्के घर देंगे। अथॉरिटी को सरकार फंड देगी। बीडीडी चॉल का डिवेलपमेंट, म्हाडा की पुरानी इमारतों का विकास, पगड़ी सिस्टम में सुधार, मुंबई का क्लस्टर डिवेलपमेंट जैसी कई सारी योजनाएं हैं, जो अथॉरिटी से जुड़ी होंगी।

**Q उम्मीदवारों के चयन का मापदंड क्या था?**

हमने उम्मीदवारों की पूरी जानकारी निकाली और अच्छे से उनका बैकग्राउंड भी देखा। समाज में उनकी तरफ से किए गए कामों का आकलन किया। सर्वे को आधार बनाया और सबसे सबको बड़ी बात, जो जीत सकता है, उसे ही उम्मीदवारी दी है। इसीलिए, देख लीजिएगा हम लोगों के जीतने का स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा होगा।

# ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से 75 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: गोरेगांव स्थित एक निजी कंपनी के बैंक खाते से करीब 75 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में बांगुर नगर पुलिस ने तीन महीने से फरार चल रहे मुख्य आरोपी अशिता गोस्वामी को गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

**बैंक स्टेटमेंट की जांच के दौरान खाते से रकम गायब होने की मिली जानकारी**

गोरेगांव स्थित सुयोग पैकेजिंग कंपनी के मालिक को बैंक स्टेटमेंट की जांच के दौरान खाते से करीब 75 लाख रुपये गायब होने की जानकारी मिली। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि किसी भी कर्मचारी या बाहरी व्यक्ति को बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी, ओटीपी या ईमेल एक्सेस नहीं दी गई थी। इसके बावजूद अलग-अलग तारीखों में कई ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए लाखों रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए गए।

**बैंक रिकॉर्ड के आधार पर जांच:** जांच के दौरान पर पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा आरोपी के खाते में ट्रांसफर किया गया था। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को आशंका है कि यह मामला एक संगठित साइबर ठगी गिरोह से जुड़ा हो सकता है। मामले की जांच जारी है।

# BMC चुनाव ने बढ़ाई कपड़ा बाज़ार की रौनक

## सफेद शर्ट की बिक्री में 25% की हुई बढ़ोतरी

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव की सरगर्मी का असर अब मुंबई के बाजारों में साफ दिखाई देने लगा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे नेताओं और उनके समर्थकों के बीच सफेद शर्ट की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। व्यापारियों के मुताबिक, बीते 15 दिनों में सफेद शर्ट की बिक्री में 20 से 25% तक का इजाफा हुआ है, जिससे रेडीमेड दुकानों से लेकर टेलरिंग सेक्टर तक रौनक लौट आई है।

दादर के प्रसिद्ध 'नेता कॉटन शर्ट' के मालिक अविनाश भागवत के अनुसार, चुनावी माहौल गरमाते ही सफेद शर्ट की मांग अचानक बढ़ गई है। चुनाव को ध्यान में रखते हुए हमने पहले ही बड़ी संख्या में सफेद शर्ट का स्टॉक मंगा लिया था, जिसका अब पूरा फायदा मिल रहा है। कुछ नेताओं की ओर से थोक में बड़े ऑर्डर पहले ही मिल चुके हैं, ताकि चुनाव प्रचार के दौरान किसी तरह की कमी न रहे। बीएमसी चुनाव से पहले राज्य के अन्य हिस्सों में हुए चुनाव के दौरान भी खूब बिक्री हुई थी। अब भी मुंबई के साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों से भी सफेद शर्ट के ऑर्डर आ रहे हैं। सफेद शर्ट सिर्फ पहनावे का हिस्सा नहीं, बल्कि राजनीतिक पहचान का भी प्रतीक बन चुका है। ज्यादातर बड़े नेता सफेद शर्ट या कुर्ते में नजर आते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में भी ऐसे ही कपड़े पहनने की होड़ रहती है। पिछले कुछ वर्षों में सफेद शर्ट और कुर्ते का चलन लगातार बढ़ा है। चुनाव के समय इसकी मांग कई गुना बढ़ जाती है।



दादर में अपने कपड़े की दुकान पर अविनाश भागवत ग्राहकों से बातें करते हुए।

**सिलाई के काम में भी आई तेजी**

घाटकोपर के श्री स्टार दुकान के मालिक प्रवीण सिंह के अनुसार, खासतौर पर लेलन (लिनन) कपड़े की सफेद शर्ट को लेकर ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह है। इसकी बिक्री में 20 से 25% तक की बढ़ोतरी हुई है। रेडीमेड शर्ट के साथ-साथ सिलाई के काम में भी तेजी आई है। टेलर अरुण सिंह का कहना है कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उन्हें अतिरिक्त कारीगरों की मदद लेनी पड़ रही है। पहले जितना काम होता था, उससे कहीं ज्यादा ऑर्डर आ रहे हैं। खासतौर पर सफेद शर्ट की सिलाई जल्द कर देने की मांग ग्राहक कर रहे हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**बड़े नेताओं की तरह दिखने की चाह**

देश में आजादी के समय से ही अलग-अलग नेता खादी या अन्य प्रकार के सफेद वस्त्र पहनते आ रहे हैं। इस वजह से सफेद शर्ट या कुर्ता अब नेताओं की पहचान है। चुनाव के दौरान हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को सफेद कपड़े पहनकर बड़े नेता की तरह दिखने की चाह रहती है। इस वजह से सफेद शर्ट चुनावी मौसम में नेताओं की पहली पसंद है।









CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: ajay.salunke Time: 01-06-2026 21:30 Color:



# TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) — Scan QR Code

## भर्ती

### रिक्त पद

**GOVT** Job coaching at Dadar is hiring candidates for Business Development. Apply contactforrequirement@gmail.com

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

## अकादमिक

### शिक्षक

**REQD:** Teachers for Pre-primary to STD X . all Subject at Tarabeen Master Eng. School. Urgently Reg Marathi, English, Social studies. Santacruz (west) E: santacruzwes@gmail.com WA: 9665240726 / 9967658845. www.tarabenmasterschool.org

**REQD.** Experienced Teachers for Science & English in Secondary Section urgently. Contact: Principal Holy Angel High School, Gate No.6, Malwani, Malad (W), Mobile: 9870977775. Time: bet. 9 to 11am

**REQD.** Female Teacher for Primary Std. (I-IV) & K.G (pre-primary). Meet personally with C.V & photo, Principal, Queen Mary High School, Gokuldham, Malad (E), 9867511017, Time 9-2.

## लेखा

### बैंकिंग

**REQUIRED** Full / Part time Bankers / Executives / CA's / Legal persons having exposure to Credit portfolio (Corporate and Retail), NPA verification, Stock Audits, legal audits etc. at Mumbai. Email CV: prasayaconsultants@gmail.com WA M: 7045903247

### सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए./सी.एस.

**REQUIRED** Part time CA at Chembur. Send Bio data on E-mail No.: gpbuildcon@yahoo.co.in

### लेखा और वित्त

**REQ** Female staff for Sales/Purchase/Dispatch/Accounts & Clerical (Pref South Mumbai)(spectrum software) mail: info@vnpharma.in

### अकाउंटेंट (लेखाकार)

**REQ.** Accountant knowing Tally & MS Office. Creative Designs, A-104, Mandpeshwar Ind. Estate, Opp. MCF Club, Near Prem Nagar, Borivali (West). 9830224436, 9839224429.

**ACCOUNT** Assistance B.Com, Tally knowledge must, Salary 15k to 20k depending on experience. Near Ranibaug, Byculla East, Call – 98218 33921

**SR** Accountant Asst. (M/F) 5 years experience BCom, reputed Electrical Service Co. at Chembur.Rs 5.5 L package CV on WhatsApp 9892653232

**WANTED** Comm. Graduate Accountant in Goregaon having Exp of 5-10 yrs knowing Tally, GST and Taxation. Email details with current salary to: rkumar403ac@gmail.com

**ACCOUNTANT** Min 2 Years Experience. Knowledge of Import Documentation, Tally, TDS, GST, MS-Office, Fluent English. Location Chandivali. Email:- connect@cpegoul.com

**REQUIRED** Accounts & Admin Assistant for a fast growing shipping company in Mumbai. Graduate in Commerce with min. 4/5 yrs. of experience in Tally Prime with GST/TDS knowledge. Email: zmshr28@gmail.com

**REQUIRED AT VILE PARLE (E)**
**SENIOR ACCOUNTANT**
B. Com with 5-10 Yrs. Exp. in Tally, GST, MS Office, Admin, Taxation & Finalization
**ACCOUNTANT**
B. Com with 3-5 Yrs. Exp.
Candidate from Western Line Preferred
CONTACT: 9892430022
& Send Resume to jobs.samvaad@gmail.com

## प्रशासन

### कार्यालय सहायक

**OFFICE** Assistants (Freshers 22 to 25 yrs) Required at Worli. Good English typing speed & command over Excel and Word essential. 10 am to 6 pm job / no shifts. Email: sampat@domexinfo.in / Tel: 24603788

## विपणन, विज्ञापन और बिक्री

### बिक्री

**REQUIRED** candidate to prepare proposal and sales offers. Should be familiar with word, excel, document editing, photo shop, data and CRM management, Chat GPT and AI Skills: Eligibility: Graduate, good English & communication skills 5+yrs exp. Email: haa29@yahoo.com OR WA: 7977088546

## चिकित्सा

### चिकित्सा

**REQUIRED** Anaesthetist (MD) @ fully equipped daycare medical facility Bandra(W), Mon-Sat, 8am-2pm ,Salary 1.25 - 2 Lacs (E): hr @dazzle.dental

**FEMALE** Medical Typist / Transcriptionist with speed 40wpm for MRI CT Scan Centre Only Whats app details to 8850927330

## आईटी संबंधित

### डीटीपी आपरेटर

**REQ.DTP-OPERATOR** with Full knowledge of Corel Draw Experienced Preferred Please Contact – 9223429404 or Email – admin@libraclips.com

## अन्य प्रोफेशनल्स

### वास्तुकार (आर्किटेक्ट)

**MALAD** (E) Req. "Site Supervisor"(min 10yrs exp) for construction site. salary commensurate with exp. call-9892434394(wtsapp only) send cv: gangarn2@gmail.com

## सेवाएं

### रसोइये

**URGENTLY REQUIRED**
1. Experienced Chef And Steward (4/5 star hotel min. 3yr. experience) 2. Manager (catering ind). Contact: 9892286448. Send resume on acs1128@rediffmail.com

## तकनीकी

### मुद्रण

**क्वालिटी** कंट्रोल एग्जीक्यूटिव आवश्यक प्रिंटिंग डिप्लोमा / ग्रेजुएट / 12वीं पास। पैकेजिंग उद्योग में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। स्थान : भिवंडी वाण्गांव। संपर्क: 9372136036.

### इंजीनियर्स

**REQD** Civil Engrs Architects Driver Apply Design Group India 12RNA Arcade Lokhandwala Complex Andheri (W) Mumbai 53 Mob: 8169962553

**REQUIRE** For Vasai Male Mechanical Engineer To Operate Laser Cutting & Marking With Autocad Residing Between Dahisar To Virar. (for Night Shift) Atlanto 9819942853, 07798777671, Atlantoent@gmail.com

**REQUIRED** Site Supervisor (Civil) And Civil Engineer (Diploma/Degree) At Shri Krishna Construction, Mobile- 9702546030

**REQUIRED** Civil Engineer for a Construction Site at Thansit(Between Atgaon and Khardi on Kalyan Kasara Local Train route) Shahapur, District - Thane. Send resume on Whatsapp 9820023642 / E - hiteshgadal@yahoo.co.in

**REQ.** FACTORY MANAGER to independently manage a small fabrication shop located at Khapoli. Dip/BE - Mech., 10yrs+ exp, knowledge of ASME Sec VII & IX, Welding, NDT, Hydro Testing exposure. End to end factory operations. E: haa29@yahoo.com OR WA: 7977088546

## अन्य रिक्तियां

### सेवानिवृत्त व्यक्ति

**VACANCY** in Govt. Regd. Co. for Retirees,Businessmen, VRS, H'wives.Flexi Timing. Age: 40+. Attractive Package + Benefits.7208368796/ 8369128068

### एकाधिक रिक्तियां

**सिक्यूरिटी** गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाइजर और एडमिन चाहिए. संपर्क: 115 - मित्र कॉम्प्लेक्स, Opp. मायानी स्टील, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9820833611

**REQD** (1)Engineering Diploma / B Sc. to Maintain & Sell Jewellery Machines 3D WaxJet Printer CPX, Laser, Electro Polishing Machines, Gold Smith Tools & Consumables (2) Accountant Knowing GST Return Filing. (3) Office Assistance for Reply Email Prefer Schooling in English Medium Typing Speed minimum 30 WPM(4) For Export Import Documentation Two Years Experience. Near Marine Line Station and Andheri MIDC apply with expected Salary to inquiry@navbharatcarbon.com . Mo 9324969202

**PSN INTERNATONAL**
Require for Valves Division
(Candidates working in valves industries ONLY should apply)
For Maharashtra & Gujarat
Sales Co-ordinator (Engg) - M/F
Sales Engineer
Senior Inspector
to handle TPI and internal inspection in Mumbai
Email: psninternational22@gmail.com

**WANTED** Electrical Engineers, Electricians with / without Licence for reputed Electrical Contractors for Operation, Maintenance, Projects of HT / LT panels, Transformers, DG Sets, Cabling, Earthing etc. for Mumbai location. Contact :- engineering@sparkelectro.com

**कपड़ा** और रेडीमेड लाइन के लिए (Men's) अनुभवी / बिनाअनुभव हेल्पर और सेल्समैन/सेल्समार्ट चाहिए ज्ञानेश्वर मिले : कलानी महावीर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स शॉप नंबर 4/5 एमजीरोड घाटकोपर पूर्व

**STERN** Ingredients India required following vacancy - Sales Executive, Back office & Tele Caller. Location: Andheri West, Mumbai. Requirement: Freshers also welcomed, 2/3 years of work experience. Good Communication skills with a positive outlook Target-oriented person. Candidates preferred Bandra to Borivali. Send CV- info@sternindia.co.in

**REQD** (1) Accountant Knowing GST Return Filing. (2) Office Assistance for Reply Email Prefer Schooling in English Medium Typing Speed min. 30 WPM. (3) Engineering Diploma or B Sc. to Maintain & Sell Jewellery Machines 3D WaxJet Printer, Electro Polishing & Laser Machines. Near Marine Line Station and Andheri MIDC apply with expected salary to inquiry@navbharatcarbon.com . Mo 9324969202

**KRC** CLUB A Reputed Club Requires the following staff: 1) Assistant Controller- Graduate, Exp. in club/ hospitality/ administration preferred 2) Receptionist Good communication & computer knowledge 3) Marketing Executive- Exp. in marketing/ events/ memberships 4) Peon- Basic education, office support work. Location: KRC Club. Salary: As per qualification & Exp. Contact: 9892795625, Email: info@krcclub.org

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## प्रॉपर्टी

### आवास चाहिए

**URGENTLY** require Industrial Premises Shed or RCC for Rent. Area 10000 to 25000 Sqft Malad / Kandivali / Borivali 9967323000

## प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

### वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

**VILEPARLE** (E) 1350 sqft carpet Office av'ble on Leave Licence,Varalakshmi Bldg, above ICICI Bank, Hanuman Road. Manish 9821116664

## सेवाएं

### कानूनी सलाह

**STAMP DUTY REGISTRATION ADJUDICATION INDEX II POINT ADVISORY 7021653529**

## टेंडर और नोटिस

### निविदाएं (टेंडर्स)

**स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: 301, सेंटर प्वाइंट, डॉ. बी.ए.मार्ग, परेल, मुंबई 400012
सीआईएन: U67190MH1986GOI040506
आमंत्रण बिड्स आरएफपी
संख्या: CPCM-21/2025-26
तारीख 05/Jan/2026
"पैन इंडिया आधार पर नेटवर्किंग डिवाइस के एएमसी के लिए आरएफपी (नॉन-बैक-टू-बैक)"
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर दस्तावेज देखें: https://corporate.stockholding.com/Tenders/
प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 15/Jan/2026, शाम 06:00 बजे
इस आरएफपी में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा तथा प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

**स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: 301, सेंटर प्वाइंट, डॉ. बी.ए.मार्ग, परेल, मुंबई 400012
सीआईएन: U67190MH1986GOI040506
आमंत्रण बिड्स आरएफपी
संख्या: CPCM-22/2025-26
तारीख 05/Jan/2026
"स्टॉकहोल्डिंग में बैक टू बैक सपोर्ट के साथ नेटवर्किंग डिवाइस के एएमसी के लिए आरएफपी"
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर दस्तावेज देखें: https://corporate.stockholding.com/Tenders/
प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 15/Jan/2026, शाम 06:00 बजे
इस आरएफपी में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा तथा प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

**The Willingdon Sports Club**
K.Khadye Marg, Tulshiwadi, Tardeo, Mumbai 400 034.
Invites Vendors for annual supply of the following items for FY 2026-27. **Fresh Fruits & Vegetables, Mutton & Buffalo meat, Ham & Pork, Sea Food, Poultry & Eggs, Dairy Products, Soft Beverages, Provision & Grocery, Canned & Bottled Products, Bakery Items, Processed Food, Frozen food, Ice Cubes & Blocks, Charcoal & Solid Fuel, Printing & Stationery, Paper Products & Disposables, Cleaning Chemicals etc.**
For Tender Forms and instruction visit our website https://www.willingdonclub.com/tenders/.
Tenders in sealed envelope duly completed will be accepted at our Purchase Dept. **between 10 am and 5 pm on or before 22nd January 2026.**
Tel : 8976926946 Email: purchase@willingdonclub.com

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

## सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**PUBLIC NOTICE**

Pragati Premises Co-Operative Society Ltd. 316, N. M. Joshi Marg, Mumbai-400 011.

Notice is hereby given that M/s. Varma Print have applied to the Society for transfer of Unit No. 332 and Share Certificate No.188 in respect of 10 [Ten] fully paid shares of Rs. 50/- each distinctively numbered from Nos.1871 to 1880 to the names of Mr. Jagdish Purshottam Varma, Mr.Kunal Jagdish Varma, Mr.Girish Jagdish Varma and Mr.Arjun Rajendra Varma pursuant to Registered Will of Late Mr. Purshottam Vithaldas Varma/Partner of M/s. Varma Print.

Any Person(s) / legal heirs having any right, title or interest by way of claim on the said shares of said Unit No. 332 should notify and lodge his/her/their claim (in writing) with the society within 15 days from the publication of this notice. If no claims/objections are received during this period, the Society shall be free to transfer the said Gala/Unit No.332 and issue the Share Certificate accordingly.

Hon. Secretary
Pragati Premises
Co-operative Society Ltd.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## न्यायालय सूचना

**राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली बेंच के समक्ष**
**CP(CAA)/93/2025**
**CA(CAA)3 of 2024 में**
**विषय: प्राइम अर्बन डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (हस्तांतरिती कंपनी) के साथ एटीएल टेक्सटाइल प्रोसेसर्स लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-1) और न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-2) के समामेलन की योजना के संबंध में।**

मामले में: न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U70104DL2006PTC153985 पंजीकृत कार्यालय: शिव सुशील भवन-डी, विवेक विहार-1, नई दिल्ली 111095 प्रतिनिधि: निदेशक श्री. प्रदीप कुमार चौधरी

...याचिकाकर्ता/हस्तांतरणकर्ता कंपनी 2

**याचिका की सुनवाई की सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत, दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, अर्थात एटीएल टेक्सटाइल प्रोसेसर्स लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी-1) और न्यू लाइन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी - 2) का होल्डिंग कंपनी, प्राइम अर्बन डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड के साथ समामेलन की योजना को मंजूरी देने के लिए हस्तांतरणकर्ता कंपनी-2 द्वारा माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (NCLT), नई दिल्ली बेंच के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई थी।

इस मामले में माननीय NCLT द्वारा 15.12.2025 को आदेश सुनाए गए है और उक्त याचिकाओं पर सुनवाई की तिथि 24.02.2026 निर्धारित की गई है।

यदि कोई व्यक्ति उक्त याचिका का समर्थन या विरोध करना चाहता है, तो वह अपने इरादे की सूचना (अपने अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, नाम और पते के साथ) माननीय न्यायाधिकरण और/या याचिकाकर्ता के कार्यालय को इस विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजनी होगी। यदि कोई व्यक्ति याचिका का विरोध करना चाहता है, तो विरोध के आधार या शपथ पत्र की प्रति साथ संलग्न करना आवश्यक है।

याचिका की प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी व्यक्ति को निर्धारित शुल्क के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

दिनांक: 06.01.2026
स्थान: नई दिल्ली

न्यू लाइन बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड
शिव सुशील भवन-डी, विवेक विहार-1, नई दिल्ली 111095

## व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

"I, Ushaben spouse of No 14902383N Hav Rathod Amrutbhai r/o Vill & PO-Bilavaniya, PS & Teh- Dhansura, Distt-Aravalli, State-GJ, PIN-383310 have change my Name and Date of birth from Ushaben - 08/05/1974 to Rathod Ushaben - 01/12/1977 vide Affidavit Signed on 01 Jan 2026 by Executive Magistrate, Metropolitan Area Court-2,Ahmedabad, Gujrat"

**I,** Kundha spouse of No 15760041W Ex Hav Shinde Jayram Baliram of Vill- Fauji Ambawade (Devulkond), PO-Fauji Ambawade, Teh- Mahad, Dist- Raigad(MH), PIN- 402307 have changed my name from Kundha to Kundha Jayram Shinde vide affidavit No. 20320418013690078030 dated 06 Jan 2026.

**I,UNGATI** Shreeramulu Father of Ungati Jagadeesh r/o 1/159, Sanivada, Srikakulam, A.P-532401 have changed my name from Ungati Shreeramulu to Ungati Sriramulu vide aff. No 58AB838856 dt 05/01/2026 at Nashik

**I,RATHOD** Laxmiba Natwarsinh Mother of Rathod Lalsinh Natvarsinh r/o Sitvada, Sabarkantha, Guj-383205 have changed my name from Rathod Laxmiba Natwarsinh to Rathod Laxmiba vide aff. No 58AB838862 dt 06/01/2026 at Nashik

**I,A** Ansamma Mother of Veeraswamy A r/o Ibrahim Bagh, Hyderabad, A.P-500031 have changed my name from A Ansamma to A Anasuya vide aff. No 58AB838860 dt 05/01/2026 at Nashik

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

# SOCIAL EVENT













TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

# BUSINESS CONNECT

**BUSINESS OFFER**
Earn in Lacs per month
Install Ladies Sanitary Pad, Baby Diaper Machine, Underarm Pad, Breast Pad, Panty Liner, Adult Diaper Machine with Buyback Agreement
9643010487, 9205428852, 8376001873, 8929557840, 011-25920179

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

**BOOK YOUR BUSINESS ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Afridi 9594 343 468 — Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: prabhakar.shukla Time: 01-06-2026 22:44 Color:



## फटाफट खबरें

### जर्जर इमारत से हट गया चुनाव कार्यालय

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: वसई-विरार मनपा के नालासोपारा आचोले स्थित प्रभाग समिति कार्यालय-डी में चुनाव प्रक्रिया कार्यालय बनाया गया था। इस कार्यालय में वॉर्ड 15, 17 और 22 का समावेश है। अचानक मनपा ने इस इमारत को जर्जर घोषित कर उसे दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है। मनपा के संबंधित अधिकारी ने बताया कि इमारत सी-2 कैटिगरी में थी। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे खाली कराया गया है।

### करंट से 11 साल की बच्ची की हुई मौत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: नालासोपारा (ईस्ट) में करंट लगने से 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वलईपाडा स्थित शांति देवी कलाल चॉल में संस्कृति किशोर सिंह (11) अपने परिवार के साथ रहती थी। सोमवार को उनकी मां ने बाथरूम में पानी गर्म करने के लिए बाल्टी में हीटर लगा रखा था। तभी संस्कृति बाथरूम में गई और बाल्टी में हाथ डाल दिया। इससे करंट लगा और वह बेहोश हो गई। परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### युवती ने लगाई फांसी, हुई मौत, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, वसई: नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चंद्रपाडा इलाके में सोमवार को 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार चंद्रपाडा स्थित यशवंत अपार्टमेंट में आरती संजय शर्मा (19) अपने परिवार के साथ रहती थीं। सोमवार को वह घर पर अकेली थीं। उसी दौरान उन्होंने अज्ञात कारणों से पंखे पर साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। पुलिस ने एडीआर दर्ज कर लिया है, मामले की जांच जारी है।

### डंपर ने मारी टक्कर, वृद्धा की हुई मौत

■ NBT न्यूज, विरार: विरार में सोमवार को एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक पर बैठी वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कुंभारपाडा निवासी देवनाथ गोविंद पाटील (64) सोमवार दोपहर अपनी पत्नी बनाबाई पाटील (62) के साथ बाइक से भिवंडी जा रहे थे। वह घर से कुछ ही दूर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बनाबाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# टिकट बंटवारे की पॉलिटिक्स में उलझा मीरा-भाईंदर का गणित

## बागी, बगावत और नाराजगी के चलते पेचीदा हुआ समीकरण


निकाय चुनाव महा मुकाबला

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर का चुनावी मुकाबला काफी पेचीदा हो चुका है। टिकटों के वितरण ने राजनीतिक दलों के भीतर असंतोष, बगावत और नाराजगी बढ़ा दी है, जिसका असर चुनावी गणित पर पड़ता दिख रहा है।

बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले मीरा-भाईंदर में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के नेतृत्व में शिवसेना (शिंदे गुट) ने मजबूत चुनौती पेश की है। ऐसे में, बीजेपी द्वारा उम्मीदवारों के चयन और टिकटों के वितरण पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं की नाराजगी जनता में उजागर हो रही है। विगत चुनावों में बीजेपी ने 61 सीटें जीती थीं। इस बार प्रभाग क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 8, 13, 14, 18 में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी से हिंदीभाषी मतदाता भी बट गया है। यह स्थिति वोटिंग के दिन रही, तो तस्वीर कुछ और हो सकती है।

टिकट वितरण को लेकर असंतोष सिर्फ बीजेपी तक सीमित नहीं है, बल्कि शिवसेना और कांग्रेस में भी अंदरूनी असहमति देखने को मिल रही है। प्रभाग क्रमांक 10, 11 और 16 में एक ही परिवार के सदस्यों को टिकट दिए जाने से शिवसैनिकों में असंतोष है। स्थानीय स्तर पर इसे परिवारवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, कांग्रेस ने प्रभाग 9, 19 और 22 में नए चेहरों पर भरोसा जताया है। चुनाव और जीत का समीकरण साधने में कांग्रेस ने कुछ उम्मीदवारों की 'हेलिकॉप्टर लैंडिंग' भी कराई, जिसकी कार्यकर्ताओं में मिली-जुली प्रतिक्रिया है।

AI Image





### पार्टियों में बगावत और नाराजगी का पैमाना

बगावत और नाराजगी का सीधा संबंध दल के आकार से दिखाई दे रहा है। जो दल जितना बड़ा है, उसमें नाराजगी उतनी ही अधिक है। वहीं, छोटे दल टिकट वितरण से उपजी असंतोष की स्थिति को अपेक्षाकृत बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में सफल रहे हैं। कुल मिलाकर बगावत का सबसे बड़ा असर बीजेपी पर ही पड़ा है। बीजेपी के बागी उम्मीदवार ही कई प्रभागों में जीत का समीकरण बनाने या बिगाड़ने की निर्णायक भूमिका में दिखाई दे रहे हैं।

### MBMC में विकास का कांग्रेसी रोडमैप

कांग्रेस ने मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव के लिए घोषणा-पत्र जारी किया। इसमें जलापूर्ति की स्थायी व्यवस्था, गड्ढामुक्त सड़कें, मेट्रो परियोजना की शीघ्र पूर्णता, मजबूत बस परिवहन व्यवस्था



और टोल नाकों पर सुगम यातायात को प्राथमिकता दी गई है। वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, भूमिगत गटर योजना, स्वच्छ सब्जी मंडियां, पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं, सार्वजनिक शौचालयों के विकास पर भी जोर दिया गया है। कांग्रेस ने महिला सशक्तिकरण, खेल मैदानों के विकास, मजबूत कानून-व्यवस्था, साइबर अपराधों पर नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण को भी अपने एजेंडे का अहम हिस्सा बताया है।

### चुनावी मैदान में डॉक्टर-इंजिनियर के साथ तीसरी-पांचवीं पास भी डटे



NBT न्यूज, भिवंडी: विकास से दूर रहे भिवंडी शहर के कायाकल्प के लिए इस बार मनपा चुनाव में ग्रैजुएट उम्मीदवारों के साथ-साथ डॉक्टर एवं इंजिनियर और वकील भी चुनाव मैदान में उतरे हैं। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश पूर्व नगरसेवक 10वीं कक्षा से कम पढ़े-लिखे हैं। इनमें तीसरी, पांचवीं, छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं, 10वीं और 12वीं पास उम्मीदवारों की संख्या काफी ज्यादा है। ये सभी कैंडिडेट शहर के विकास कार्यों के नाम पर मतदाताओं से वोट मांग रहे हैं।

# सोशल मीडिया वाले प्रेमी ने लगाया ₹14 लाख का चूना

## फ्रेंडशिप से शुरू दास्तान गहने गंवाकर हुई खत्म

AI Image




■ NBT न्यूज, ठाणे: मुंब्रा में ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती पहले इश्क, फिर शादी तक जा पहुंची। हालांकि, दोनों एक-दूसरे से मिले नहीं थे। बॉयफ्रेंड के झांसे में आई युवती ने बड़ी बहन के करीब 14 लाख रुपये के गहने कथित प्रेमी को दे दिए, जिसे लेकर वह गायब हो गया। घटना का शिकार हुई युवती ने मुंब्रा पुलिस में कथित प्रेमी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार मुंब्रा निवासी 35 वर्षीय शिकायतकर्ता अपनी बड़ी बहन के घर रहती है। नवंबर, 2022 में उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर एक रिक्वेस्ट आई थी। उसे स्वीकारने के बाद वह मैसेज के जरिए सामने वाले युवक से बात करने लगी। कुछ दिनों बाद उन्होंने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर शेयर किए, फिर वे दिन-रात आपस में चैटिंग (बातचीत) करने लगे। धीरे-धीरे दोनों अच्छे दोस्त बन गए, समय गुजरता गया और दोनों एक-दूसरे को प्यार करने लगे। खुद को डायमंड व्यवसायी बताने वाले युवक ने एक दिन युवती को शादी का प्रपोजल दिया। झांसे में आई युवती ने हां कर दी।

पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार दोस्ती से शादी तक पहुंचा पूरा मामला ऑनलाइन ही रहा, दोनों की आमने सामने कभी मुलाकात नहीं हुई। कुछ माह पहले शातिर प्रेमी ने बातों ही बातों में युवती को बताया कि व्यवसाय की रकम कुछ तकनीकी कारणों से बैंक अकाउंट में अटक गई है। उसे अर्जेंट रुपयों की जरूरत है। लड़की नौकरी नहीं करती थी, न ही उसके पास बहुत रुपये थे, इसलिए उसने रुपये देने में असमर्थता जताई। एक दिन प्रेमी ने कहा कि पैसे नहीं हैं, तो गहने दे दो और वह अपना काम कर 8 से 10 दिन में वापस कर देगा।

### ऑलमारी में रखे गहने कथित प्रेमी को सौंपे

कथित प्रेमी के झांसे में आई युवती ने घर की ऑलमारी में रखे बड़ी बहन के गहने निकाल लिए। इसके बाद आरोपी प्रेमी ने कहा कि वह बिजनेस के चलते व्यस्त है, उसका ड्राइवर मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास मिलकर गहने ले लेगा। युवती मुंब्रा स्टेशन के करीब बताए स्थान पर पहुंची और वहां मिले एक युवक को गहने दे दिए। दो हफ्ते बाद जब युवती ने गहने मांगे, तो आरोपी टाल-मटोल करने लगा। कुछ दिन पहले युवती की बहन को ऑलमारी में रखे गहने नहीं मिले, तो युवती ने हकीकत बयान की।

# KDMC: 1604 पोलिंग स्टेशनों पर होगी वोटिंग

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण डोंबिवली मनपा चुनाव के लिए वॉर्ड के हिसाब से पोलिंग स्टेशन बनाए हैं। यहां कुल 1,604 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें 1,055 पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर पर, 9 पोलिंग स्टेशन फर्स्ट फ्लोर पर, 482 पोलिंग स्टेशन पार्टिशन के तौर पर और 58 पोलिंग स्टेशन पवेलियन में होंगे। इनमें से 16 जगहों पर 10 से ज्यादा पोलिंग स्टेशन होंगे। चुनाव अधिकारी के अनुसार केडीएमसी क्षेत्र में पुरुष वोटरों की संख्या 7 लाख 45 हजार 664, महिला वोटरों की संख्या 6 लाख 78 हजार 870 और अन्य वोटरों की संख्या 552 है। यहां कुल वोटर 14 लाख 25 हजार 86 है। मनपा चुनाव के दौरान बुजुर्ग वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, गर्भवती महिलाओं आदि को वोट डालने में आसानी हो, इसलिए ज्यादा पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर पर हैं।

**बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती वोटर्स के लिए ज्यादातर ग्राउंड फ्लोर पर है पोलिंग स्टेशन**

क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़े तीन आरोपी

# भिवंडी में 55 लाख रुपये का गुटखा जब्त

■ NBT न्यूज, भिवंडी: प्रतिबंधित गुटखे की तस्करी भिवंडी परिसर में बड़े पैमाने पर की जा रही है। ऐसी ही एक तस्करी की जानकारी भिवंडी क्राइम ब्रांच के सीनियर पीआई शीतल राउत को मिली। टिप के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने जाल बिछाया और करीब 55 लाख रुपये का गुटखा बरामद करने में सफलता पाई। पुलिस ने इस मामले में 3 वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच के कर्मचारी उपायुक्त परिमंडल क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान कॉन्स्टेबल विजय कुंभार को टिप मिली कि वाडा मार्ग से कल्याण नाका की ओर गुटखा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सीनियर पीआई राउत के मार्गदर्शन में एपीआई श्रीराम माली, मिथुन भोईर और पीएसआई रवींद्र पाटील की टीम ने आसबीबी मस्जिद के पास सड़क पर नाकाबंदी की। इसी दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन संदिग्ध वाहनों (दो टेंपो एवं एक ट्रक) को रोककर तलाशी ली, तो 54.99 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा बरामद हुआ।



### 3 वाहन भी किए गए सील

क्राइम ब्रांच की टीम ने 20 लाख रुपये के वाहनों एवं गुटखा सहित करीब 78 लाख रुपये का माल जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीनों वाहनों के चालक संजय मस्कर, अक्षय मुंडेकर एवं अजीम वाहिद शेख को पकड़ा है। आरोपियों से पूछताछ कर रही है। तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीराज माली कर रहे हैं।

# नायगांव: परेरा नगर में सस्ते घर के नाम पर ठगी!

■ NBT न्यूज, वसई: नायगांव के परेरा नगर में अवैध चॉल बनाकर गरीबों को सस्ते में घर दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। यहां एक आरोपी ने मुंबई में धारावी की निवासी एक महिला से घर दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी की है। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर नायगांव पुलिस छानबीन में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार धारावी के राजीव गांधी नगर की रहने वाली साबिया अलाउद्दीन खान (28) ने पुलिस को बताया कि अप्रैल, 2025 को नायगांव (ईस्ट) के परेरा नगर में आरोपी शुभम पांडे ने उन्हें रूम देने की बात कही और उनसे 5 लाख रुपये लिए। लेकिन अब तक उन्हें रूम नहीं मिला। जब शिकायतकर्ता ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपी आनाकानी करने लगा। दबाव बनाने पर आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि परेरा नगर में इस तरह भूमाफिया गरीबों को सस्ते में घर देने के नाम पर ठग रहे हैं।

# पनवेल: नाले में मिला नवजात का शव

## हत्या या गर्भपात की आशंका, केस दर्ज, पुलिस जांच जारी

AI Image




■ NBT न्यूज, पनवेल: पनवेल तालुका के चिखले इलाके में एक नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। एक सीमेंट की नाली में स्थानीय लोगों ने नवजात शिशु का शव देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि किसी ने बच्ची के जीवित जन्म को रोकने या जन्म के बाद मारने के इरादे से नाली में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार शव की स्थिति को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का भी सहारा लिया जा रहा है। पनवेल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मामले का सच सामने आएगा।

# 'अपनी मातृभाषा का सम्मान करें'

■ NBT न्यूज, भिवंडी: अपनी मातृभाषा का सम्मान करने के साथ-साथ उसी भाषा में शिक्षा लेना शुरू करें। यह विचार प्रसिद्ध अभिनेत्री क्षिति जोग ने व्यक्त किया। वह भिवंडी के पद्मश्री अण्णा साहेब जाधव विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय में फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय' की सफलता का जश्न बच्चों के साथ मनाने आई थीं। इस दौरान ऐक्टर कादंबरी कदम, प्राजक्ता कोली, हरीश दुधाडे के साथ संस्था की उपाध्यक्ष अरुणा जाधव, प्राचार्य सुधीर भागल, बीएनएन कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. निनाद जाधव, राजेंद्र शिंदे आदि मौजूद थे।

## स्टेट अपडेट

### अजित, शरद पवार ने कलमाडी के कार्यों को सराहा

■ भाषा, पुणे: उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाडी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पुणे के विकास में उनके योगदान की सराहना की।

एनसीपी (एपी) के प्रमुख अजित पवार ने शोक संदेश में कहा कि कलमाडी ने पुणे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके निधन से शहर के राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक खालीपन पैदा हो गया है। अजित ने 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने पुणे के राजनीतिक, सांस्कृतिक, खेल और सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर गहरी छाप छोड़ी।' वहीं, शरद पवार ने 'एक्स' पर लिखा, 'कलमाडी के निधन के कारण देश ने एक ऐसे दिग्गज नेता को खो दिया है, जो संघर्ष करते हुए आगे बढ़ा था। उन्होंने लंबा सार्वजनिक जीवन जिया।'

### देशमुख पर टिप्पणी के बाद BJP नेता ने मांगी माफी

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर: बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख की यादों को मिटाने संबंधी उनकी टिप्पणी राजनीतिक रूप से प्रेरित नहीं थी और अगर इससे दिवंगत नेता के पुत्र की भावनाएं आहत हुई हैं, तो वह उनसे माफी मांगते हैं। लातूर महानगरपालिका चुनावों से पहले चव्हाण ने सोमवार को कहा था कि दिवंगत कांग्रेस नेता विलासराव देशमुख की यादें उनके गृह नगर लातूर से मिटा दी जाएंगी। इस बयान पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। विलासराव देशमुख के पुत्र और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने चव्हाण की टिप्पणी की निंदा की थी।







CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-06-2026 21:42 Color:



नवभारत टाइम्स | मुंबई | बुधवार, 7 जनवरी 2026

जटिल नियम बेईमानों की मदद करते हैं, जबकि सरल नियम लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।
*- टी एन शेषन, पूर्व चुनाव आयुक्त*

# पूरा मौका मिले

**कई राजनीतिक** विवाद और तारीखें बढ़ने के बाद आखिरकार यूपी में Special Intensive Revision का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया। चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं - इसका अंदाजा पहले से ही था। अभी तक जिन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट आई है, वहां कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल नहीं होती। लोगों के पास दावे और आपत्तियों के लिए अब भी मौका है, लेकिन यह प्रक्रिया सरल और आम नागरिकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली होनी चाहिए।

AI image



2.89 करोड़ नाम कटे

**बिहार का उदाहरण ।** पहले चरण में बिहार में SIR को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरुआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था। जब लिस्ट रिवाइज की गई, तो 17.9 लाख वोटर्स और बढ़ गए। ऐसा ही बदलाव यूपी और उन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है, जहां आपत्तियां ली जा रही हैं या अब ली जाएंगी।

**बंगाल में विवाद ।** चुनाव से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया होने के बावजूद SIR को लेकर कई विवाद चलते रहे हैं। दुर्भाग्य से दूसरे चरण में जिन राज्यों में ड्राफ्ट रोल आ चुका है, वहां भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। खासकर बंगाल में सबसे ज्यादा असंतोष है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब SIR में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाए हैं। उनकी पार्टी TMC उन वोटर्स की मैपिंग में भी गड़बड़ी बता रही है, जिनके नाम लिस्ट में नहीं हैं।

**लोगों की मदद ।** चुनाव आयोग ने डेटा जारी कर बताया है कि इन नामों को किन-किन वजहों से काटा गया। यह स्पष्टीकरण अच्छी बात है, लेकिन जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें उनके मताधिकार को हासिल करने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे दावे-आपत्तियां दाखिल कराने, नाम चेक करने में आम लोगों की मदद करें। बिहार SIR से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई थी और पूछा था कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनता के बीच इतनी दूरी क्यों है।

**साझा जिम्मेदारी ।** लगभग 21 साल पहले हुए SIR की यादें भी अब धुंधली हैं, क्योंकि तब इतना शोर नहीं मचा था। शायद इसकी वजह बदली राजनीतिक परिस्थितियां हैं। अब यह शोर चुनावी उत्सव पर भारी न पड़े, जनता का सिस्टम पर से भरोसा न कम हो - इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है।

## नाभि में तीर

# मिसेज शर्मा की शपथ



हरि मृदुल

**हफ्तेभर से** शर्मा जी नियमित दिख रहे हैं- कभी जॉगिंग करते हुए, तो कभी तेज कदम चलते हुए। आगे-आगे शर्मा जी, पीछे-पीछे मिसेज शर्मा। नए साल में एक के साथ एक फ्री की तर्ज पर इन दो नए सदस्यों की आमद हुई है गार्डन में। शर्मा जी थुलथुल हैं, तो मिसेज शर्मा सुपर फिट। दोनों एक-दूसरे के एकदम अपोजिट हैं स्वभाव में-शारीरिक बनावट में। नए साल में मिसेज शर्मा ने संकल्प लिया है कि वह शर्मा जी के शरीर का शेप अपने जैसा करवा कर ही दम लेंगी। परंतु सच यह है कि मिसेज शर्मा ने जितना आसान समझ रखा है यह काम, उतना आसान है नहीं। यह बात धीरे-धीरे उनकी समझ में आ रही है।

सुबह-सुबह दोनों की यह जोड़ी लोगों के लिए मनोरंजन के क्षण भी मुहैया करा रही है। होता यह है कि शर्मा जी गार्डन का एक राउंड तो पूरे जोशो-खरोश के साथ मारते हैं, लेकिन दूसरा राउंड मारने की बारी आती है, तो फौरन हाथ खड़े कर देते हैं। मिसेज शर्मा को यह बात नागवार गुजरती है। पहले वह प्यार से मनाती हैं। फिर घुड़कती हैं। फिर भी शर्मा जी पर कोई असर नहीं पड़ता, तो उनकी आवाज लगातार ऊंची होती चली जाती है। अब सीन यह होता है कि आगे-आगे मिसेज शर्मा दिखती हैं और पीछे-पीछे खुद को किसी तरह घसीटते हुए शर्मा जी। यही वक्त होता है, जब गार्डन में कसरत कर रहे दूसरे लोगों के लिए मुफ्त का मनोरंजन उपलब्ध हो जाता है।




दरअसल, पिछले कई वर्षों से शर्मा जी नए साल में जमकर कसरत करने की कसम खाते रहे हैं और तोड़ते रहे हैं। पहले वह मौखिक कसम खाते थे, बाद में मिसेज शर्मा ने उनसे लिखवाकर लेना शुरू किया। लेकिन इससे उनके कसम तोड़ने की प्रवृत्ति पर कोई असर नहीं पड़ा। नया साल आता, तो वह पहले दिन बड़े जोश के साथ कसम खाते और फिर अगले दिन चुपके से तोड़ देते। लेकिन इस बार नए साल के पहले ही दिन मिसेज शर्मा ने भी शपथ ली है कि शर्मा जी की जॉगिंग अब कभी अकेले नहीं होगी, वह साये की तरह उनके साथ रहा करेंगी...।

## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

# साराभाई का सपना

Subrata Dhar



**विक्रम साराभाई** का सपना था कि भारत भी अंतरिक्ष की दुनिया में अपनी पहचान बनाए और अपना उपग्रह आकाश में परिक्रमा करे। यह सपना उस दौर का था, जब संसाधन सीमित थे, तकनीक नई थी। सोवियत संघ से यह समझौता हुआ कि भारत के पहले उपग्रह को निःशुल्क लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद वैज्ञानिकों की एक छोटी-सी टीम ब्लूप्रिंट तैयार करने में जुट गई। आधुनिक प्रयोगशालाओं के अभाव में बेंगलुरु के पीन्या इलाके में पुराने टीन के शेड किराए पर लिए गए। उन्हीं शेड्स को साफ कर वैज्ञानिकों ने अपने हाथों से क्लीन रूम तैयार किया। रॉकेट लॉन्च के समय डेटा प्राप्त करने के लिए एक ग्राउंड स्टेशन चाहिए था, लेकिन जगह की तंगी थी। एक पुराने टॉयलेट को साफ कर मुख्य डेटा रिसीविंग सेंटर बनाया गया, जहां कंप्यूटर और एंटीना लगाए गए। उपग्रह के संवेदनशील हिस्सों को परीक्षण के लिए ले जाना था। विशेष सस्पेंशन वाले ट्रक उपलब्ध नहीं थे, इसलिए बैलगाड़ी का सहारा लिया गया। 30 दिसंबर 1971 को विक्रम साराभाई का निधन हो गया, लेकिन उनके सपने को उडुपी रामचंद्र राव ने आगे बढ़ाया। अंततः 19 अप्रैल 1975 को भारत का पहला उपग्रह 'आर्यभट्ट' अंतरिक्ष में पहुंचा और इतिहास बन गया।

## अधिकतर अमेरिकी सैन्य दखल के ख़िलाफ़, कम हुई राष्ट्रपति की लोकप्रियता

# वेनेज़ुएला में घुसकर फंस गए ट्रंप



डैन कैसिनो
न्यू जर्सी से

AI image



**अमेरिका की** जनता को कभी-कभार होने वाली छोटी जंगों से फर्क नहीं पड़ता। अमेरिका का आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक प्रभुत्व कमजोर पड़ रहा है। ऐसे में सैन्य ताकत के प्रदर्शन से जनता को गर्व होता है, खासकर अगर वह किसी कमजोर दुश्मन के खिलाफ किया जाए। छोटे युद्ध जनता का ध्यान भटकाने के लिए भी अच्छे होते हैं। माना जाता है कि अगर कोई राष्ट्रपति घरेलू और आर्थिक मोर्चे पर फंसा हुआ है, तो एक छोटी लड़ाई से जनता का ध्यान बंट जाएगा।

**निराशा मिलेगी ।** आमतौर पर युद्ध शुरू होने के बाद जनता अपने राष्ट्रपति के साथ खड़ी हो जाती है। 9/11 के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की अप्रूवल रेटिंग 90% से भी ऊपर पहुंच गई थी। लेकिन अगर डॉनल्ड ट्रंप को लग रहा है कि वेनेज़ुएला में सैन्य हस्तक्षेप का भी वैसा ही असर होगा, तो उन्हें भारी निराशा हाथ लगने वाली है।

**युद्ध का हासिल ।** वेनेज़ुएला पर हमले के पहले जब अमेरिका ने ड्रग्स ले जाने के आरोप में उसकी नावों को निशाना बनाया था, तब भी केवल 40% अमेरिकी ही इससे सहमत थे। वेनेज़ुएला पर बमबारी, वहां जबरन सत्ता परिवर्तन या सेना उतारने को लेकर तो जनता का समर्थन और भी कम था। ऐसा इसलिए नहीं कि ट्रंप की लोकप्रियता लगातार गिर रही है, बल्कि इसलिए कि पूरा मामला इराक और अफगानिस्तान जैसे लगता है, जहां लंबे युद्ध के बाद भी हासिल कुछ नहीं रहा।

**जनता का नजरिया ।** विदेशी युद्धों को अमेरिकी जनता दो ही नजरिये से देखती है - एक तो दूसरे विश्व युद्ध की तरह, जो नैतिक रूप से सही था और निर्णायक जीत के साथ खत्म हुआ। दूसरा नजरिया है वियतनाम, जहां की लड़ाई से अमेरिका को कुछ नहीं मिला। इराक में घुसने से पहले बुश प्रशासन ने जनता को यह समझाने में काफी मेहनत की थी कि यह युद्ध दूसरे विश्व युद्ध जैसा होगा। जैसे-जैसे इराक की लड़ाई वियतनाम जैसी लगने लगी, जनता खिलाफ हो गई।

**ट्रंप प्रशासन की मुश्किल**
- सैन्य अभियान को व्यापक समर्थन नहीं मिल रहा
- जनता को अफगानिस्तान जैसा लग रहा मामला
- सरकार नहीं बता पा रही कि आगे क्या करना है

**इराक से समानता ।** वेनेज़ुएला में सैन्य हस्तक्षेप को लेकर बहस उसकी मेरिट पर नहीं, बल्कि इस पर है कि इस अभियान को कैसे पेश किया जाता है। वेनेज़ुएला में ऑपरेशन और इराक में घुसपैठ में कई समानताएं हैं। अमेरिका एक विदेशी नेता पर हमला कर रहा है, जिसकी वैधानिकता पर विवाद है और जिसके आतंकियों से कनेक्शन हैं। लेकिन, इसकी वजह से स्थिति और बिगड़ सकती है, जिसे अमेरिकी जनता पसंद नहीं करेगी।

**कंट्रोल का मतलब ।** एक दूसरा विकल्प भी है, 1989 में अमेरिका ने पनामा के नेता Manuel Noriega को ड्रग्स तस्करी के आरोप में पद से हटा दिया था। वेनेज़ुएला में भी अगर ऐसा ही किया जाए, तो जनता को अच्छा लगेगा। तब सरकार कह सकती है कि हम केवल बुरे लोगों को हटाकर वापस लौट रहे हैं, लेकिन ट्रंप ने इस नैरेटिव को पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब वेनेज़ुएला का कंट्रोल अमेरिका के पास है।

**मेहनत नहीं की ।** असल में ट्रंप प्रशासन ने वेनेज़ुएला पर हमले को इस तरह पेश करने का प्रयास ही नहीं किया, जिससे समर्थन जुटाने जा सके। इसके उलट, बुश प्रशासन ने इराक युद्ध को सही ठहराने के लिए महीनों मेहनत की थी। एक वक्त 70% अमेरिकी इस बात के पक्ष में थे कि इराक पर हमला करना चाहिए। दूसरी ओर, ट्रंप के ऑपरेशन को अधिकतम 45% समर्थन मिलता दिख रहा है। और अभी तो सैन्य सफलता का उत्साह है, जब सवाल उठेगा कि 'अब आगे क्या' तब समर्थन गिरेगा।

**आर्थिक संकट ।** ट्रंप अगले कुछ हफ्तों में एक बजट पास कराना चाहेंगे, वरना फिर गवर्नमेंट शटडाउन का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप कह चुके हैं कि वह टैक्स में और ज्यादा कटौती, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और ऐसी कई चीजें चाहते हैं, जिसके लिए कांग्रेस का सहयोग चाहिए। लेकिन उनकी लोकप्रियता जितनी कम होगी, उनके लिए रिपब्लिकन्स के वोट जुटाना उतना ही मुश्किल होगा।

**दोहरा घाटा ।** टीवी स्क्रीन पर बम गिरते हुए देखना और फिर जोरदार धमाका होना भीड़ को पसंद आता है। इससे पता चलता है कि सेना पर हर साल जो ट्रिलियन डॉलर खर्च किए जा रहे हैं, उसका असर हो रहा है। लेकिन, जनता को कोई वाजिब कारण और यह बताए बिना कि आगे क्या होने वाला है, युद्ध में उतरना ट्रंप और वेनेज़ुएला - दोनों के लिए ही घातक हो सकता है।

*(लेखक अमेरिका की Fairleigh Dickinson University में पढ़ाते हैं)*

# प्रदूषण घटाने में कार्बन क्रेडिट से मिलेगी मदद



अविनाश चंद्र

राजधानी दिल्ली कई वर्षों से लगातार दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है। यह आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहे देश के लिए ठीक नहीं है। इस मामले में तमाम दावों के बावजूद हर साल प्रदूषण की स्थिति बदतर हो रही है।

**बढ़ रहे खतरनाक दिन ।** सर्दियों में 'बहुत खतरनाक' दिनों की संख्या बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में स्कूल-दफ्तर बंद कर दिए जाते हैं। निर्माण कार्य रोक दिए जाते हैं। देश के अन्य शहरों की हालत भी यही है। अनुमान है कि प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को सालाना करीब 100 अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है। प्रदूषण से होने वाली बीमारियों और इससे श्रमबल पर पड़ने वाले असर से आंकड़ा और बढ़ सकता है।

**कारण जानना जरूरी ।** सवाल उठता है कि क्या प्रदूषण का कोई समाधान नहीं या सरकार के प्रयासों में कमी है? हमें पहले सही कारण तलाशने होंगे। भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, पराली जलाने, शहरीकरण और वाहनों-कारखानों से निकलने वाले धुएं को मुख्य कारण माना जाता है। दुनिया के लगभग सभी विकसित देशों को विकास की प्रक्रिया के दौरान इन चुनौतियों से गुजरना पड़ा। आज अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन को विश्व का सबसे स्वच्छ देश कहा जाता है। 1980 के दशक में अमेरिका और कनाडा में तेजाब की बारिश होने लगी थी। पेड़-पौधों, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विलुप्त होने का खतरा मंडराने लगा। लंदन की टेम्स नदी मृत घोषित कर दी गई।

## कॉमन रूम



**दुनिया में बने नजीर ।** इन देशों ने न सिर्फ आर्थिक और विकास गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए, बल्कि संरक्षण के काम में लगे लोगों को प्रोत्साहित भी किया। ट्रेडेबल कार्बन क्रेडिट की व्यवस्था की। तय किया कि प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन हर साल एक लाख टन से अधिक नहीं होना चाहिए। अगर देश में एक हजार फैक्ट्रियां हैं तो फैक्ट्रियों को उनके आकार (छोटे, मझोले और बड़े) के आधार पर 10 से 100 टन कार्बन उत्सर्जन की छूट दे दी जाती है। सीमा से अधिक उत्सर्जन पर भारी कीमत वसूली जाने लगी। फैक्ट्रियों को अपने उत्सर्जन कोटे को बचाने और दूसरों को हस्तांतरित करने की आजादी दी गई। आम लोगों को पेड़ लगाकर उत्सर्जन क्रेडिट बेचने का मौका दिया गया।

**भावना पर चोट ।** दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए तंदूर, कोयले वाले प्रेस आदि पर प्रतिबंध से गरीबों की भावना आहत होती है। उन्हें लगता है कि प्रदूषण का मुख्य कारण निर्माणाधीन इमारतें हैं - दिन-रात चलने वाली फैक्ट्रियां और गाड़ियां हैं। लेकिन, कार्रवाई हमारी कमाई पर की जाती है। कार्बन क्रेडिट जैसी व्यवस्था अगर यहां शुरू की जाए, तो बगैर शोर के समस्या सुलझाई जा सकती है।

*(लेखक पब्लिक पॉलिसी मामलों के जानकार हैं)*

## कांटे की बात

ड्राइवरलेस कारों के लिए Nvidia का नया AI आधारित प्लैटफॉर्म ऐसी गाड़ियों की समझ बेहतर करेगा। इससे बेहद चुनौतीपूर्ण माहौल में ये सेफ ड्राइविंग एक्सपीरियंस देंगी। हम मर्सिडीज के साथ मिलकर इसके लिए काम कर रहे हैं।



जेंसन हुआंग, *Nvidia के सह-संस्थापक*

## छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

# नींद के घंटे नहीं, सही समय पर सोना ज़रूरी

***नींद को** अक्सर घंटों से जोड़ा जाता है। इस बारे में कई रिसर्च हुई और कई अब भी जारी हैं। अब एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि नींद का नियमित होना ज्यादा जरूरी है। हर दिन एक निश्चित समय पर सोना और जागना सेहत के लिए सही है।*

### बीमारियों का खतरा

**वैज्ञानिकों ने** पाया है कि अनियमित नींद वालों पर बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। जो सही समय पर सोते और जागते नहीं, उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और डिमेंशिया की आशंका बढ़ जाती है। नींद, भूख, मूड, हार्मोन को नियंत्रित करने वाली शरीर की घड़ी - Circadian Rhythm बिगड़ने लगती है। आपको किसी भी समय भूख लग सकती है। इससे खाना पचने में परेशानी होती है और मोटापे का शिकार हो सकते हैं।



Adobe Stock

### नींद लाने के उपाय

**रोजाना** 20 से 30 मिनट धूप में बैठना चाहिए, ठंडी हवा लेनी चाहिए। सुबह जब रोशनी आंखों को लगती है, तब शरीर को शाम का इंतजार रहता है। रोशनी से सर्कैडियन रिदम नियंत्रित होता है। इसके अलावा, हर रात सोने से एक घंटा पहले अलार्म लगाने से दिमाग को लगने लगता है कि अब सोने का वक्त होने वाला है। सोने से पहले किताब पढ़ें, ध्यान करें ताकि आसानी से नींद आ जाए।

# मनरेगा आंदोलन से कांग्रेस को दिख रही उम्मीद

हेमंत राजौरा

**महात्मा गांधी** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्वरूप में बदलाव कर इसे नए नाम VB-G RAM G (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) के तहत आगे बढ़ाने की कोशिश ने सियासी बहस को तेज कर दिया है। कांग्रेस ने इसे मनरेगा की आत्मा पर हमला बताते हुए इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। यह आंदोलन ग्रामीण भारत में राजनीतिक पकड़ दोबारा मजबूत करने की कांग्रेसी रणनीति का अहम हिस्सा है।

### कानूनी गारंटी पर खतरा

कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा का नाम और ढांचा बदलकर उसकी कानूनी गारंटी को कमजोर करना चाहती है। पार्टी का कहना है कि मनरेगा सिर्फ एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, खासतौर पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए जीवन रेखा रही है। VB-G RAM G जैसे नए ढांचे में रोजगार की कानूनी गारंटी, मजदूरी भुगतान की समयबद्धता और जरूरतों के अनुरूप काम देने की प्रतिबद्धता खत्म होने का खतरा है।

इसे राजनीतिक रूप से भुनाने के लिए कांग्रेस ने पंचायत से संसद तक डेढ़ महीने का व्यापक कार्यक्रम तैयार किया है। इसके तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र व्यक्तिगत रूप से ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा मजदूरों तक पहुंचाए जाएंगे।

हाल के वर्षों में कांग्रेस ने वोट चोरी, SIR जैसे मुद्दों पर देशव्यापी अभियान चलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों में हार के बाद पार्टी के भीतर भावना बनी कि ऐसे मुद्दों का जमीनी असर सीमित रहा। इसलिए उसे एक ऐसे विषय की तलाश थी, जो सीधे जनता की रोजी-रोटी से जुड़ा हो। मनरेगा इस कसौटी पर खरा उतरता है।



विशुद्ध राजनीति
कसौटी

इतिहास भी कांग्रेस के पक्ष में है। माना जाता है कि 2009 में केंद्र की सत्ता में उसकी वापसी के पीछे मनरेगा की निर्णायक भूमिका थी। अब पार्टी उसी सामाजिक आधार को सक्रिय करना चाहती है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस लंबे समय से कमजोर रही है, मनरेगा के जरिए नए सिरे से राजनीतिक जमीन तैयार करने की उम्मीद की जा रही है।

कांग्रेस सरकार पर दबाव बनाना चाहती है कि वह योजना की मूल भावना से छेड़छाड़ न करे। पार्टी नेताओं का कहना है कि अगर इस मुद्दे पर विभिन्न वर्गों को एकजुट किया गया तो यह आंदोलन बड़ा रूप ले सकता है।

### अवसर ही नहीं, परीक्षा भी

सवाल है कि क्या यह रणनीति उतनी कारगर साबित होगी जितनी कांग्रेस उम्मीद कर रही है। आज के राजनीतिक हालात 2009 से काफी अलग हैं। केंद्र सरकार विकसित भारत के नैरेटिव के साथ योजनाओं को नए नाम और ढांचे में पेश कर रही है जिसे एक बड़ा वर्ग सकारात्मक रूप में भी देखता है। ऐसे में कांग्रेस को यह साबित करना होगा कि VB-G RAM G वास्तव में मनरेगा को कमजोर करता है न कि उसे और प्रभावी बनाता है।

कुल मिलाकर, मनरेगा बनाम VB-G RAM G कानून का मुद्दा कांग्रेस के लिए एक अवसर भी है और परीक्षा भी। अगर वह सचमुच मजदूरों के बीच जाकर उनके अनुभवों, समस्याओं और आशंकाओं को आंदोलन का केंद्र बनाती है तो यह अभियान उसे ग्रामीण भारत में फिर से प्रासंगिक बना सकता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# पत्थर पर हर दिन पानी क्यों डालता था वह भिक्षु

देवेन्द्रराज सुथार

**जीवन में** अक्सर हम बड़े परिणाम और तात्कालिक सफलता के पीछे भागते हैं और इस प्रक्रिया में छोटे प्रयासों के महत्व को भूल जाते हैं। हमारी साधना, हमारी रोजमर्रा की सजगता, हमारे छोटे काम भी धीरे-धीरे प्रभाव डालते हैं। आध्यात्मिक जीवन केवल उच्च विचार या ज्ञान का संग्रह नहीं, बल्कि आत्मा का निरंतर प्रशिक्षण है। यह प्रशिक्षण किसी महान घटना या असाधारण कार्य की प्रतीक्षा नहीं करता, बल्कि हर दिन किए जाने वाले छोटे, लगातार प्रयासों में छिपा होता है। यही प्रक्रिया मनुष्य को भीतर से बदलती है और उसे स्थिर, सहनशील और सजग बनाती है। जब हम धैर्य और लगन से लगातार प्रयास करते हैं, तो कठिन से कठिन परिस्थितियां में भी धीरे-धीरे परिणाम दिखने लगते हैं।

AI image



जापान के दार्शनिक कूकाई एक दिन पहाड़ों में एक छोटे मठ में रुके। वहां एक वृद्ध भिक्षु हर दिन घंटों पत्थर पर पानी डालता था। कूकाई ने हैरानी से पूछा कि ऐसा करने का क्या फायदा, क्योंकि पत्थर तो कभी नहीं पिघलेगा। भिक्षु ने शांत स्वर में उत्तर दिया, 'हां, यह जानता हूं, लेकिन ऐसा करने से अपनी छाप जरूर छोड़ेगा।' कुछ दिन ठहरने के बाद जब कूकाई वहां से जाने लगे, उन्होंने देखा कि पत्थर पर पानी की धार से एक हल्की रेखा बन गई थी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'अब समझ आया कि धैर्य पूर्वक नियमित प्रयास करो, तो असर अवश्य होता है।'

मनुष्य अक्सर तुरंत संतुष्टि के लिए प्रयास करता है और छोटी-छोटी निरंतर क्रियाओं को महत्व नहीं देता। लेकिन स्थिरता और सहनशीलता जीवन में असली शक्ति का आधार बनाती है। यह शक्ति दिखावा नहीं करती, वह तुरंत मान्यता नहीं पाती, लेकिन समय और धैर्य के साथ उसका असर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

महानता केवल बड़ी उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि निरंतर, शांत और सुसंगत प्रयास में निहित है। जीवन में धैर्य और लगन की यही शक्ति हमें कठिनाइयों के सामने टिकने, असफलताओं से सीखने और समय के साथ स्थायी परिवर्तन लाने में सक्षम बनाती है।

## जनता जंक्शन

इरफान





## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### दूषित पानी क्यों?

6 जनवरी को प्रकाशित आलेख 'देशभर में हैं पेयजल से जुड़ी बड़ी चुनौतियां' पढ़कर चिंता हुई। इसमें आलोक मेहता ने इंदौर के दूषित पानी के संकट के बाद देश के अन्य शहरों की स्वच्छ पेयजल के मामले में दयनीय स्थिति का वर्णन किया है। नलों में सीवरेज मिला पानी पहुंचने से सैकड़ों लोगों का बीमार पड़ना और कई मौतें होना इस बात का प्रमाण है कि स्वच्छता रैंकिंग और जमीनी हकीकत के बीच गहरी खाई है। ऐसी ही स्थिति कमोबेश दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में कुछ जगहों पर भी देखने को मिलती है। इन राज्यों में गर्मियों में पानी की उपलब्धता के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता भी बड़ी चुनौती बन चुकी है।

-विभूति बुपक्या, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 01-06-2026 22:20 Color:



## फटाफट खबरें

### 45 मिनट में बिके अदाणी के बॉण्ड्स

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अदाणी एंटरप्राइजेज (AEL) के 1,000 करोड़ रुपये के नॉन कन्वर्टेबल डिबेंचर (NCD) को निवेशकों ने हाथों-हाथ लिया है। यह इश्यू खुलने के महज 45 मिनट के भीतर ही पूरी तरह बिक गया। 500 करोड़ रुपये का मुख्य हिस्सा (बेस इश्यू) तो सिर्फ 10 मिनट में ही खत्म हो गया। इश्यू के बंद होने की आखिरी तारीख 19 जनवरी है।

### 30 दिन पुराना डेटा ही चलेगा: सेबी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: शेयर बाजार के डेटा के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सेबी ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब कोई संस्थान या व्यक्ति शेयर बाजार के बारे में लोगों को जानकारी फैलाना चाहता है, तो वह बिल्कुल ताजा आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि 30 दिन पुराना डेटा ही इस्तेमाल किया जाए।

### सर्विस सेक्टर की रफ्तार धीमी


■ पीटीआई, नई दिल्ली: पिछले साल दिसंबर महीने में भारत के सर्विस सेक्टर की चमक थोड़ी फीकी पड़ गई है। नए काम मिलने की रफ्तार 11 महीनों में सबसे धीमी रही है। इस दौरान एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज PMI का आंकड़ा 58.0 रहा, जो नवंबर में 59.8 था। PMI का 50 से ऊपर होना बढ़त का संकेत है। लेकिन 58.0 का स्तर जनवरी के बाद से सबसे कम ग्रोथ दिखाता है।

### Nestle वापस मंगा रही 'खराब' प्रॉडक्ट

■ एएफपी, ज्यूरिख: नेस्ले (Nestle) ने यूरोप के कई देशों में बच्चों के दूध के कुछ बैच वापस मंगाने का फैसला किया है। कंपनी ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर बताया कि उन्हें सप्लायर से क्वॉलिटी की समस्या मिली है। नेस्ले उन सभी वस्तुओं की जांच कर रही है, जिनका इस्तेमाल इन प्रॉडक्ट्स को बनाने में किया गया था। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर इन प्रॉडक्ट्स की तस्वीरें जारी की है।

# रूसी तेल ने बिगाड़ा शेयर बाज़ार का खेल

## रिलायंस के शेयर 4% से ज्यादा गिरे, 8 महीने की सबसे बड़ी इंट्रा-डे गिरावट


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। बाजार पर दबाव की सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ता तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी रही। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक में जमकर बिकवाली हुई।

BSE पर रिलायंस का शेयर 4.42% गिरकर 1,507.70 रुपये पर बंद हुआ। एक समय तो यह 5% तक गिर गया था। सिर्फ एक दिन की इस गिरावट से रिलायंस की मार्केट वैल्यू में 94,388.99 करोड़ रुपये की भारी कमी आई। जानकारों का कहना है कि पिछले आठ महीनों में रिलायंस के शेयर में एक दिन के भीतर आई यह सबसे बड़ी गिरावट है।

रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को सफाई दी कि पिछले करीब तीन हफ्तों से उसने रूसी तेल की एक भी खेप नहीं ली है। इसके साथ ही जनवरी के पूरे महीने में भी रूस से तेल आने की कोई उम्मीद नहीं है। दरअसल, हाल ही में ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस के तेल से लदे तीन जहाज जामनगर (गुजरात) रिफाइनरी की ओर आ रहे हैं। रिलायंस ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह से गलत बताया है। जानकारों का कहना है कि वेनेजुएला संकट से उपजी अनिश्चितता और रूसी तेल आयात के मुद्दे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

**बाजार में हलचल**

- सेंसेक्स 376.28 अंक गिरकर 85,063.34 पर बंद हुआ।
- निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 पर आ गया।
- टाटा ग्रुप की रिटेल कंपनी Trent के शेयरों में 8.62% की गिरावट आई।
- स्मॉलकैप में 0.39 प्रतिशत और BSE मिडकैप इंडेक्स में 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही।
- डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 90.18 के स्तर पर बंद हुआ।
- सोने की कीमत दिल्ली में 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।
- चांदी 7,000 रुपये बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) हो गई।

**क्या रहीं वजहें?**

- **ट्रंप की चेतावनी:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना कम नहीं करता, तो अमेरिका उन पर भारी टैक्स लगा सकता है।
- **सर्विस सेक्टर में सुस्ती:** दिसंबर के आंकड़े बताते हैं कि भारत के सर्विस सेक्टर की रफ्तार 11 महीनों में सबसे धीमी रही है। कंपनियों ने नई भर्तियां भी कम की हैं।
- **विदेशी तनाव:** वेनेजुएला संकट और रूसी तेल आयात को लेकर बनी अनिश्चितता से निवेशकों में डर का माहौल रहा।
- **मुनाफावसूली:** निवेशकों ने बढ़े हुए दामों पर शेयर बेचकर अपना मुनाफा निकाला, जिससे बाजार नीचे आ गया।

# अमेरिकी टैरिफ के असर का जायज़ा लेगी संसद की समिति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी के बीच कॉमर्स से जुड़ी संसद की स्थायी समिति के सदस्य देश के चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों का जायजा लेंगे, जिससे विभिन्न सेक्टरों पर टैरिफ से पड़े असर को बेहतर ढंग से समझा जा सके। मंगलवार से शुरू हुए तीन दिवसीय दौरे में ये सांसद विशाखापत्तनम, चेन्नई और कोयंबटूर जाएंगे। इस दौरे का मकसद चुनौतियों का जायजा लेकर निर्यात बढ़ाने के उपाय तलाशना है।


संसदीय स्थायी समिति इस दौरे में यह भी देखेगी कि वित्तीय संस्थानों, केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से उठाए गए कदमों से अमेरिकी टैरिफ का असर कितना कम हुआ है। मंगलवार को सांसदों ने विशाखापत्तनम में समुद्री उत्पादों के सेक्टर के प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने एक्सपोर्ट काउंसिल और वित्तीय संस्थानों के लोगों की राय भी ली। बुधवार को समिति चेन्नई पहुंचेगी। वहां वह ऑटोमोटिव और लेदर सेक्टरों के प्रतिनिधियों से मिलकर अमेरिकी टैरिफ के असर का जायजा लेगी। गुरुवार को ये सांसद कोयंबटूर जाएंगे। वहां


समुद्री उत्पादों, ऑटो, लेदर और टेक्सटाइल्स सेक्टर के लोगों से मिलेगी संसदीय स्थायी समिति

टेक्सटाइल एंड अपैरल सेक्टर से जुड़े मैन्युफैक्चरर्स और एक्सपोर्टर्स से मिलेंगे। ये अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और CITI जैसे उद्योग संगठनों के लोगों की राय भी लेंगे।

इस बीच, नीति आयोग ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की पकड़ मजबूत करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत है। आयोग ने ट्रेड वॉच क्वार्टरली के ताजा अंक में कहा कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के साथ क्वालिटी स्टैंडर्ड्स और सर्टिफिकेशन सिस्टम को मजबूत बनाना होगा।

# बैंकों में लोन-जमा का गैप बढ़ा, क्या बढ़ेगी EMI?


AI Image

■ NBT रिपोर्ट: भारतीय बैंकों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। बैंक जितनी तेजी से बाजार में लोन दे रहे हैं, उतनी तेजी से उनके पास पैसा जमा नहीं हो रहा है। बैंकिंग सिस्टम में लोन और डिपॉजिट का अनुपात (LDR) दिसंबर तिमाही में 81% के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे, तो बैंकों को मजबूरी में डिपॉजिट (जमा) पर ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी। साथ ही, वे कर्ज पर ब्याज दरों में कटौती करने से भी बचेंगे। ET के मुताबिक, ज्यादा LDR का मतलब है कि बैंकों के पास नया कर्ज देने के लिए कम फंड बचेगा।

- बैंकिंग सेक्टर का लोन-टू-डिपॉजिट रेशियो रिकॉर्ड 81% पर पहुंचा
- कर्ज बांटने की रफ्तार पैसा जमा होने की रफ्तार से कहीं ज्यादा तेज

**क्या है बैंकों की स्थिति?**

- HDFC बैंक में पिछले साल के मुकाबले लोन 12% बढ़े, डिपॉजिट 11.5% की रफ्तार से बढ़े। दिसंबर के अंत तक बैंक ने कुल 28.44 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया, जबकि उसके पास जमा राशि 28.59 लाख करोड़ रुपये थी।
- बैंक ऑफ बड़ौदा का कर्ज 14.57% बढ़ा, जमा सिर्फ 10.25% ही बढ़ा।
- PNB में जमा 8.5% बढ़ा, जबकि कर्ज 11% की रफ्तार से बढ़ा।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जमा की रफ्तार 3.4% रही, जबकि कर्ज 7.13% बढ़ा।
- एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में जमा की रफ्तार कर्ज के लगभग बराबर या उससे थोड़ी ज्यादा रही।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स?**

मैक्वेरी कैपिटल के सुरेश गणपति का कहना है कि 81% की LDR अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगर यह स्थिति बनी रही, तो बैंकों को ग्राहकों को लुभाने के लिए डिपॉजिट रेट बढ़ाने पड़ेंगे। साथ ही, अगर RBI भविष्य में ब्याज दरें घटाता भी है, तो बैंक शायद उसका फायदा आम लोगों तक न पहुंचा पाएं।

**NBFCs को फायदा?**

नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (NBFCs) ने इस दौरान जबरदस्त बढ़त दिखाई है। बजाज फाइनेंस के नए लोन में 15% की बढ़ोतरी हुई। पूनावाला फिनकॉर्प के ऐसेट में सालाना 77% का भारी उछाल आया, वहीं M&M फाइनेंस के कारोबार में भी करीब 12% की तेजी देखी गई।

# बीमा एजेंटों के मोटे कमिशन पर नकेल कसने की तैयारी


AI Image

■ NBT रिपोर्ट : बीमा बाजार में एजेंटों को मिलने वाले भारी-भरकम कमिशन पर अब कैंची चल सकती है। इसे लेकर नए नियम बनाने की तैयारी चल रही है ताकि ग्राहकों को 'मिस-सेलिंग' और महंगे प्रीमियम से बचाया जा सके।

इंश्योरेंस रेगुलेटर IRDAI ने चेतावनी दी है कि डिस्ट्रीब्यूशन (पॉलिसी बेचने) का खर्च बढ़ने की वजह से इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो रहा है। कंपनियों की तरफ से एजेंटों को ज्यादा पैसा देने के चक्कर में आम लोगों को महंगी पॉलिसी खरीदनी पड़ रही है। RBI ने भी अपनी रिपोर्ट में इस बढ़ते खर्च पर चिंता जाहिर की है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि जब पहले साल में एजेंटों को बहुत ज्यादा कमिशन मिलता है, तो मिस-सेलिंग (गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचना) का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा पैसे के लालच में एजेंट ग्राहकों को गलत तरीके से पॉलिसी थमा देते हैं। इससे पॉलिसीधारकों को चपत लगती है।

आंकड़े बताते हैं कि 2024-25 में लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने कमिशन के तौर पर 60,800 करोड़ रुपये बांटे, जो पिछले साल से 18% ज्यादा है। इस दौरान कंपनियों के प्रीमियम (कमाई) में सिर्फ 6.73% की ही बढ़त हुई।

# बड़ी डिस्प्ले-बैटरी, पर कितना खरा यह बजट फोन

गैजेट रिव्यू

ब्रह्मांश यादव

**Redmi 15C 5G**
12,499 रुपये 4GB+128GB
13,999 रुपये 6GB+128GB
15,499 रुपये 8GB+128GB

बजट स्मार्टफोन खरीदते वक्त ज्यादातर यूजर्स का सवाल होता है कि कम दाम में क्या-क्या कटौती झेलनी पड़ेगी। कहीं कैमरा कमजोर होता, कहीं डिस्प्ले औसत निकलती तो कहीं परफॉर्मेंस समझौते वाली होती। इसी सोच को चैलेंज करने का दावा किया है शाओमी (Xiaomi) ने अपने नए फोन 'रेडमी 15C 5G' के साथ। 12,499 रुपये की शुरुआती कीमत में आने वाले इस फोन के दावों में कितना दम है, कैमरा, डिस्प्ले, परफॉर्मेंस जैसे पैमानों पर यह कितना भरोसेमंद है, इस रिव्यू में इस पर ही बात होगी।

शाओमी ने फोन के साथ कंजूसी नहीं की है, बॉक्स में 33W चार्जर और कवर मिल जाता है। फोन प्लास्टिक का है, लेकिन हाथ में पकड़ने पर यह सस्ता महसूस नहीं होता। इसकी 6.9 इंच की IPS LCD डिस्प्ले काफी बड़ी है, जो कंटेंट देखने वालों को पसंद आएगी। रेडमी 15C को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए बनाया गया है जो कम बजट में 5G और बड़े डिस्प्ले वाला फोन चाहते हैं। 120Hz का रिफ्रेश रेट स्क्रॉलिंग को स्मूद बनाता है।

हालांकि, फोन को सामने से देखने पर निराशा होती है। यू-शेप नॉच और मोटे बेजल्स इसे आज के हिसाब से थोड़ा 'आउटडेटेड' लुक देते हैं। 810 निट्स की ब्राइटनेस इनडोर के लिए काफी है, लेकिन तेज धूप में डिस्प्ले थोड़ा फीका पड़ता है। अच्छी बात यह है कि इस बजट में भी डिस्प्ले को गोरिल्ला ग्लास 3 की मजबूती दी गई है। हेडफोन जैक और पावर बटन में फिंगरप्रिंट स्कैनर भी मिलता है।



फोन में मीडियाटेक डाइमेंशन 6300 चिपसेट दिया गया है। प्रैक्टिकल इस्तेमाल की बात करें, तो रोजमर्रा के टास्क जैसे सोशल मीडिया, यूपीआई पेमेंट और मल्टीटास्किंग में फोन ने परेशान नहीं किया। सॉफ्टवेयर के मोर्चे पर भी फोन अच्छा है। फोन एंड्रॉइड 15 पर आधारित लेटेस्ट HyperOS 2 के साथ आता है। इसमें 'Circle to Search' और 'Gemini Live' जैसे AI फीचर्स भी मिलते हैं, जो आमतौर पर इस कीमत के फोन में कम ही दिखते हैं। सिंगल स्पीकर है, लेकिन 'वॉल्यूम बूस्ट' मोड से आवाज अच्छी खासी लाउड मिल जाती है। रेडमी 15C के पीछे 50MP का मैन कैमरा और 2MP का डेप्थ सेंसर है। दिन की रोशनी में यह फोन अपने बजट के हिसाब से काफी शार्प और नेचुरल फोटो क्लिक करता है। लेकिन जैसे ही रोशनी कम होती है, कैमरा स्ट्रगल करने लगता है। लो-लाइट शॉट्स में काफी नॉइज दिखाई देता है। पोर्ट्रेट मोड और 8MP सेल्फी कैमरा भी औसत ही है, इनमें डिटेल्स की कमी खलती है।

फोन की ताकत 6000mAh बैटरी है। एक बार चार्ज करने पर यह आराम से डेढ़ दिन तक चल जाती है। 33W चार्जर से फुल चार्ज होने में करीब 1 घंटा 15 मिनट का समय लगता है। रेडमी 15C 5G एक बैलेंस बनाने की कोशिश करता है। 12,499 रुपये में आपको बेहतरीन बैटरी लाइफ, लेटेस्ट सॉफ्टवेयर और बड़ी डिस्प्ले मिलती है। लेकिन, कैमरा आपकी प्रायोरिटी है, तो आपको बजट बढ़ाकर कुछ दूसरे ऑप्शन तलाशने चाहिए।

## मुंबई

### कांजुरमार्ग में मकान दिलाने के नाम पर ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांजुरमार्ग की 45 वर्षीय शिक्षिका ने तीन लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कराया है। कांजुरमार्ग पुलिस के अनुसार, 2021 में पीड़िता किराए के लिए मकान ढूंढ रही थी, तभी उसकी पहचान सुनीता नाटकर से हुई, जिसने सस्ते दाम पर फ्लैट दिलाने का वादा किया।

शिक्षिका से 8 लाख से ज्यादा रकम वसूली, केस दर्ज

सुनीता ने उसकी मुलाकात गोविंद चितालिकारी और मुश्ताक जिलानी शेख से कराई। इन लोगों ने पीड़िता को कांजुरमार्ग स्थित एमएमआरडीए इमारत में बुलाकर फर्जी बायोमैट्रिक प्रक्रिया कराई और 25 लाख रुपये में घर दिलाने का प्रस्ताव दिया। आरोपियों ने पीड़िता से 5 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो घर के कागज मिले, न चाबी।

### RBI अधिकारी बनकर दिया नोट बनाने का झांसा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: माटुंगा पुलिस ने 32 वर्षीय दिव्यांग युवक की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है। 2017 में जब वह मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था, तभी उसकी मुलाकात बबन लोंढे से हुई। बबन ने उसे विकास शिंदे और एक अन्य व्यक्ति से यह कहकर मिलवाया कि वे आरबीआई के अधिकारी हैं।

दिव्यांग युवक से 14.65 लाख की ठगी

आरोप है कि तीनों ने आरबीआई का 'ब्लैक पेपर' और विशेष लिक्विड का दावा किया, जिससे असली नोट छप सकते हैं और 'डेमो' भी दिया। पीड़ित और उसकी महिला मित्र ने लालच में आकर आरोपियों को 14.65 लाख रुपये दे दिए, जिसके बदले आरोपी 47 लाख रुपये वापस करने वाले थे।

# जनवरी में भी ठंड बेअसर, मुंबई में महसूस हो रही गर्मी

## धुंध छाई रहेगी, लेकिन AQI 150 तक रहने की उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जनवरी की शुरुआत के बावजूद मुंबई और आसपास के इलाकों में ठंड का असर कमजोर बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार मुंबईकरों को अच्छी ठंड के लिए अभी और इंतजार करना होगा। वहीं टेम्परेचर इनवर्जन के चलते शहर में धुंध की चादर बनी रहेगी।

महानगर में पिछले कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई का अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो कुछ दिन पहले 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। वहीं न्यूनतम तापमान, जो पहले 16 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच था, अब 19 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। यह सामान्य से करीब 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विशेषज्ञ राजेश कपाड़िया ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों तक तापमान में किसी बड़ी गिरावट की संभावना न के बराबर है। मौजूदा स्थिति का प्रमुख कारण टेम्परेचर इनवर्जन है। आमतौर पर सर्दियों में ठंडी हवा नीचे आती है और गर्म हवा ऊपर चली जाती है, लेकिन फिलहाल इसके उलट स्थिति बनी हुई है। ठंडी हवा नीचे फंसी हुई है और ऊपर गर्म हवा की परत बनी हुई है, जिसके कारण तापमान में गिरावट नहीं हो पा रही है।


**और बढ़ेगा तापमान:** कपाड़िया ने बताया कि दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु क्षेत्र में एक मौसम प्रणाली सक्रिय हो रही है। इसके प्रभाव से मुंबई और कोंकण क्षेत्र में पूर्वी हवाएं (पुरवैया) चल रही हैं। इन हवाओं के कारण आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। हालांकि बादल छाने के बावजूद बारिश की कोई संभावना नहीं है। उल्टा, बादलों की मौजूदगी के चलते रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

इसी वजह से मौसम में स्थिरता बनी हुई है और ठंड के दोबारा लौटने की संभावना फिलहाल नहीं दिखाई दे रही है। शहर में पिछले कुछ दिनों से धुंध छाई हुई नजर आ रही है। हालांकि इससे दृश्यता कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है, लेकिन राहत की बात यह है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 150 से नीचे रहने की संभावना है। यानी हवा की गुणवत्ता फिलहाल खतरनाक स्तर तक नहीं पहुंचेगी। जब तक कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ या ठंडी हवाओं का सिस्टम सक्रिय नहीं होता, तब तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

### सस्ते सोने का लालच बना ठगी का जाल, दो आरोपी गिरफ्त में

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: डी.बी. मार्ग पुलिस ने नकली सोने के सौदे के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। यह घटना 14 से 16 अक्टूबर के बीच की है।

मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को ग्रांट रोड (ईस्ट) में मुख्य आरोपी ने खुद को दिपु प्रजापति बताते हुए शिकायतकर्ता को कम दाम में चांदी के सिक्के देने का लालच दिया। अगले दिन उसे बोरीवली स्थित नैशनल पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया, जहां उसे 1.41 ग्राम सोना देकर भरोसा जीत लिया।

**हरियाणा में थे आरोपी:** 16 अक्टूबर को उसी स्थान पर शिकायतकर्ता को 4 से 5 किलो असली सोना देने का झांसा देकर 10 लाख रुपये अग्रिम राशि के रूप में लिए गए और उसके बदले नकली सोना दे दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों के हरियाणा में होने का पता लगाया। 1 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान नकली सोने जैसे धातु के सिक्के और 7.5 किलो पीली धातु की मालाएं जब्त की गईं। आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिन का ट्रांजिट रिमांड मिला। इसके बाद दोनों आरोपियों को मुंबई लाया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# ग्रंथालय परिषद की बैठक हुई 16 साल बाद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य में लगभग 16 साल बाद राज्य ग्रंथालय परिषद की पहली बैठक आयोजित की गई। उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटील ने कहा कि राज्य सरकार पुस्तकालय आंदोलन को मजबूत करने के लिए हरसंभव सहयोग देगी और इसके लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे। वह बैठक में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए थे।

पुस्तकालय आंदोलन को नई ताकत देने का ऐलान

उन्होंने कहा कि राज्य ग्रंथालय परिषद सरकार को पुस्तकालय आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह देने वाली प्रमुख संस्था है और इसे फिर से सक्रिय करना बेहद जरूरी था। परिषद की पिछली बैठक 26 मई 2009 को हुई थी। 16 साल बाद यह बैठक आयोजित होना पुस्तकालय आंदोलन के लिए एक अहम कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुस्तकालयों के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। पुस्तकालय प्रबंधन के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस फैसले लिए जाएंगे। बैठक में पुस्तकालय निदेशालय के 2008-09 से 2024-25 तक के वार्षिक प्रतिवेदनों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही, राज्य में वाचन संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई।



**मोबाइल लाइब्रेरी वैन का प्रस्ताव**

ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में पढ़ने की आदत को बढ़ाने के लिए सीएसआर फंड या राजा राममोहन राय योजना के तहत मोबाइल लाइब्रेरी वैन शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया। वैन के जरिए गांवों, स्कूलों और दूरदराज के इलाकों में पुस्तकें पहुंचाने की योजना है। इसके अलावा, राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और छह विभागीय पुस्तकालयों में घुमंतू पुस्तकालय सेवा को प्रायोगिक आधार पर शुरू करने की योजना पर विचार किया गया। सार्वजनिक पुस्तकालयों की तीन साल में एक बार नियमित जांच को मंजूरी दी गई। बैठक में ई-लाइब्रेरी, यूनिक ई-लाइब्रेरी डाटाबेस, मोबाइल लाइब्रेरी और डिजिटल सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### आबादी 1,300, बन गए 27,000 जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सरकार ने सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) सॉफ्टवेयर रिकॉर्ड में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। अधिकारियों के अनुसार, 1,300 की आबादी वाले एक गांव में लगभग 27,000 जन्म और मृत्यु पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

शेंदुरसनी ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 1,300 है। वहीं, सीआरएस के तहत जारी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों की संख्या 27,000 है।

महाराष्ट्र सरकार ने की SIT गठित

यह आंकड़ा गांव की जनसंख्या से बेमेल है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में पंजीकरण आंकड़ों में अत्यंत असामान्य और चिंताजनक असंतुलन सामने आया है। अधिकारियों ने दिसंबर में बताया था कि केवल तीन महीने में गांव में 27,398 'विलंबित जन्म पंजीकरण' दर्ज हुए। इस मामले में यवतमाल शहर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अबू सलेम की पैरोल की अर्जी पर HC ने मांगा जवाब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने 1993 बम ब्लास्ट केस में दोषी अबू सलेम के पैरोल के आवेदन पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के मद्देनजर 14 दिनों के लिए आपात पैरोल मांगी है। मंगलवार को सलेम का आवेदन जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस श्याम चांडक की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया। सलेम के भाई अबू हकीम की 14 नवंबर 2025 को मौत हो गई थी। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि शोक की अवधि तो काफी पहले खत्म हो गई थी। अब क्यों पैरोल के लिए आवेदन किया गया है।



इस बीच सरकारी वकील ने कहा कि उन्हें आवेदन पर जवाब देने के लिए समय दिया जाए। इस पर बेंच ने आवेदन पर सुनवाई एक हफ्ते तक के लिए स्थगित कर दी। दो दशक से जेल में बंद सलेम ने पहले जेल अधिकारियों से पैरोल देने का आग्रह किया था, लेकिन जेल अधिकारियों ने उसके आवेदन पर विचार नहीं किया। इसलिए उसने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। पैरोल कैदियों को मिलने वाली छुट्टी है।

### MPCB ने 4 RMC प्लांट किए बंद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई सहित आस-पास के क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (MPCB) ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 4 RMC प्लांट बंद किए हैं। अब तक की कार्रवाई में 1.89 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल गया है। बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्देशों के तहत अध्यक्ष सिद्धेश कदम के नेतृत्व और सदस्य सचिव एम. देवेंदर सिंह के मार्गदर्शन में गठित उड़नदस्तों ने बीते 8 दिन में 163 आरएमसी प्लांटों की जांच की। नवी मुंबई और भिवंडी स्थित 4 आरएमसी प्लांट बंद किए गए, जबकि 35 प्लांटों से 1.89 करोड़ रुपये का बैंक गारंटी जुर्माना वसूला गया। उड़नदस्तों ने 108 बड़े निर्माण प्रकल्पों का भी निरीक्षण किया, जिनमें से 2 पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिसंबर से अब तक 3.59 करोड़ दंड वसूला गया।

35 प्लांटों से वसूला गया 1.89 करोड़ रुपये जुर्माना


भारत सरकार / अंतरिक्ष विभाग
एलपीएससी - वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग
फोन.: 0471-256 7445, 7326 & 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in

ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मद-दर निविदाएं आमंत्रित हैं।
1. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमजी/सीएम/03/7115/सी/टीई-101/2025-26 दिनांक 05.01.2026 एल पी एस सी, वलियमला अतिथि निवास गेट के शौचालयों का नवीकरण कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹9.28 लाख)
2. ई-एनआईटी सं. एलपीएससी-वी/सीएमजी/सीएम/02/7060/सी/टीई-103/2025-26 दिनांक 05.01.2026 एल पी एस सी, वलियमला के टी ओ एम डी में लघु वाहन पार्किंग क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीट फर्श एवं कार पार्किंग सुविधा प्रदान करने का कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹13.24 लाख)

अनुरोध करने की अवधि : 07.01.2026, 17:30 बजे से 14.01.2026, 23:30 बजे तक

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत हिदायतें (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।
एसडी/- प्रधान, सीएमजी/एलपीएससी (वी)



मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
रिक्ति अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/पीई/01/2026 दिनांक 05.01.2026
मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा "प्रोजेक्ट इंजीनियर (MEP)" के IDA E1 स्केल में 02 पद को संविदा के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04.02.2026 तक है। अधिक जानकारी वेबसाइट https://mrvc.indianrailways.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।



पश्चिम रेलवे
स्क्रैप लॉट (ई-नीलामी)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, केरिज रिपेयर वर्कशॉप, लोअर परेल, मुंबई 400013, निविदा संख्या: Dy.CMM/PL/CP/OT, दिनांक: 01.01.2026, निविदा क्रमांक: 52256912 आमंत्रित करते हैं। संक्षिप्त विवरण: स्क्रैप (सामान्य) । निविदा मात्रा: 216 कुल मूल्य: 7519960.00 अंतिम तिथि: 04/02/26. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
0076
facebook.com/WesternRly



इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
INDIAN PORT RAIL & ROPEWAY CORPORATION LTD.
(A Company under Ministry of Ports, Shipping & Waterways, Government of India)
CIN No: U60300DL2015PLC282703 (An ISO 9001, 14001, 45001 & 37001 Certified Company)
SAGARMALA
कंसल्टेंसी भागीदारों के लिए आमंत्रण

| क्र. सं. | कार्य का नाम |
| --- | --- |
| 1. | ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो परियोजना के लिए आम परामर्शदाता की नियुक्ति। निविदा संख्या : T1-019/ परामर्श-05/2025 महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो परियोजना) कार्य में अनुमानित लागत: रु. 162.13 करोड़ ईएमडी राशि: रु. 1,20,00,000/- (एक करोड़ बीस लाख रुपये मात्र) |

स्थान : मुंबई
दिनांक : 06.01.2026



राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड
भर्ती संबंधी सूचना
राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्कों (एमएमएलपी), पोर्ट कनेक्टिविटी सड़कों, इंटर मॉडल स्टेशन, रोपवेज, सड़क किनारे सुविधाओं, ओएफसी बिछाने एवं अन्य संबंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है। अतः उल्लिखित पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या | स्थान |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | उप-प्रबंधक – रोपवेज | 02 | नई दिल्ली (प्रधान कार्यालय) |
| 2 | उप-प्रबंधक–एमएमएलपी एवं लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर | 02 | नई दिल्ली (प्रधान कार्यालय) |

विवरण एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया NHLML की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhlml.org/current-openings) पर करियर्स अनुभाग को देखें। अपना आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2026 है।
रसद के माध्यम से व्यवसाय को सुगम बनाते हुए




पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY
राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) संरचना के अंतर्गत ट्रस्टी बैंक (Trustee Bank) के चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण
पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) संरचना के अंतर्गत ट्रस्टी बैंक (Trustee Bank) के चयन हेतु पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है। ट्रस्टी बैंक, पीएफआरडीए द्वारा विनियमित योजनाओं के अंतर्गत निधियों के दैनिक बैंकिंग संचालन के लिए उत्तरदायी संस्था है।
इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी के लिए पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in देख सकती हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2026 है।
महाप्रबंधक
विनियम प्रक्रिया प्रबंधन – ट्रस्टी बैंक

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: dinesh.chakravarty Time: 01-06-2026 22:55 Color:




प्रार्थना सभा

॥ श्री हरि: ॥



श्री रामनिरंजनजी चौमाल
मलसीसर, झुंझुनू (राज.)
निवासी, हाल मुंबई
का देवलोकगमन
04 जनवरी 2026
को हो गया।

प्रार्थना सभा
गुरुवार, 8 जनवरी 2026,
दोपहर 4 से 6 बजे तक
स्थान: स्वामीनारायण मंदिर,
योगी नगर, अजमेरा ग्लोबल
स्कूल के सामने, बोरीवली (प.)

-: शोकाकुल परिवार :-
पत्नी : आनंदी चौमाल
पुत्र-पुत्र वधू :
रेनू-राजेश,
मधावा-अरविंद
बेटी-जमाई
रेखा-गिरिराजी शर्मा
पोते-पोतियां
कुमारमंगलम, अंश,
हर्षवर्धन, सतीश
दोहिता-दोहिती
एकता, शिल्पी, चित्रा शर्मा
एवं समस्त चौमाल परिवार
ससुराल पक्ष :
हिसारिया परिवार
(फतेहपुर शेखावाटी, सीकर)
Contact
9820449027 / 9322171569
Valet Parking Available


श्री कृष्णं शरणं मम:
।। श्री जी शरण ।।



श्री नरेंद्र प्रेमनारायण सोनी
का स्वर्गवास
सोमवार, दि.५-१-२०२६
को हो गया है।
प्रार्थना-सभा
बुधवार, दि. ७-१-२०२६
को सांय ५ से ६.३० बजे तक
लोहाना बालाश्रम हॉल,
मथुरादास एक्सटेंशन रोड,
अतुल टावर के पास,
कांदिवली (प), मुंबई
VALET PARKING AVAILABLE
शोकाकुल
माता-पिता:
रुकमा प्रेमनारायण सोनी
पत्नी : वीणा सोनी
भाई : अश्विन-श्वेता सोनी
ताऊ : श्रीनारायण चौकक
चाचा: ओमप्रकाश, घनश्याम,
महेश, रमेश, सुरेश, गिरधर
पुत्री-पुत्र: वृंदा, जश
भतिजा-भतीजी : रुचिर, दृष्टी
एवं समस्त सोनी परिवार
ससुराल पक्ष:
द्वारकाप्रसाद रामदेव भराड़िया
संपर्क 98672 89680
98203 48438
श्री कृष्णं शरणं मम:

आकस्मिक निधन


सर्व हितैषियों सज्जनों को सादर नम:



श्री गोविंद मित्तल
बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय श्री गोविंद मित्तल का दिनांक 4.1.2026 को स्वर्गवास हो गया है।
शोक सभा: बुधवार दिनांक 7 जनवरी 2026 को रखी गयी है।
स्थान: समाज का कमरा, गौर्ड कॉम्प्लेक्स, मिरा नगर, मिरा रोड
समय : शाम 4 से 5
शोकाकुल
पत्नी: श्रीमती सीता देवी
पुत्र एवं पुत्र वधू: अनुज-निधि, विशाल-मीनाक्षी
पौत्र एवं पौत्री: सुजलान-सहाना
भाभी: श्रीमती मीरा देवी
लघु भ्राता: प्रमोद अमित
भतीजे: मनीष-सौरभ-विकास
ससुराल पक्ष: सराते विपिन रमेश
बेटी-गौरव-नवीन-अमन-नमन
एवं समस्त मित्तल परिवार
संपर्क
9892680866 - 9967795338

मृत्यु की सूचना

शोक संदेश
हमारे पूजनीय




श्री रामावतारजी उपाध्याय
(सुपुत्र स्व.श्री बजरंगलालजी उपाध्याय) रामगढ़ शेखावटी
का देवलोक गमन
दि. ५ जनवरी २०२६
को प्रातः हो गया है।
प्रार्थना सभा:
दि. ८ जनवरी २०२६
सायंकाल ४ से ६ बजे तक
सत्यनारायण गोयनका
भवन, जे.बी.नगर,
पीसामल उद्यान के पास,
जे.बी.नगर/चकाला
मेट्रो स्टेशन, अंधेरी ईस्ट
मुम्बई- ५९
शोकाकुल:
श्यामलाल,
सुशील उपाध्याय (भ्राता),
राहुल, नवीन, विवेक,
आशीष, चिराग उपाध्याय।
✆ 97690 50638/ 9819172501

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

स्मृति सन्देश

IN LOVING MEMORY OF




Shri T. R. Malhotra
(13-3-1934 to 7-1-1989)
जो दिलों में रहते हैं
वे सदा अमर रहते हैं
याद आप की हम कैसे भूल पाएंगे
सोचा न था आप ऐसे छोड़ जाएंगे
आपके विचार हमारे आदर्श हैं
आपकी स्मृति हमारी पूंजी है
आपके बताए मार्ग का अनुकरण
ही हमारा लक्ष्य है।
आपकी सादर स्मृति में
Mrs. Renu Malhotra (Wife), Rohit, Kapil, Yogesh (Sons), Sarita, Priyaa, Divya (D-I-L), Devika-Shankar, Nitasha-Saurabh, Pranav-Prachi, Arsh, Deeksha, Dhriti (G-Children), Aveer, Avi (Great G-Children)

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

नौवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री. जेठमलजी संतोकचंदजी लुनिया (खिमेल)
(७.१.२०१७)
पिता जीवन है। शक्ति है। पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।
पिता की कमी को कोई पुरा नही कर सकता और
ईश्वर भी उनके आशीर्वों को काट नही सकता।
"आपका अशिर्वाद एवंम स्नेह सदैव बना रहे"
आपके स्मृती में :
धर्मपत्नी : स्व. चंद्रावती जेठमलजी लुनिया
पुत्र-पुत्रवधु : भरत-संगीता लुनिया, प्रविण-सुनिता लुनिया
पुत्री-पुत्री जमाई : ताराबाई ललीतजी सोलंकी,
हंसा ललीतजी लोढ़ा, भावना प्रकाशजी परमार
पौत्र-पौत्रवधु : मेहुल-हनी लुनिया, अखिल-नेहा लुनिया, आदित्य, शौर्य
पर-पौत्र : हेयान मेहुल लुनिया
एवंम समस्त लुनिया परिवार
SSB METAL WORKS
RADIUS PENS & BALL PEN



(23 दिसंबर 1933 - 5 जनवरी 2026)
अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री सत्यनारायणजी गट्टूलालजी बियानी
का सोमवार, दि. 5 जनवरी 2026 को वैकुण्ठवास हो गया है।
प्रार्थना सभा: बुधवार, दि. 7 जनवरी 2026 को शाम 5:00 से 6:30 बजे तक
स्थान: [illegible], अंधेरी (प), मुंबई-53
।। शोकाकुल परिवार ।।
धर्मपत्नी : गीता देवी
छोटा भाई-भाभी : स्व.राधेश्यामजी-उर्मिला, घनश्यामजी-पुष्पा
पुत्र-पुत्रवधु : विजयकुमार-निर्मला
पौत्र-पौत्रवधु : प्रतीक-पल्लवी
बेटी-जमाई : [illegible]
पोती-जमाई : हर्षली-सौमिल शाह
पड़पोती-पड़दोहिती : विराया - मैहर
एवंम् समस्त बियानी परिवार : [illegible]
ससुराल पक्ष : श्री दामोदरजी [illegible] और परिवार
संपर्क : विजय बियानी (9833471287) / प्रतीक बियानी (9833043332)

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad
Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE




# 'धर्मेंद्र जी की मासूमियत 89 साल में भी बरकरार थी'

**एकावली खन्ना ने भले अभिनय का सफर देर से शुरू किया, मगर कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में खुद को साबित किया। संजय मिश्रा और पंकज त्रिपाठी के साथ फिल्म अंग्रेजी में कहते हैं और मैच फिक्सिंग, दे दे प्यार दे 2 में नजर आईं एकावली इक्कीस से चर्चा में हैं। उनसे एक मुलाकात।**

Rekha.Khan@timesofindia.com

अपनी अभिनय यात्रा के बारे में वे कहती हैं, 'मैंने कोलकाता में 19 नैशनल अवॉर्ड विनिंग निर्देशकों के साथ काम किया है। मैंने इंटरनैशनल फिल्म में भी काम किया है। मेरा अभिनय का सफर मजेदार रहा।'

### नाटक देखने गई और पहला मौका मिला

एक्टिंग का मौका कैसे मिला पर उनका कहना है, 'मैं डिफ्लेट एक्टर हूं। मेरे पिता पंजाबी हैं और मेरी मां गोवा से हैं। मुझे अपना पहला मौका बांग्ला सिनेमा में ही मिला। यह लगभग 2006 की बात है। उस वक्त मेरा डिवोर्स हो रहा था और मैं मानसिक रूप से काफी डिस्टर्ब थी। जाहिर-सी बात है, डिवोर्स का अपना एक बोझ होता है। मेरे दो बेटे भी हैं और उस वक्त वे काफी छोटे थे, तो आसान नहीं था। उस वक्त मैं काफी लो फील कर रही थी। मैं एक नाटक देखने गई थी और वहीं से मुझे मेरी पहली शॉर्ट फिल्म करने का मौका मिला। और उस अंधेरे वक्त में मुझे एक उम्मीद की किरण मिली। फिर वो अंधेरा छंटता चला गया और अवसर मिलते गए। मेरी और आदिल हुसैन की नॉर्वेजियन फिल्म व्हॉट विल पीपल से 91 वें अकादमी अवॉर्ड्स में नॉर्वे की आधिकारिक एंट्री के रूप में भेजी गई थी।'




एकावली खन्ना

### सिंगल मदर होने के बावजूद गर्व है

सिंगल मदर की चुनौतियों पर उनका कहना है, 'किसी का भी जीवन आसान नहीं होता। सिंगल मदर के रूप में वे चैलेंजेस जरूर होते हैं, जो उनके पास नहीं होते, जिनके साथ पार्टनर होता है, मगर मेरा मानना है कि चुनौतियां तो हर मां को फेस करनी पड़ती है। एक मां के रूप में मैं काफी कन्ज्यूम हुई, लगातार मेहनत करनी पड़ी, मगर उससे मुझे बहुत संतुष्टि मिली और वो मेरे लिए काफी प्राउड रहा। एक तसल्ली मिलती मिलती है, अच्छा पैरंट बनने के बाद। मैं अपने बेटों के साथ काफी वक्त बिताती हूं। एडवेंचर स्पोर्ट्स हो या स्कूल की पढ़ाई, कोशिश करती हूं, उन्हें एक अच्छा अनुभव दे सकूं। मैंने अपने डिवोर्स की कड़वाहट उन तक कभी आने नहीं दी।'

### डोमेस्टिक वायलेंस को मुद्दा नहीं बनाया

अपनी शादी में एकावली डोमेस्टिक वायलेंस का शिकार भी रहीं। वे कहती हैं, 'मैं इस मुद्दे पर ज्यादा तवज्जो नहीं देती। मेरा मानना है कि कोई भी रिश्ता अगर टूटता है, तो उसमें अंत तक आ चुका होता है, मगर मैंने उसे मुद्दा बना कर जिंदगी को आगे नहीं बढ़ाया है। मुझे जो नहीं मिला, मैं उस दायरे में खुद को बांध कर कभी नहीं रखती। मेरा फोकस मैंने क्या-क्या पाया, उस पर रहता है। मेरे दो बेटे मेरे लिए सबसे बड़ी नियामत हैं। उनको पालना एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। मैंने अपने काम को सम्मानपूर्वक करते हुए मदरहुड को भी जिया है। मैं हमेशा अपनी जिंदगी की अच्छी चीजों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करती हूं।'



## तारीफ करने पर शरमा जाते थे धर्मेंद्र

फिल्म में धर्मेंद्र के साथ अपने काम का अनुभव शेयर करते हुए वे कहती हैं, 'धर्मेंद्र जी जैसा चार्मिंग अभिनेता मैंने आज तक नहीं देखा। उनसे मिलने का एक्साइटमेंट तो था ही, मगर उन्हें इतने करीब से जानने का मौका मिलेगा, यह मैंने कभी सोचा नहीं था। सेट पर उनके साथ बिताया हर पल यादगार रहा। सभी जानते हैं कि उन्हें पंजाबी में बात करना कितना पसंद है। मैं खुद पंजाबी हूं और जयदीप अहलावत हरियाणा से हैं। फिल्म में हमारे किरदारों की वजह से हम तीनों ने सेट पर काफी वक्त साथ बिताया और ज्यादातर बातचीत पंजाबी में ही होती थी। सेट पर धर्मेंद्र जी अपने करियर और जीवन से जुड़े कई किस्से सुनाते थे। उनकी सबसे खूबसूरत बात यह थी कि वे हर कहानी को प्यार, मिठास और मुस्कुराहट के साथ सुनाते थे। जब भी उन्हें कोई कॉम्प्लिमेंट मिलता, वे शरमा कर मुस्कुरा देते। 89 साल की उम्र में भी उनकी मासूमियत पूरी तरह बरकरार थी। किसी बड़े स्टार की तरह वैनिटी वैन में बैठे रहना उन्हें पसंद नहीं था। वे सेट पर सबके साथ घुल-मिलकर रहना पसंद करते थे। स्पॉट बॉय हो या को-स्टार, सभी के साथ उनका बर्ताव एक-सा और बेहद आत्मीय रहता था। वे लाइनमैन तक का खयाल रखते और अपने साथी कलाकारों की भी फिक्र करते थे। मुझे याद है, एक बार मेरी गाड़ी उनकी गाड़ी के पीछे खड़ी थी। अपनी गाड़ी में बैठने से पहले उन्होंने यह पूछना नहीं भूला कि मेरी गाड़ी आ गई है या नहीं। वे धर्मेंद्र हैं, उन्हें यह पूछने की कोई जरूरत नहीं थी, लेकिन ऐसी इंसानियत और अपनापन मैंने किसी और में नहीं देखा। सचमुच, वे हीरे सरीखे इंसान हैं।'

## रणवीर या रणबीर, दीपिका किसके साथ काम करना चाहती हैं!

दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने फैंस से रोमैंटिक-कॉमिडी जॉनर फिल्मों पर बात की। दरअसल उनसे पूछा गया था कि वह कब किसी रोमैंटिक कॉमिडी जॉनर में काम करेंगी? दीपिका ने इसके जवाब में कहा, 'मैं उम्मीद करती हूं कि जल्द ही ऐसा हो क्योंकि आप सभी को पता है कि यह मेरा फेवरिट जॉनर है, दर्शक के तौर पर भी और ऐक्टर के तौर पर भी।' हालांकि उन्होंने मौजूदा दौर को लेकर अपनी चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि जो माहौल चल रहा है, उसमें दर्शक कुछ और देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप सभी लोग रोम-कॉम देखना चाहते हैं तो जाहिर है कि बहुत सारे लोग रोम-कॉम देखना चाहते होंगे।'






इस जवाब के बाद जब ऑडियंस ने रणबीर कपूर-रितिक रोशन के नाम का चीयर किया तो उन्होंने कहा कि हम इस बारे में बात कर चुके हैं। ऐसे में जब होस्ट ने दीपिका के साथ रोम-कॉम में रणवीर सिंह का नाम लिया तो ऑडियंस ने सबसे ज्यादा चीयर किया। दीपिका ने रोम-कॉम फिल्मों पर कहा 'मैं और मेरी टीम लगातार लव स्टोरी और रोम-कॉम जैसी स्क्रिप्ट्स तलाशते रहते हैं, लेकिन इस वक्त बहुत कम प्रोड्यूसर इसे सपोर्ट कर रहे हैं।'

## प्रियंका चोपड़ा ने बताया नए साल का रेजॉल्यूशन

प्रियंका चोपड़ा ने नए साल 2026 का अपना रिजॉल्यूशन बताया है। उन्होंने कहा, 'अब मैं खुद के प्रति थोड़ा और दयालु होना चाहती हूं और अब तक के सफर के लिए खुद को शाबाशी देना जरूरी है।' नए साल पर अपने विचार साझा करते हुए प्रियंका ने कहा, 'जिंदगी में आगे बढ़ते रहना और धैर्य बनाए रखना सबसे अहम है।' उन्होंने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया जिसमें वह समुद्र तट पर टहलते हुए सूर्यास्त का आनंद लेती नजर आईं। विडियो में वह कह रही हैं, '2026 मुझे अब भी भविष्य जैसा लगता है, लेकिन मैं इसके लिए बेहद शुक्रगुजार हूं। बहुत तेज रफ्तार से लंबे वक्त तक दौड़ते रहने पर इंसान खुद को शाबाशी देना भूल जाता है, इसलिए अब मैं खुद के प्रति आभार महसूस कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा, 'टनल के उस पार हमेशा रोशनी होती है, बस आगे बढ़ते रहना जरूरी है।' विडियो के अंत में उन्होंने डूबते सूरज की झलक भी दिखाई।



## धोखाधड़ी केस में विक्रम भट्ट को जमानत नहीं



विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट की जमानत याचिका राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। करीब 40 करोड़ की धोखाधड़ी केस में कोर्ट ने कहा कि आरोप सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट विवाद नहीं है।

## मनोरंजन






भारतीय लड़कियां अब बहुत ज्यादा क्रिकेट खेलती है। ज्यादा मैच टीम को विकल्प तैयार करने का अवसर देते हैं। चोट की स्थिति में बैकअप खिलाड़ी मौजूद होते हैं। विमिंस टीम में ऐसा ग्रुप पिछले 10 साल में नहीं दिखा था। -इरफान पठान, पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर

**974** रन बनाए थे सर डॉन ब्रैडमैन ने साल 1930 में चौथी बार एशेज सीरीज के पांच टेस्ट मैचों में। यह एक एशेज सीरीज में किसी बैटर द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में कुल कितनी सेंचुरी बनाई है?
A) 40 B) 38 C) 37 D) 42
2. भारत की युवा प्लेयर अनाहत सिंह किस खेल से जुड़ी हुई है?
A) हॉकी B) स्क्वॉश C) बैडमिंटन D) शूटिंग

**कल के जवाब**
1. C) 41 2. D) मुंबई

**लकी WINNER**



1. अयान शर्मा, पश्चिम विहार, दिल्ली
2. हितेंद्र सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3. विजया आदित्य, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### फाइनल में पहुंची अनाहत

■ **नई दिल्ली:** भारत की अनाहत सिंह ने इजिप्ट की मलिका अल कराक्सी को हराकर ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। सत्रह वर्षीय अनाहत ने मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। लड़कों के अंडर-17 वर्ग में भारत के आर्यवीर दीवान सेमीफाइनल में हार गए।

### जम्मू-कश्मीर को खिताब

■ **सूरत:** जम्मू-कश्मीर की अंडर-16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल के तीसरे दिन मिजोरम को पारी और 182 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए बीसीसीआई के किसी टूर्नामेंट का पहला खिताब है। इस चार दिवसीय मैच में जम्मू-कश्मीर ने एक दिन शेष रहते जीत दर्ज की।

### आसाब, अनुष्का को गोल्ड

■ **नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के मोहम्मद आसाब और राजस्थान की अनुष्का सिंह भाटी ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला डबल ट्रैप स्पर्धाओं का खिताब जीता। आसाब ने चार दौर में 27, 25, 28 और 21 के स्कोर के साथ कुल 101 अंक हासिल करते हुए गोल्ड जीता। अनुष्का ने 77 अंकों (14, 18, 21, 24) के साथ स्वर्ण अपने नाम किया।

### पारदर्शिता की वकालत

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) ने निर्देश दिया है कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त खेल महासंघों और संघों से जुड़ी जानकारी को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर स्वतः सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

दो बैटर्स के शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाई बड़ी बढ़त

# स्मिथ ने बढ़ाया इंग्लैंड का 'हेडेक'

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
पांचवा टेस्ट, तीसरा दिन




■ **एजेंसियां, सिडनी:** ओपनर ट्रेविस हेड ने वर्तमान एशेज सीरीज में अपना तीसरा शतक लगाया। कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने भी सेंचुरी जड़ी। इन दो शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में सात विकेट पर 518* रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे।

**फॉर्म में की वापसी:** स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेब्स्टर 42* रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 81* रन जोड़े हैं।

द एशेज

**ख्वाजा के लिए तालियां:** हेड और स्मिथ के शतक पूरे होने पर दर्शकों ने जमकर उनके कसीदे कसे। हेड जब पविलियन लौट रहे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया, लेकिन वह उस्मान ख्वाजा थे जिनके लिए दर्शकों ने सबसे अधिक तालियां बजाईं। ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। ख्वाजा पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस मैच के बाद वह इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। पविलियन लौटते समय दर्शकों ने उनका भी खड़े होकर अभिवादन किया।

स्टीव स्मिथ ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड उनका घरेलू मैदान है और उन्हें यहां बैटिंग करना काफी पसंद है



**600** रन मौजूदा सीरीज की नौ इनिंग्स में बना चुके हैं हेड। इसमें 3 शतक शामिल हैं

**तेईस साल बाद:** हेड ने 105 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज सीरीज में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियन ओपनर बन गए। उन्होंने अपनी पारी में 24 फोर और एक सिक्स लगाया। हेड को 121 रन के निजी योग पर उस समय जीवनदान मिला जब विल जैक्स ने ब्रायडन कार्स की बॉलिंग पर उनका आसान कैच छोड़ा।

### एशेज में सर्वाधिक सेंचुरी

| | |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन, ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| स्टीव स्मिथ, ऑस्ट्रेलिया | 13 |
| जैक हॉब्स, इंग्लैंड | 12 |
| स्टीव वॉ, ऑस्ट्रेलिया | 10 |
| वैली हैमंड, इंग्लैंड | 9 |

**37** वां टेस्ट शतक बनाया स्मिथ ने। वह अपना 123वां टेस्ट खेल रहे हैं, 5वां टेस्ट शतक लगाया SCG पर

**ब्रीफ स्कोर**

**इंग्लैंड (पहली पारी):** 384 **ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी):** 518/7* (ट्रेविस हेड 163, स्टीव स्मिथ 129*, ब्यू वेब्स्टर 42*, ब्रायडन कार्स 3/108, बेन स्टोक्स 2/87)


**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### होम ग्राउंड पर जलवा

स्टीव स्मिथ मौजूदा एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचते ही उन्होंने लय पकड़ ली। मंगलवार को अपनी शतकीय पारी के बाद उन्होंने कहा भी कि यहां उन्हें बैटिंग करने में आनंद आता है। अपनी शतकीय पारी के दौरान स्टीव स्मिथ (3682* रन) एशेज सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में महान् डॉन ब्रैडमैन (5028 रन) के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। स्मिथ सिडनी में अपना 13वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। यहां उन्होंने 20 पारियों में 72+ ऐवरेज से 1225* रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 50+ की 12 पारियां खेली हैं।

# कलमाडी के योगदान को खेल जगत ने किया याद

**1996** से लेकर 2011 तक आईओए अध्यक्ष के रूप में काम किया सुरेश कलमाडी ने। वह देश की सर्वोच्च खेल संस्था का लंबे समय तक अध्यक्ष बने रहने वाले व्यक्तियों में से एक बने



सुरेश कलमाडी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस मुश्किल समय में शक्ति प्रदान करें। - अभिनव बिंद्रा, ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट शूटर

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** देश के खेल जगत ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कलमाडी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और इसे भारत में ओलिंपिक आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति बताया। दो दशकों से अधिक समय तक भारतीय खेल प्रशासन में प्रभावशाली हस्ती रहे 81 वर्षीय कलमाडी का मंगलवार तड़के पुणे के एक अस्पताल में निधन हो गया। आईओए की वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा ने एक्स पर लिखा, 'आईओए अध्यक्ष के रूप में मैं पूर्व आईओए अध्यक्ष सुरेश कलमाडी जी के निधन से बहुत दुखी हूं। वह लगभग दो दशक तक एएफआई के अध्यक्ष भी रहे, जहां उन्होंने भारत में ऐथलेटिक्स के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति।'

मौजूदा खेल प्रशासकों ने इसे देश में ओलिंपिक्स आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति करार दिया

**भनोट ने बताया व्यक्तिगत क्षति:** भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के पूर्व सचिव और कलमाडी के लंबे समय तक सहयोगी रहे ललित भनोट ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि भारतीय खेलों के विकास में कांग्रेस के पूर्व सांसद की भूमिका महत्वपूर्ण रही। हमारे प्रिय मित्र और खेल जगत के दिग्गज के अचानक निधन की खबर सुनकर गहरा सदमा लगा है। भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। वह लगभग दो दशकों तक एएफआई के अध्यक्ष रहे और उन्होंने खेलों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए। वह एक समर्पित खेल प्रशासक थे जो भारतीय खेलों में कई बदलाव लाए।

कलमाडी के साथ काम कर चुके आईओए के पूर्व महासचिव राजीव मेहता ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। मेहता ने कहा, 'कलमाडी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनका निधन भारतीय खेल जगत और भारत में ओलिंपिक आंदोलन के लिए बहुत बड़ी क्षति है।' भारतीय तलवारबाजी संघ के वर्तमान महासचिव मेहता ने कहा, 'मैं उनके परिवार, सहकर्मियों और खेल जगत से जुड़े सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और इस मुश्किल समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। भारतीय खेलों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाए।'

### सबसे ताकतवर खेल प्रशासक के रूप में उभरे

कलमाडी ने एशियन ऐथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया और वर्ल्ड ऐथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था आईएएएफ (अब वर्ल्ड एथलेटिक्स) की परिषद के सदस्य भी रहे, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सबसे शक्तिशाली खेल प्रशासकों में से एक बन गए। उनके कार्यकाल में भारत ने 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की जब निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने देश का पहला व्यक्तिगत ओलिंपिक्स गोल्ड मेडल जीता। नई दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# ISL 14 फरवरी से, सभी 14 क्लब खेलेंगे: मांडविया



अनिश्चितता खत्म

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल में पिछले कुछ समय से चल रही अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक साझेदार नहीं मिलने के कारण स्थगित हुई इंडियन सुपर लीग (ISL) 14 फरवरी से शुरू होगी। लीग में सभी 14 क्लब हिस्सा लेंगे। मांडविया ने AIFF (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) और ISL क्लबों के बीच यहां स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) हेड क्वॉर्टर पर हुई बैठक के बाद बताया, 'इंडियन सुपर लीग 14 फरवरी से होगी जिसमें सभी क्लब भाग लेंगे। आज सरकार, AIFF और सभी क्लबों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। पिछले कुछ समय में भारतीय फुटबॉल को लेकर अदालती विवाद के कारण ISL के आयोजन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी जिस पर अब विराम लग गया।'

### मुस्ताफिजुर को नहीं मिलेगा मुआवजा!

■ **पीटीआई, कोलकाता:** बांग्लादेश के फास्ट बोलर मुस्ताफिजुर रहमान को KKR के साथ अपने कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त करने में कोई भूमिका नहीं होने के बावजूद किसी भी प्रकार का वित्तीय मुआवजा मिलने की संभावना नहीं है। KKR ने मुस्ताफिजुर को ऑक्शन में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। BCCI ने अपने इस फैसले का कोई विशेष कारण नहीं बताया और केवल इतना कहा कि 'चारों तरफ घट रहे घटनाक्रमों' के कारण यह जरूरी हो गया था।



मुस्ताफिजुर

# मुंबई और दिल्ली पहुंचे क्वॉर्टर फाइनल में



श्रेयस अय्यर ने मुंबई की कप्तानी करते हुए हिमाचल के खिलाफ जड़ी फिफ्टी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने चोट से लंबे समय बाद वापसी करते हुए विजय हजारे में शानदार आगाज किया। कप्तान श्रेयस ने जयपुर में ग्रुप-सी मैच में मुंबई के लिए हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध उम्दा अर्धशतकीय लगाकर टीम की जीत की इमारत तैयार की और मुंबई ने नॉक आउट में प्रवेश किया।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

मुंबई ने श्रेयस (82 रन, 53 बॉल, 10 फोर, 3 सिक्स) के अलावा ओपनर मुशीर खान (73 रन, 51 बॉल, 8 फोर, 3 सिक्स) की की बदौलत खराब रोशनी के कारण ओवर्स कटौती के बीच 33 ओवर्स में 9 विकेट पर 299 रन बनाए। हिमाचल टीम 32.4 ओवर्स में 292 रन बनाकर लक्ष्य से थोड़ा दूर रही। वहीं, ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने रेलवे को अलूर में खेले गए एलीट ग्रुप-डी के मैच में छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने जीत की नींव रखी और टीम को छह मैचों में पांचवीं जीत दिलाई। टीम पर काबिज दिल्ली ने पांच साल में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। रेलवे को दिल्ली के आयुष बडोनी और नवदीप सैनी ने तीन-तीन विकेट लेकर 40.4 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया। दिल्ली ने ओपनर प्रियांश आर्या की धमाकेदार पारी (41 बॉल में 80 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) से 21.4 ओवर में चार विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

### हैदराबाद के अमन ने लगाई डबल सेंचुरी

■ **राजकोट:** हैदराबाद के बल्लेबाज अमन राव ने ग्रुप-बी के मैच में बंगाल के खिलाफ नॉट आउट डबल सेंचुरी (109 गेंदों पर 200* रन, 12 फोर, 8 सिक्स) ठोकी जिससे हैदराबाद ने पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में बंगाल टीम 44.4 ओवर्स में 245 रन पर सिमट गई और हैदराबाद ने 107 रनों से मैच जीता। इक्कीस वर्षीय खिलाड़ी अमन को आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था।

# 16% बढ़ाई ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि




वीनस विलियम्स

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अगले 18 जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में यह रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। आयोजकों ने मंगलवार को स्थानीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित की गई है। यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। विमिंस और सिंगल्स में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (2.8 मिलियन डॉलर) मिलेंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

टेनिस

### टाइगर्स और पाइपर्स के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

■ **एजेंसियां, रांची:** विमिंस हॉकी इंडिया लीग 2025-26 में मंगलवार को एसजी पाइपर्स ने गोलकीपर बंसरी सोलंकी के शानदार सेव और बैकलाइन की मजबूती से शानदार डिफेंस दिखाते हुए रेगुलर टाइम में श्राची बंगाल टाइगर्स के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला। हालांकि, उन्हें 6-7 से सडन-डेथ शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ श्राची बंगाल टाइगर्स ने फाइनल में जगह बना ली। यह मैच पाइपर्स के लिए महज औपचारिकता थी। यह टीम पहले ही फाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी थी। अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में दोनों टीमें फिर टकराएंगी।



विमिंस हॉकी इंडिया लीग

सडेन डेथ में बंगाल जीती

### लक्ष्य दूसरे राउंड में, मालविका बाहर

मलयेशिया ओपन बैडमिंटन

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को कड़े मुकाबले में हराकर मलयेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाकर नए सीजन की शानदार शुरुआत की। सेन ने तेह को 70 मिनट में 21-16, 15-21, 21-14 से हराया। मालविका बंसोड को विमिंस सिंगल्स में हालांकि पहले राउंड में थाईलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रत्चानोक इंतानोन से 11-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।



लक्ष्य सेन

# एशले ने टीम इंडिया को सराहा




एशले गार्डनर

■ **एजेंसियां, मुंबई:** एशले गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया इस समय विमिंस क्रिकेट में बेस्ट टीम है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दशक में वनडे वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम को हराना काफी मुश्किल होगा। पिछले साल विमिंस वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारी ऑस्ट्रेलियन टीम का हिस्सा रही गार्डनर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की टीम के प्रदर्शन में जबर्दस्त सुधार आया है। विमिंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स के लिए खेलने जा रही गार्डनर ने कहा, 'भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलियन होने के नाते मैं इससे भयभीत हूं, लेकिन यहां खेल का तेजी से विकास देखकर अच्छा लग रहा है।'

क्रिकेट कनेक्ट

**दूसरे पर खिसकी दीप्ति**

**दुबई:** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद आईसीसी विमिंस टी20 की नवीनतम रैंकिंग में बैटर्स की लिस्ट में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार हैं। दीप्ति शर्मा बोलर्स रैंकिंग में शीर्ष स्थान से दूसरे पर आ गई हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr)
कार्यक्षेत्र में परिवर्तन आने से आप कभी भी घबराते नहीं हैं, लेकिन आज शासन अथवा व्यवस्था की तरफ से कुछ ऐसे बदलाव आ रहे हैं जिसमें आपकी हिम्मत जवाब दे रही है। किसी प्रकार के कानूनी विवाद में आज के दिन फंसना ठीक नहीं। आप अपने व्यवहार से हालात को काबू में रख पाएंगे।

**TARUS** (20 Apr - 19 May)
आप हमेशा ही दूसरों के भरोसे बैठकर अपने लिए भी कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं। किसी दूसरे की मेहनत पर स्वयं लाभ उठा लेना बहुत दिनों तक जारी नहीं रहेगा। एक न एक दिन आपको अपने लिए भी परिश्रम करना पड़ेगा। अगर अपनी आदतों में जल्द बदलाव नहीं लाएंगे, तो कष्ट हो सकते हैं।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun)
आज दिन के पहले हिस्से में थोड़ा-बहुत धन लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा या बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों के साथ व्यतीत होने का हर्ष होगा।

**CANCER** (22 Jun - 22 July)
आपको दूसरों की सहायता करना अच्छा लगता है और इसके लिए आप हमेशा तैयार भी रहते हैं। हो सकता है आज के दिन आपको किसी की मदद करने को मिले। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में हैं, जो आपके काम आ सकता है, तो बहुत अच्छी बात है। वैसे भी इन दिनों आपके लिए कई मौके निकल रहे हैं, जिनका फायदा उठाया जा सकता है।

**LEO** (23 July - 22 Aug)
आपके प्रयास अब रंग ला रहे हैं। इसी तरह मेहनत करते रहेंगे तो जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेगी। आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अपने से छोटे कर्मचारियों के प्रति आपका व्यवहार उदारतापूर्ण होगा और उनकी सभी गलतियों को भी आप माफ कर देने में सक्षम रहेंगे।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep)
अपने मित्रों और प्रियजनों के खातिर आप कुछ ज्यादा ही विचित्र हो जाते हैं। अपने काम को छोड़कर भी आप दूसरों के साथ उनके फालतू समय में शरीक होकर अपना कीमती समय बर्बाद कर लेते हैं। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कार्यक्षेत्र में स्थितियां आपके अनुकूल हो रही हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct)
आपको अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कभी-कभी अपने बल पर भी किसी काम को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। हो सकता है सही समय पर काम की शुरुआत करने से आपकी सफलता और तनाव अपने आप ही घट जाए। बेहतर होगा अगर आप अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। सायंकाल तक स्थिति में सुधार होगा।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov)
आज कुछ भावनात्मक प्रसंग आपके सामने आएंगे। आपकी उदारता कहीं-कहीं पर आपके लिए ही भारी पड़ जाती है। बेहतर होगा आप आज के दिन कोई भी फैसला भावनाओं से प्रभावित होकर न लें। निवेश के मामलों में जोखिम उठाने से पहले एक बार घर पर किसी से चर्चा कर लें।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec)
उछले समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी और अपने का समय आराम करने का उत्साह रहेगा। इसके बाद यह भी एक अच्छा सौभाग्य होगा कि कहीं पर आपका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan)
आज आप कई प्रकार की उलझनों में व्यस्त रहेंगे। एक ओर अपने बिजनस के लिए कोई उपहार खरीदने की जल्दबाजी रहेगी, तो दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का दबाव ज्यादा रहेगा। सही उम्र पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे उम्र पर आपको अपनी सूझबूझ ही काम आएगी।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb)
अपने मंजिल पर पहुंचकर भी आप अपने आपको बहुत पीछे महसूस करते हैं। पूरा फासला तय करने में अभी एक आखिरी दौड़ और लगानी है। अगर अभी आपके हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत फीकी होगी। सायंकाल का समय परिवार के साथ मेलमिलाप करने में बिताएंगे।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar)
काफी समय से आप किसी संत-महात्मा या दार्शनिक विचारों पर बहुत अच्छी तरह गौर कर रहे हैं। किसी काम के बिगड़ने की आपको खीज नहीं होती बल्कि आप उल्टा शांत और गंभीर नजर आते हैं। हो सकता है यह आपके बढ़ती के स्वभाव बदलाव भी हो रहा है। आज के दिन भी किसी जरूरतमंद की मदद कर सकें, तो शुभ होगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

मिथुन राशि का बृहस्पति और मीन का शनि आपके मूल अंक के स्वामी बन रहे हैं। इस वर्ष शक्तिशाली और साधिकारी ऐश्वर्यकारी प्रधान ग्रह मुख आपके वर्ष भर की सफलता बना रहे हैं। इस ग्रह योग के चलते आपकी आगामी वर्ष उत्तम प्रभाव देने वाला सिद्ध होगा। जनवरी अंत तक कामकाज का अच्छा सिलसिला आपके लिए शुरू हो जाएगा। आयात-निर्यात के क्षेत्र में शामिल लोगों को लाभ होगा। इस वर्ष फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक आपका स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। इस दौरान अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें, अन्यथा आगे चलकर सेहत संबंधी कष्ट उत्पन्न होंगे। यह समय अप्रैल के अंत तक खत्म होगा। मई-जून के समय जहां आप यथोचित लाभ से लाभान्वित होंगे, वहीं वाहन या आवास सुख में भी पुनः वृद्धि होगी। जुलाई से लेकर अगस्त के महीने के अंत तक आजीविका के क्षेत्र में पदोन्नति कारक ग्रह है। सितंबर-अक्टूबर का समय बहुत ही अनुकूल व्यतीत होगा, इसमें जोखिम उठाने से लाभ ही सकता है। नवंबर-दिसंबर महिलाओं के लिए दाम्पत्य जीवन में असंतुष्टि कारक रहेगा। जनवरी 2027 में विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही वांछित सफलता प्राप्त हो जाएगी।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 8 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 19, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, षष्ठी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 25, रजब 18, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 8 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 6 बजकर 6 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र मध्याह्न 12 बजकर 24 मिनट तक उपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग सायंकाल 5 बजकर 26 मिनट तक उपरांत शोभन योग का आरंभ। चंद्रमा सायं 6 बजकर 39 मिनट तक सिंह उपरांत कन्या राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-कन्ननूल 11 बजकर 57 मिनट तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 7 | | | | 4 |
| 1 | 7 | | | | | 8 | 2 | |
| 2 | | | | 9 | 5 | | 1 | |
| | | 6 | 9 | 4 | | | | |
| | | | 6 | | 7 | | | |
| | | | | 2 | 3 | 7 | | |
| | 4 | | 5 | 3 | | | | 2 |
| | 5 | 2 | | | | | 9 | 3 |
| 9 | | | | 8 | | 6 | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 | बब्लू डब्लू |
| 10:00 | बदकूह बूढकक |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 12:30 | हम पांच |
| 13:00 | रुद्र के रक्षक |
| 13:30 | भ से भड़े |
| 14:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 15:00 | लिटिल कृष्णा |
| 17:00 | बब्लू डब्लू |
| 19:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in